दैनिक **नवप्रदेश** — आदित्यवर्णं तमसः परस्तात् — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 10 | राजनीतिक सरगर्मी 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 24 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 175 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

बीजेपी ने हड़बड़ी में की गडबड़ी, आरएसएस को आपत्ति, बदलेंगे दो प्रत्याशी

■ **21 प्रत्याशियों की पहली सूची में दो पर आरएसएस को आपत्ति**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बीजेपी ने आनन-फ ानन में उम्मीदवारों की पहली लिस्ट तो जारी कर दी, लेकिन अब दो विधानसभा सीट पर आरएसएस की नजरें टेढ़ी हो गई है। पहले से ही संघ के अनुसार छत्तीसगढ़ की दो विधानसभा राजिम और लुंड्रा फंस गई है। ऐसे में इन दोनों विधानसभा सीटों पर बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा मंजूरी के बाद घोषित प्रत्याशियों के नामों पर अड़ंगा भी लग सकता है। बता दें कि पार्टी ने राजिम विधानसभा से रोहित साहू और लुंड्रा से बीजेपी ने प्रभोज मिंज को प्रत्याशी घोषित किया है। इसमें बीजेपी प्रत्याशी मिंज कन्वर्टेड क्रिश्चियन हैं। और पूर्व में बीजेपी से अंबिकापुर के महापौर रह चुके हैं। दरअसल भाजपा धर्मांतरित ईसाइयों का

आरक्षण समाप्त करने की मुहिम की पक्षधर है और इधर आरएसएस के अंदरखाने खबर हैं कि बिना भरोसे में लिए टिकट

दे दी गई है। इसी तरह संघ सूत्रों की मानें तो राजिम यूं तो साहू बहुल क्षेत्र है फिर भी यहां ब्राम्हण प्रत्याशी ही ज्यादातर जीते हैं। रोहित की जोगी परिवार से नजदीकी भी चंगाई सभा कि ओर इशारा कर रही है। राजिम से बीजेपी प्रत्याशी को लेकर संघ की अन्य आपत्तियां भी है। जिसमें रोहित साहू पहले कांग्रेस, फि र जोगी कांग्रेस में रहे और अब वो बीजेपी में हैं। बीजेपी में आते ही उन्हें पहली ही बार में प्रत्याशी घोषित करने से आरएसएस खफा है। पुष्ट सूत्रों के अनुसार उन्होंने अपने जीवन में भाजपा को वोट नहीं दिया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीते शुक्रवार को हुई मैराथन बैठक

इन्हीं मसलों को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय में जागृति मंडल गोविंद नगर रायपुर छत्तीसगढ़ में भाजपा नेताओं की मैराथन बैठक बीते शुक्रवार को हुई जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री और छत्तीसगढ़ संगठन के प्रभारी शिव प्रकाश, प्रदेश भाजपा प्रभारी ओमप्रकाश माथुर छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री भाजपा अजय जमवाल प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद अरुण साव प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी नितिन नवीन के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक दीपक एवं छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक प्रेम सिंह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

21 में पांच महिला उम्मीदवार

बीजेपी की पहली लिस्ट में 21 में से 5 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें सरला कोसरिया, अलका चंद्राकर, गीता घासी साहू, लक्ष्मी राजवाड़े, शकुंतला सिंह पोर्थे शामिल हैं। बीजेपी ने जिन उम्मीदवारों की सूची जारी की है, उसमें 10 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इसमें दो सीटें प्रतापपुर (एसटी) और सरायपाली (एसटी) सीटों पर महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। प्रतापपुर(एसटी)सीट पर शकुंतला सिंह पोर्थे चुनाव लड़ेंगी, जबकि सरायपाली (एसटी) सीट पर सरला कोसरिया हैं।

आज बेबाक

संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक सर्वसम्मति से पारित होने के बाद इसे तत्काल लागू करने की मांग उठ रही है। जो संभव नहीं है। अलबत्ता यह हो सकता है कि जो राजनीतिक पार्टियां खुद को महिला आरक्षण की सबसे बड़ी हिमायती साबित कर रही है वे इसी बार होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिषत टिकट महिलाओं को दे दें। इसके लिए महिला आरक्षण के लागू होने का इंतजार ना करें। कल करे सो आज कर, आज करें सो अब।

राजस्थान में केंद्र पर बरसे राहुल

जयपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को राजस्थान में कार्यकर्ता सम्मलेन को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने जयपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ नए कांग्रेस कार्यालय की आधारशिला भी रखी। केंद्र को निशाने पर लेते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पहले, वे (केंद्र सरकार) महिला आरक्षण के बारे में बात नहीं कर रहे थे। उन्होंने भारत या इंडिया नाम के विवाद पर चर्चा के लिए एक विशेष सत्र की घोषणा की थी, लेकिन जब उन्होंने देखा कि इस मुद्दे पर लोग सहमत नहीं हुए तो वे घबरा गए। क्योंकि विशेष सत्र की घोषणा पहले ही कर दी गई थी। इसलिए वे महिला आरक्षण विधेयक लाए। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हमने विधेयक का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कहा बब्बर शेर

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ये कार्यकर्ताओं का सम्मेलन है, दूर-दूर से लोग आए हैं। जैसे राजस्थान में रणथंभौर है और वहां एक शेर को देखने में कई घंटे लग जाते हैं। वो शेर भी एक झलक दिखा के भाग जाता है. मैंने पहली बार देखा है, यहां हजारों बब्बर शेर एक साथ बैठे हुए हैं। नफरत का बाजार नहीं है, मोहब्बत की दुकान है।

छात्रा के साथ स्कूटी की सवारी

जयपुर दौरे पर राहुल गांधी स्कूटी पर सवार होकर निकले। राहुल गांधी एक छात्रा के साथ स्कूटी पर पीछे बैठकर जयपुर की सैर की। राहुल गांधी जयपुर में महारानी कॉलेज के छात्राओं के साथ स्कूटी पर बैठकर पहुंचे सभा स्थल पर पहुंचे। सोशल मीडिया में राहुल गांधी की स्कूटी की सवारी वाला वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है। राहुल गांधी जयपुर में महारानी कॉलेज से छात्रा के साथ स्कूटी पर सवार होकर मानसरोवर के हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड (शिप्रा पथ) में जनसभा स्थल पहुंचे।

वाराणसी में विपक्ष पर मोदी का वार बोले- अब आपसे डर रहीं पार्टियां

वाराणसी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को यूपी के वाराणसी दौरे पर रहे। यहां गंजारी में जनसभा के बाद वह संपूर्णानंद स्टेडियम और रुद्राक्ष सेंटर पहुंचे। संपूर्णानंद स्टेडियम में नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। महिलाओं से बात करते हुए कहा, आप नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ही लीजिए। तीन दशकों से यह कानून लटका था। यह आपकी ही ताकत है कि संसद के दोनों सदनों में ऐसी-ऐसी पार्टियों को इसके समर्थन में आना पड़ा, जो पहले विरोध करते नहीं थकते थे। आप माता-बहनें जागरूक और एकजुट बनी है। यही वजह है कि हिंदुस्तान की सभी राजनीतिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खेल से लेकर राफेल तक उड़ा रहीं महिलाएं

पीएम मोदी ने कहा, ''हमारा देश शुरू से पुरुष प्रधान रहा है। लेकिन जब से हमारी सरकार बनी है। खेल के मैदान से लेकर राफेल उड़ाने तक महिलाओं को अपनी प्रतिमा दिखाने का मौका मिला है। हमने मुद्रा योजना शुरू की। इसका सबसे ज्यादा फायदा महिलाओं को मिला। जितने भी छोटे-बड़े उद्योग जो बंद होने थे, उन्हें फिर से गति मिली है। महिलाएं आज देश की तरक्की में भगीदारी निभा रही हैं। वे अपने हुनर से अपने इलाके में पहचान बना रही है।''

शव यात्रा निकाल रहे भाजयुमो कार्यकर्ता और पुलिसकर्मी भिड़े

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) में लगातार हो रही अनियमितता के विरोध में शनिवार को बिलासपुर में भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार और लोक सेवा आयोग की शव यात्रा निकालने की तैयारी की थी। लेकिन, शव यात्रा निकालने के पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिसके चलते जमकर बवाल हुआ।

सीजी पीएससी 2021 में हुई नियुक्ति के खिलाफ हाईकोर्ट की

सख्ती और भर्तियों में सवाल उठाने के बाद भाजपा एक बार फि र राज्य सरकार और लोक सेवा आयोग के खिलाफ हमलावर हो गई है। रायपुर में भाजपा नेताओं ने सीजी पीएससी 2021 के साथ ही 2019-2020 की भी सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। वहीं, आयोग के चैयरमैन रहे टामन सिंह सोनवानी और परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी कर रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में दोपहर ढाई बजे से ही इकट्ठा होने लगे थे। लेकिन, इस दौरान युवाओं की भीड़ कम थी। इस दौरान पुलिस ने उन्हें शव यात्रा निकालने से मना कर दिया और गिरफ्तार करने की चेतावनी दी। इस बीच 3.30 बजे पदाधिकारी व कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए निकले। जैसे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज देश को मिलेगी नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 11 राज्यों के विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी वे - उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस,

हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा - चेन्नई (बारास्ता रेनिगुंटा) वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस तथा जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस हैं। ये नौ ट्रेनें ग्यारह राज्यों - राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी के साथ साथ पर्यटन को बढ़ावा देंगी। ये वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज़ ट्रेन होंगी और यात्रियों का काफी समय बचाने में मदद करेंगी। मार्ग पर वर्तमान सबसे तेज़ ट्रेन की तुलना में, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे तेज़ होंगी।

अब पीएम मोदी पर कांग्रेस नेता के बिगड़े बोल

चंडीगढ़ (एजेंसी)। बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी की ओर से बीएसपी सांसद दानिश अली के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान चर्चा में आ गए हैं। उदयभान ने पीएम मोदी के साथ-साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की है। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से यह टिप्पणी शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान की गई। दरअसल, उदय भान शनिवार को

यमुनानगर में कांग्रेस के सीनियर नेता राजन शर्मा के निवास पर गए थे। जहां वो इंडियन नेशनल लोक दल के विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल होने पर अपनी बात रख रहे थे, इस दौरान ही उन्होंने पीएम मोदी और हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी कर दी। देखते ही देखते उदयभान का वो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद अब बीजेपी ने हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधा है। बीजेपी आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय ने वीडियो शेयर करते हुए कहा है, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान अपने चरित्र का परिचय दे रहे हैं। क्यों सोनिया गांधी के लिए भी इनके ऐसे ही विचार हैं? एक बार फिर से यह साफ हो चुका है कि देश के प्रधानमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी की हुई पहली बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा। दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितंबर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं। भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों।

मणिपुर में एक संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

इंफाल (एजेंसी)। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उनका दावा है कि आरोपी म्यांमार स्थित टेरर ग्रुप का सदस्य है। वो मणिपुर में हो रही जातिया हिंसा का इस्तेमाल देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए करने की प्लानिंग कर रहा था। एनआईए ने बताया कि आरोपी की पहचान मोइरांगथेम आनंद सिंह के रूप में हुई है। उसे पूछताछ के लिए नई दिल्ली लाया गया है। वो उन पांच लोगों में से एक है जिन्हें मणिपुर पुलिस ने उनके गोदाम से लूटे गए हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एनआईए ने 19 जुलाई को नई दिल्ली में खुद ही संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन्हें जांच से पता चला था कि साजिश को आगे बढ़ाने के लिए वो सुरक्षा बलों पर हमले करने के लिए अपनी ताकत बढ़ा रहा है। वो कैडरों और समर्थकों की भर्ती कर रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि वो गैरकानूनी तरीकों से हथियार, गोला-बारूद और विस्फ ोटक इकट्ठा कर रहा था, जिसमें सरकारी सुविधाओं और संसाधनों की लूट भी शामिल थी। फिलहाल उसे दिल्ली लाए जाने के बाद ज्यूडिशियल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। मणिपुर में शनिवार 23 सितंबर को इंटरनेट से बैन हटा दिया गया है। यह बात सीएम एन बीरेन सिंह ने कही। इसके पहले 25 जुलाई को ब्रॉडबैंड सेवाएं सशर्त बहाल की गई थीं।

गरमा-गरम

पुलिस को सफलता... छत्तीसगढ़ के महासमुंद पुलिस ने तस्करों को पकड़ा, चोरी कर ले जा रहे थे इंदौर

2.50 करोड़ रुपए कीमत की प्राचीन प्रतिमाओं के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस ने अंतरर्राज्जीय मूर्ति तस्कर गिरोह का भंडाभोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से बौद्ध धर्म के देवता अवलोकितेश्वर पद्मपाणी की 10-11वीं सदी की प्राचीन मूर्ति भी बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक बरामद की गई इन मूर्तियों की कीमत 2 करोड़ 50 लाख रुपए बताई जा रही है। तस्कर ओडिशा के जिला अंगूल के क्षेत्र के मंदिर से मूर्ति को चुराकर ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं एक फरार आरोपित की पतासाजी पुलिस कर रही है। जब्त मूर्तियों को कला एवं पुरातत्व की दृष्टी से पुरातत्व विभाग ने महत्वपूर्ण माना है। जानकारी के अनुसार शनिवार को सिंघोडा पुलिस छत्तीसगढ़-ओड़िसा बार्डर के चेक पोस्ट रेहटीखोल पर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी, तभी ओडिशा के बरगढ़ की तरफसे एक सफेद रंग की कार छत्तीसगढ़ की ओर आते हुए दिखाई दी। पुलिस को देख वाहन को चेक पोस्ट से पहले छोड़कर भागने लगे। जिसे पुलिस की टीम द्वारा घेराबंदी कर तीन लोगों

को पकड़ा लेकिन एक फरार होने मे कामयाब हो गया। पकड़े गये तस्कर मध्यप्रदेश के इंदौर के रहने वाले हैं। पुलिस की पूछताछ में तीनों के द्वारा गोलमोल दिए जाने पर संदेह के आधार पर वाहन की तलाशी ली तो कार की डिक्की से दो नग छोटी, बड़ी मूर्ति बरामद हुई।

10वीं-11वीं शताब्दी की मूर्तियां

पुलिस ने आरोपितों के पास से दोनों मूर्ति को जब्त कर पुरातत्व विभाग, रायपुर को सूचना दी। पुरातत्व विभाग के द्वारा यह मूर्ति 10वीं-11वीं सदी की प्रतीत होना एवं पद्मपाणी प्रतिमा (बौध्द धर्म से संबंधित मूर्ति) होना बताया। पुलिस के अनुसार बड़ी मूर्ति की ऊंचाई 49 सेमी ,चौडाई 34 सेमी, मोटाई 13 सेमी और छोटी मूर्ति की ऊंचाई 10 सेमी, चौडाई 09 सेमी, मोटाई 06 सेमी है। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग ढाई करोड रूपये है।

मंदिर से मूर्तियों की चोरी

जब पुलिस ने मूर्तियां बाहर निकालकर देखा तो प्राचीनकालीन लग रही थी। जिसके संबंध में पूछताछ करने पर उक्त व्यक्तियों ने बताया कि वे 18 सितंबर को इंदौर से ओडिशा जाने के लिए निकले थे। 21 सितंबर को जिला अंगूल ओडिशा के 60-70 किमी आगे पहुंचे जहां पर एक मंदिर था उक्त मंदिर में स्थापित छोटा, बड़ा दो नग मूर्ति को चोरी कर कार के डिक्की में रखकर वापस इंदौर, मध्य प्रदेश जा रहे थे।

बिहार में एक और पुल धंसा, तेज बहाव में सात खंभो ने जगह छोड़ी

जमुई। जमुई में बरनार नदी पर बना सोने-चुरहेत काजवे पुल अचानक धंस गया। पानी की तेज बहाव के कारण पुल का तीन से दस नंबर पिलर (खंभा) क्षतिग्रस्त होकर धंस गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुल धंसने की खबर से सुन इलाके के लोग यहां पहुंचे। इसके बाद प्रशासन को जानकारी दी। प्रशासन फौरन पहुंची और आवागमन पर रोक लगा दिया। फिलहाल पुल के दोनों छोर पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। आवागमन ठप होने के कारण कई गांव के लोगों का शहर से संपर्क टूट गया है।

प्रशासन ने परिचालन पर पूरी तरह से लगा दिया रोक

प्रशासन के अनुसार, लगातार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर उफान पर है। पानी की तेज बहाव के कारण पुल धंस गया। यह पुल सोनो प्रखंड मुख्यालय को पश्चिम क्षेत्र से जोड़ती है। इससे आसपास के कई गांव का संपर्क टूट गया। वही पुल धंसने ने की सूचना पर स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंची और एहतियात बरतते हुए सोनो चुरहेत काजवे मार्ग पर परिचालन को पूरी तरह रोक दिया गया। पुल के दोनों और बेरिकेडिंग कर दी गई है।

प्रशासन का कहना है कि पुल की मरम्मती का काम जल्द से जल्द करवाया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यालय जाने के लिए इसी पुल का उपयोग करते थे

स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुवार से मूसलाधार बारिश हो रही है। पानी के तेज बहाव के कारण बरनार नदी पर बना सोनो चुरहेत काजवे पुल का तीन से 10 पिलर नदी में धंस गया है। सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी राजेश कुमार, थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार व एसआई विपिन कुमार पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचे। इन्होंने क्षतिग्रस्त काजवे पुल का मुआयना किया। इसके बाद पुल पर परिचालन पूरी तरह बंद कर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस पुल से कई गांवों के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। काजवे, चुरहेत समेत अन्य गांवों के लोग प्रखंड मुख्यालय आने-जाने के लिए इसी पुल का उपयोग करते है। कई छोटे और बड़े वाहनों का भी परिचालन लगा रहता है। लेकिन पुल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यहां के ग्रामीणों को अब काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

न्यूज गैलरी

पाकिस्तानी पत्रकार पर भड़काऊ वीडियो-फोटो साझा कर जनता को डराने का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खिलाफ लिखने वाले एक पत्रकार को दो दिनों के लिए अदालत ने हिरासत में भेज दिया है। पत्रकार के लिए पाकिस्तानी संस्थाओं के खिलाफ कथित रूप से भड़काऊ कहानी लिखने का आरोप है। पाकिस्तानी चैनल के खालिद जमील को गुरुवार को एफआइए ने गिरफ्तार किया था। एफआईए ने आरोपी के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा है कि जमील ट्विटर पर डराने वाले फोटो-वीडियो और ट्वीट पोस्ट करता था। आरोपी गलत और भ्रामक जानकारियां साझा करता था। वह जान-बूझकर गलत व्याख्या करता था और राज्य विरोधी लेख लिखता था, जिससे नागरिकों में डर पैदा होता था।

आंध्र प्रदेश में बिजली का झटका लगने से तीन की मौत

काकीनाडा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को बिजली का झटका लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब वे गांडेपल्ली मंडल के उप्पलापाडु गांव में एक खेत में पंप सेट की मरम्मत कर रहे थे। पानी की पाइपलाइन बिजली के तार के संपर्क में आ गई, जिससे यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान बोदिरेड्डी सुरीबाबू (35), किलिनाडु (40) और गल्ला बॉबी (24) के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आगे की जांच जारी है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जयपुर पहुंचे, सीएम गहलोत ने उनका स्वागत किया

जयपुर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जयपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी के अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। राहुल जयपुर में भव्य रैली करेंगे। राज्य में शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण है। यह माहौल बना रहे यही कांग्रेस नेता राहुल गांधी का संदेश है। इसी संदेश को लेकर नफरत मिटाने, भाईचारा कायम रखे का संदेश लेकर वह बार फिर आज राजधानी जयपुर में सभा को संबोधित करेंगे। इसमें जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे।

इंदौर में चलती बाइक पर सांप ने युवक को काटा, युवक की हुई मौत

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में बाइक पर हाथ में पकड़ कर ले जा रहे सांप ने युवक को काट लिया। इसके बाद युवक गिरने का बाद उठ नहीं सका। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया है कि यह वाक्या महू के तेलीखेड़ा गांव का है, जहां एक युवक गौशाला घाट के पास से सांप को पकड़ कर ला रहा था, इसी दौरान उसे सांप ने काट (डस) लिया। इसके बाद वह मौके पर गिर गया और फिर उठ नहीं सका। इसके बाद तत्काल युवक को अस्पताल लेकर जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे से जो फुटेज सामने आए हैं वह पूरे घटनाक्रम को बयां कर रहे हैं। जिसमें एक व्यक्ति हाथ में सांप को पड़े हुए है। इसी दौरान वह बाइक से गिरता है और फिर उठता नहीं।

मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल संबद्धता के लिए अब 9 अक्टूबर तक कर सकेंगे आवेदन

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सैकेंडरी/सीनियर सैकेंडरी/गुरुकुल/विद्यापीठ परीक्षा शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों से सम्बद्धता आवेदन-पत्र व शुल्क गेटवे पेमेंट के माध्यम से जमा करवाने की अंतिम तिथियां बिना विलम्ब शुल्क के 25 सितम्बर से 9 अक्तूबर एवं विलम्ब शुल्क 5000 रुपए सहित 10 अक्तूबर से 19 अक्तूबर, 2023 तक निर्धारित की गई हैं। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय जो पहले से ही शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त हैं, उन द्वारा सम्बद्धता निरन्तरता शुल्क 2000 रुपए शुल्क जमा करवाना होगा। उन्होंने आगे बताया कि नई सम्बद्धता/अपग्रेड हेतु 20000 रुपए शुल्क जमा करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि गुरुकुल/विद्यापीठों द्वारा निरन्तरता शुल्क 8000 रुपए शुल्क जमा करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि राजकीय विद्यालयों द्वारा केवल सम्बद्धता फॉर्म के अनुसार वांछित दस्तावेज अपलोड किये जाने आवश्यक है, उन द्वारा सम्बद्धता शुल्क जमा नहीं करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि यदि राजकीय/अराजकीय विद्यालय/गुरुकुल/विद्यापीठ निर्धारित तिथि 9 अक्टूबर तक सम्बद्धता संबंधी दस्तावेज अपलोड नहीं करते हैं तो ऐसे विद्यालयों को विलम्ब शुल्क सहित दस्तावेज अपलोड करने होंगे। बोर्ड प्रवक्ता के अनुसार सम्बद्धता आवेदन फार्म व शुल्क ऑनलाइन बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट bseh.org.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से भरा जाना है। सम्बद्धता आवेदन-पत्र व शुल्क ऑनलाइन भरने से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश/पूर्ण जानकारी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यालय सम्बद्धता आवेदन-पत्र व शुल्क ऑनलाइन भरने से पूर्व महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों को अवश्य पढ़ लें। सम्बद्धता शुल्क आईडीबीआई बैंक द्वारा गेटवे पेमेंट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करवाया जाना है।

गुरुद्वारे में खालिस्तानियों और मणिपुर के आतंकियों की सीक्रेट मीटिंग

कनाडा। कनाडा की जमीन पर भारत के खिलाफबहुत बड़ी साजिशें रची जा रही हैं। खालिस्तान के आतंकी और पंजाब के बड़े-बड़े गैंगस्टर को कनाडा में मिली पनाह के बाद अब इन्हीं खालिस्तानियों के कंधे से कंधा मिलाकर मणिपुर के अलगावावादी भी जुड़ गए हैं। खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक मणिपुर के एक अलगाववादी संगठन के प्रमुख नेता ने कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सरे के गुरुद्वारे में जाकर न सिर्फ खालिस्तानियों की चलाई जा रही भारत विरोधी मुहिम को सपोर्ट किया बल्कि मणिपुर में अलगावावाद की मांग कर साथ लड़ाई लड़ने की बात कही। फिलहाल इस मुलाकात के बाद यह पूरी तरीके से साफ हो गया है कि कनाडा की जमीन पर भारत के खिलाफएक साथ कई रूप न सिर्फ हाथ मिला रहे हैं बल्कि ट्रूडो सरकार की शहपरस्ती में ऐसे संगठनों को शरण और हर मदद भी मिल रही है।

उंगली उठाने से पहले अपना मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारे पाक

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने पाकिस्तान से साफ-साफ शब्दोंक में कहा है कि दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार अपराधियों में से एक होने के नाते, उसे दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपना रिकॉर्ड सुधारे।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर के भाषण के बाद जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए कहा, दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड वाले देश के रूप में, खासकर अल्पसंख्यक और महिलाओं के अधिकारों मामले में, पाकिस्तान के लिए अच्छा होगा कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर उंगली उठाने से पहले अपना घर दुरुस्त कर ले।

गहलोत ने कश्मीर मुद्दे का

अंतर्राष्ट्रीयकरण करने के काकर के प्रयासों को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा, हम दोहराते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं।

उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक हैं (और) पाकिस्तान को हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

काकर ने महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा परिषद को कश्मीर पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कश्मीरियों के अधिकारों को दबाया जा रहा है, जबकि हिंदुत्व ताकतें अल्पसंख्यकों के नरसंहार की धमकी दे रही हैं।

गहलोत ने कहा, भारत के खिलाफ आधारहीन और दुर्भावनापूर्ण प्रचार करने के लिए इस मंच का दुरुपयोग करना पाकिस्तान की आदत बन गई है।

उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश और अन्य बहुपक्षीय संगठन अच्छी तरह से जानते हैं कि पाकिस्तान मानवाधिकारों पर अपने खराब रिकॉर्ड से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा करता है।

उन्होंने इस्लामिक गणराज्य में ईसाइयों, हिंदुओं, अहमदिया मुसलमानों और सिखों, विशेषकर इन समुदायों की महिलाओं और लड़कियों की दुर्दशा की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ प्रणालीगत हिंसा का एक ज्वलंत उदाहरण पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले के जरनवाला में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर की गई क्रूरता थी, जहां अगस्त 2023 में कुल 19 चर्च और ईसाइयों के 89 घर जला दिए गए। उन्होंने कहा, अहमदिया लोगों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया गया है जिनके पूजा स्थलों को ध्वस्त कर दिया गया है।

गहलोत ने कहा, पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से हिंदू, सिख और ईसाई की महिलाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है। पाकिस्तान के अपने मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानन में हर साल शादी के लिए अल्पसंख्यक समुदायों की अनुमानित 1,000 महिलाओं को अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन का शिकार बनाया गया है।

गहलोत ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के प्रायोजक के रूप में इस्लामाबाद की भूमिका की भी आलोचना की।

'हमारे खिलाफ युद्ध की तैयारी में चीन' : हेली

नई दिल्ली। चीन को अमेरिका और दुनिया के लिए अस्तित्व का खतरा बताते हुए रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने दावा किया है कि ड्रैगन अब यूएस के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। भारतवंशी निक्की हेली ने शुक्रवार को न्यू हैम्पशर में अर्थव्यवस्था पर एक प्रमुख नीतिगत भाषण में कहा कि चीन ने अमेरिका को हराने की साजिश रचने में आधी सदी बिता दी है और कुछ मामलों में, चीनी सेना पहले से ही अमेरिकी सशस्त्र बलों के बराबर है। हेली का भाषण उनके भारत-अमेरिकी रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी द्वारा ओहियो में चीन पर विदेश नीति पर भाषण देने के दो दिन बाद आया है। हेली और रामास्वामी दोनों पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद रिपब्लिकन पार्टी में लोकप्रिय उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं।

यूक्रेन की जीत के साथ खत्म होगी रूस की आक्रामकता : जेलेंस्की

कनाडाई संसद को जेलेंस्की ने किया संबोधित

ओटावा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की विदेशी दौरे पर हैं। इस दौरान वे कनाडा पहुंचे। यहां उन्होंने कनाडाई संसद को संबोधित किया। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की जीत के साथ ही रूस की आक्रामकता समाप्त होगी। वहीं उन्होंने कीव का साथ देने के लिए कनाडा को धन्यवाद दिया। रूस के खिलाफ कनाडा के प्रतिबंध के लिए उन्होंने कनाडा का धन्यवाद दिया है।

40 वर्षों में बहुत कुछ बदला

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अपनी पत्नी महिला ओलेना जेलेंस्का के साथ कनाडाई संसद हाउस ऑफ कॉमन्स पहुंचे। यहां सांसदों ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। संसद को संबोधित करते

हुए उन्होंने कहा कि रूसी आक्रामकता सिर्फ हमारी जीत के साथ ही खत्म होगी। मॉस्को को एक बार हमेशा के लिए हारना होगा। जेलेंस्की ने कहा कि पिछले 40 वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है। कनाडा की सैन्य सहायता के कारण अब तक हजारों लोगों की जान बच पाई है। रूस के खिलाफ कनाडा के प्रतिबंध को यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सराहा है। यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण देने के लिए भी उन्होंने कनाडा का आभार व्यक्त किया है।

जेलेंस्की ने कहा कि मास्को हमेशा की तरह यूक्रेन को नियंत्रित करने पर तुला है। इसके लिए वह नरसंहार पर उतारू हो गया है। हम सिर्फ सामान्य संघर्ष के लिए दुनिया से आह्वान नहीं करते बल्कि, लाखों लोगों की जान बचाने के लिए है। यूक्रेन-कनाडा एक जैसे ही हैं। हम दोनों अपने संघर्ष के लिए लड़ रहे हैं। यूक्रेन युद्ध जीतेगा। जनता जीतेगी। क्रेमलिन हारेगा। न्याय जीतेगा। जेलेंस्की के भाषण के बाद कनाडाई सांसदों ने तालियां बजाईं। बता दें, कनाडाई संसद में यह जेलेंस्की का दूसरा संबोधन है।

ट्रूडो का पुतिन ने किया समर्थन

जेलेंस्की के संबोधन से पहले कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने यूक्रेन के समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने संसद में उम्मीद जताते हुए कहा कि यूक्रेन को लंबे समय तक सैन्य और वित्तीय सहायता की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। देश में जल्द अमन और शांति होगी। ट्रूडो ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि स्थाई शांति के लिए पुतिन का विरोध करना चाहिए। शांति के लिए पड़ोसी सेना का आकार देखे बिना सीमाओं का सम्मान करना चाहिए। कनाडा यूक्रेन की शांति के लिए उसके साथ खड़ा है। जब तक आवश्यक होगा कनाडा सरकार यूक्रेन का समर्थन करेगी।

जो बाइडन से की थी मुलाकात

एक दिन पहले दौरान गुरुवार को जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात की। गुरुवार दोपहर जेलेंस्की अपनी पत्नी ओलेना जेलेंस्का व्हाइट हाउस पहुंचे थे। यहां जो बाइडन और जिल बाइडन ने उनका स्वागत किया। बाइडन-जेलेंस्की ने एक साथ तस्वीरें खिंचवाई और रूस को बिना कहे संदेश दिया। इस दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए, जेलेंस्की ने कहा कि मेरे लिए यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है।

मणिपुर: हिंसा के बीच सीएम बीरेन सिंह का बड़ा एलान

जनता के लिए इंटरनेट सेवाएं शुरू

इंफाल। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आम जनता को एक बड़ी राहत दी है। सीएम सिंह ने आज से यानी की 23 सितंबर जनता के लिए इंटरनेट सेवाएं शुरू करने का एलान किया है। राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद लगभग पांच महीने से ही इंटरनेट सेवाएं बंद थी।

इंटरनेट सेवाएं फिर से शुरू हो जाएगी।

मणिपुर में तीन मई से हिंसा शुरू हुई थी, जिसके बाद से राज्य में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थी। हिंसा को देखते हुए पहले महज पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद की गई थी, लेकिन बाद में फिर इसे पांच दिन और बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री के टीम के एक सदस्य ने मीडिया को बताया कि यह निर्णय संबंधित टीमों को भेज दिया गया है और अब कुछ ही घंटों में राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं लगातार चालू रहेंगी।

मोबाइल इंटरनेट सेवाएं लगातार चाढ़े चार महीने से प्रतिबंधित हैं। वहीं 25 जुलाई को एक सरकारी आदेश के बाद ब्रॉडबैंड सेवाओं को सशर्त रूप से बहाल कर दिया गया था। पिछले महीने मणिपुर उच्च न्यायालय ने भी राज्य सरकार को अलग-अलग मामलों के आधार पर चरणबद्ध तरीकों से मोबाइल नंबरों को सूचीबद्ध करके मोबाइल इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने का निर्देश दिया था।

भारत, इस्राइल, यूएई और अमेरिका ने की संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा, वेबसाइट भी लॉन्च

न्यूयॉर्क। भारत, इस्राइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के आई2यू2 समूह ने एक नए संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा की है। इसका उद्देश्य नीति निर्माताओं, संस्थानों और उद्यमियों के लिए एक अद्वितीय अंतरिक्ष आधारित उपकरण विकसित करना है। साथ ही चार देशों के समूह ने सदस्य देशों के बीच सहयोग और दुनियाभर में साझेदारी बढ़ाने के लिए अपनी एक वेबसाइट भी लॉन्च की।

अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा

कि आई2यू2 समूह के अंतरिक्ष के फोकस क्षेत्र के तहत भारत, इस्राइल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों, आर्टेमिस समझौते के सभी हस्ताक्षरकर्ताओं ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान एक नए संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा की। मुख्य रूप से चार आई2यू2 भागीदार देशों के अंतरिक्ष-आधारित अवलोकन डाटा और क्षमताओं का उपयोग करना है।

इस परियोजना का उद्देश्य नीति निर्माताओं, संस्थानों और उद्यमियों के लिए एक अद्वितीय अंतरिक्ष-आधारित उपकरण बनाना है, जो पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन चुनौतियों पर उनके काम को सक्षम बनाता है और मानवता की भलाई के लिए अंतरिक्ष डाटा के अनुप्रयोगों में हमारे सहयोग को आगे बढ़ाता है।

बिधुड़ी के खिलाफ सुप्रिया का प्रस्ताव पेश, जेडीयू ने भी की निंदा

नई दिल्ली। संसद के विशेष सत्र में लोकसभा की कार्यवाही के दौरान रमेश बिधूड़ी के भाषण पर विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, बिधूड़ी भाषण के दौरान बीएसपी सांसद के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दिखे। उनके इस व्यवहार पर राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने भाजपा सांसद बिधूड़ी को अपराधी बताया है।

सुप्रिया सुले ने कहा, 'वह (रमेश बिधूड़ी) एक अपराधी है। मैंने टीएमसी नेता के साथ मिलकर स्पीकर को एक चिट्ठी लिखी, जिसमें हम बिधूड़ी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव ला रहे हैं। यह व्यवहार करने का कोई

तरीका नहीं है। ठीक दो दिन पहले भी उसने संसद के वरिष्ठ सदस्यों के साथ धक्का-मुक्की की थी। क्या ये लोकतंत्र है? मैं ऐसे व्यवहार की निंदा करती हूं। इसके लिए विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया जाना चाहिए, जो मैंने किया।'

संसद में बसपा सांसद दानिश अली पर रमेश बिधूड़ी के अभद्र टिप्पणी का विरोध करते हुए जेडीयू नेता राजीव रंजन ने कहा, 'यह भाजपा सांसद का एक बहुत ही शर्मनाक और अनुचित व्यवहार था। जब सबकुछ कैमरे के सामने हुआ तो भाजपा को इस आधार पर उन्हें निकालने का फैसला लेना चाहिए। तत्काल प्रभाव से उन्हें पार्टी की सदस्यता से भी हटा देना चाहिए।'

कांग्रेस ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने को कहा। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख राजनीतिक दल के सदस्य के खिलाफ खुलेआम अपमानजनक और असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया गया।

कनाडाई पीएम ट्रूडो के आरोपों से चिंतित अमेरिका, जांच बेहद जरूरी : अमेरिकी विदेश मंत्री

वाशिंगटन। भारत-कनाडा के बीच इन दिनों विवाद जारी है। दोनों देशों के विवाद के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी मामले में टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के कारण अमेरिका काफी चिंतित है। मामले में जांच बेहद आवश्यक है। बता दें, हाल ही ट्रूडो ने भारत पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने के आरोप लगाए थे।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों के कारण चिंतित हैं। हम मामले में कनाडाई सहयोगियों से बातचीत कर रहे हैं। सिर्फ बातचीत ही नहीं बल्कि करीब से मामले पर नजर भी बनाए हुए हैं, समन्वय कर रहे हैं। मामले में कनाडाई जांच एक निष्कर्ष पर पहुंचे, यह बेहद जरूरी है।

भारत और कनाडा के साथ संपर्क में है अमेरिका : व्हाइट हाउस

वहीं, भारत-कनाडा राजनयिक विवाद पर व्हाइट हाउस ने कहा है कि पीएम ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर अमेरिका भारत के साथ संपर्क में है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव करीन जीन-पियरे ने

शुक्रवार को कहा कि अमेरिका कनाडाई सरकार के साथ भी नियमित संपर्क में है। व्हाइट हाउस में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हमने भारत सरकार से बातचीत की है। हम इस मुद्दे को अपनी निजी राजनयिक बातचीत में शामिल नहीं करेंगे। लेकिन, भारत सरकार में हमारे सहयोगियों के साथ बातचीत हुई है। उन्होंने आगे कहा, जाहिर तौर पर हम इस मुद्दे को लेकर गहराई से चिंतित हैं। इसलिए, हम कनाडाई सरकार और कनाडाई भागीदारों के साथ नियमित संपर्क में हैं।

फाइव आई अलायंस ने खींचे हाथ

अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने व्हाइट हाउस के हवाले से हाल में ही लिखा था कि कनाडाई पीएम के आरोपों से सप्ताह भर पहले भी कनाडाई अधिकारियों ने फाइव आई अलायंस से निज्जर की हत्या के मामले में साझा सार्वजनिक अलोचना की मांग की थी, लेकिन ट्रूडो की इस मांग को सभी देशों ने खारिज कर दिया था। कनाडा के सरकारी प्रसारक (सीबीसी) ने लिखा कि फाइव आई सहयोगियों ने कनाडा-भारत विवाद में शामिल होने में बहुत कम रुचि दिखाई।

ट्रूडो की गठबंधन सरकार में दरारें

मौजूदा मुद्दे पर कनाडा के सत्ताधारी गठबंधन में भी दरारें हैं। ट्रूडो की लिबरल पार्टी के नेता भारत से संबंध बनाए रखने के पक्ष में हैं। ट्रूडो के आपात प्रतिक्रिया मंत्री हरजीत सज्जन कहते हैं, कनाडा को भारत से रिश्ते तल्ख बनाने की जरूरत नहीं। देश की प्रथम हिंदू कैबिनेट मंत्री अनीता आनंद भी विवेक से काम लेने के पक्ष में हैं।

कनाडाई पीएम ने भारत सरकार पर लगाए आरोप

विदेशी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को आरोप लगाए थे कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ हो सकता है। ट्रूडो ने कहा था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों के पास यह मानने के कारण है कि भारत सरकार के एजेंटों ने ही निज्जर की हत्या की है।

ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छग को राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्टार परफ ॉर्मेंस अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। सोसाईटी ऑफ एनर्जी इजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स - सीम द्वारा 21 सितम्बर को आयोजित 8वें नेशनल एनर्जी मैनेजमेंट अवार्ड समारोह में यह सम्मान दिया गया। आलोक कटियार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा उक्त पुरस्कार को डॉ. अशोक कुमार, उप महानिदेशक, ऊर्जा दक्षता ब्यूरों भारत सरकार के उपस्थिति में प्राप्त किया गया। इस समारोह में क्रेडा की ओर से संजीव जैन, मुख्य अभियंता एवं राजीव ज्ञानी, अधीक्षण अभियंता भी उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पुरस्कार के लिए क्रेडा की टीम और प्रदेशवासियों

को बधाई दी है। लगातार 03 वर्षो (वर्ष 2020, 2021 एवं 2022) से क्रेडा को सीम द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य नामित एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 'छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)' द्वारा विगत 11 वर्षो में प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई है। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफि सिएंसी, भारत सरकार की चाज् परियोजना के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 44 औद्योगिक संस्थानों द्वारा प्रदेश में लगभग 2.198 मिलियन टन ऑफ ऑयल इक्वीवेलेंट (स्र्ब्रह्न) ऊर्जा की बचत कर लगभग 6.67 मिलियन टन का कार्बन उत्सर्जन कम किया गया है। इस परियोजना के तहत प्रदेश के उद्योगों को कुल दस लाख से भी अधिक एनर्जी सेविंग सर्टिफि केट ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। व्यावसायिक भवन क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता अधिसूचित किया गया है तथा राज्य में कुल 15 भवनों को ग्रीन भवन के रूप में प्रमाणित किया गया है तथा 8 शासकीय भवनों को स्टार रेटिंग नामित करने हेतु प्रस्ताव केन्द्र शासन को अग्रेषित किया गया है। आवासीय भवनों में इको निवास सहिता अंतर्गत ऊर्जा दक्ष भवन निर्माण तकनीक अपनाने हेतु प्रदेश के आवासीय परियोजनाओं ऊर्जा दक्ष बनाने हेतु सतत् कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में क्रेडा द्वारा 150 से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम इंजीनियर्स एवं आर्कीटेक्ट हेतु आयोजित किया गये है।

603 स्कूलों में क्लब का गठन

ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष उपकरणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल 77 ग्रामों को मॉडल ऊर्जा दक्ष ग्रामों में विकसित किया गया है। इसी तरह 56 स्वास्थ्य केन्द्रों को मॉडल ऊर्जा दक्ष स्वास्थ्य केन्द्र एवं 376 शासकीय स्कूलों को मॉडल ऊर्जा दक्ष शासकीय स्कूलों के रूप में विकसित किया गया है। स्कूली छात्र छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से क्रेडा द्वारा कुल 603 स्कूलों में ऊर्जा क्लब का गठन किया गया है तथा आगामी वर्ष में 1 हजार से भी अधिक शैक्षणिक संस्थानों में ऊर्जा क्लब गठन किये जाने का लक्ष्य है।

किसानों को कर रहे जागरूक

कृषि क्षेत्र में किसानों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में क्रेडा द्वारा बहुआयामी जागरूकता कार्यशाला आयोजित किये गये है। जिसके तहत ऊर्जा दक्ष पंप के उपयोग से होने वाले ऊर्जा एवं पैसे के बचत के विषय पर राज्य के समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों में किसानों को जागरूक किया गया है। प्रदेश के शासकीय कार्यालय एवं संस्थानों ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु क्रेडा द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे है जिससे विद्युत खपत में कमी लाई जा सकें।

शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का पूरी तरह हुआ पालन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में वर्तमान में शिक्षकों की भर्ती की कार्यवाही प्रकियाधीन है, शिक्षक भर्ती के संबंध में सोशल मीडिया में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण का पूरा लाभ न मिलने की झूठी अफ वाह फैलाई जा रही है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में शिक्षक संवर्ग के कुल 5090 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जा रही है। जिनमें से अनारक्षित वर्ग के कुल 905 पद है। उल्लेखनीय है कि नियमानुसार मेरिट में उपर आने पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को भी अनारक्षित श्रेणी में नियुक्ति की पात्रता होती है। इस नियम का पालन करते हुये जिन 895 अभ्यर्थियों को अनारक्षित श्रेणी में नियुक्ति पत्र जारी किया गया/किया जा रहा है, उनमें से 48

अनुसूचित जाति, 04 अनुसूचित जनजाति, 623 अन्य पिछड़ा वर्ग, तथा 220 अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के है। इन तथ्यों से यह स्पष्ट है कि शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का पूरी तरह से पालन किया गया है और किसी भी वर्ग के अभ्यर्थी के साथ अन्याय नही किया गया है। इसके बाद भी यदि किसी अभ्यर्थी का दावा है कि मेरिट में उसके नीचे के किसी व्यक्ति को अनारक्षित श्रेणी में नियुक्ति दी गई है तो वह तत्काल संचालक लोक शिक्षण को आवेदन दे सकता है। संचालक द्वारा समय-सीमा में ऐसे आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि शिक्षक भर्ती में काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रकिया अभी भी जारी है और आरक्षित वर्ग के अनेक अभ्यर्थियों को तृतीय चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 29 एवं 30 सितम्बर 2023 को बुलाया गया है।

छत्तीसगढ़ के खनिज राजस्व में 30 गुना की वृद्धि

■ **वर्ष 2022-23 में 13000 करोड़ रूपए का मिला खनिज राजस्व**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल छत्तीसगढ़ की 23वीं बैठक आज इंद्रावती भवन में खनिज साधन विभाग के विशेष सचिव जय प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2023-24 के भू-वैज्ञानिक क्षेत्रीय कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। विशेष सचिव जय प्रकाश मौर्य ने बैठक में बताया कि वर्ष 2022-23 में लगभग 13000 करोड़ रूपए के खनि राजस्व की प्राप्ति हुई है, जो राज्य स्थापना वर्ष की तुलना में लगभग 30 गुना अधिक है।

बैठक में भौमिकी तथा खनिकर्म छत्तीसगढ़ के द्वारा क्षेत्रीय सत्र 2022-23 में सम्पन्न कार्यो की जानकारी देते हुए संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2022-23 में कुल 2.45 बिलियन टन चूनापत्थर एवं लौह अयस्क के 125 मिलियन टन भण्डार आंकलित किये गये हैं। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 12 विभिन्न खनिजों की कुल 45 परियोजना अन्वेषण तथा पूर्वेक्षण कार्य हेतु लिए गये हैं। जिसमें आयरन ओर के 20, फास्फोराइट के 04, चूनापत्थर के 04, गोल्ड के 04, ग्लुकोनाईट के 03, ग्रेफ ईट के 02, डायमण्ड के 02, आरईई के 02, टंगस्टन के 01, लिथियम के 01, बॉक्साईट के 01 तथा बेसमेटल के 01 अन्वेषण-पूर्वेक्षण परियोजनाएं सम्मिलित हैं।

बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में खनिज अन्वेषण एवं खनिज दोहन के क्षेत्र में कार्यरत भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभागों एवं संस्थानों द्वारा वर्ष 2022-23 में किये गये भू-वैज्ञानिक कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जहां वर्ष 2022-23 के सम्पादित कार्यो की उपलब्धियों पर चर्चा की गई तथा प्रदेश में पाये जाने वाले खनिजों की खोज के लिए वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित भू-वैज्ञानिक कार्यो को अंतिम रूप दिया गया।

इंद्रावती भवन में आज संपन्न स्टेट जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक में देश की विभिन्न शासकीय एवं निजी अन्वेषण संस्थाओं द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में खनिज विशेष के अन्वेषण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर भी वृहद् चर्चा की गई।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में उपलब्ध खनिज संसाधन, राज्य एवं देश के आर्थिक-सामाजिक विकास का आधार हैं। राज्य के जीएसडीपी में प्रदेश के खनिज संसाधन 11 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी रखते हुए वार्षिक तौर पर लगभग 13 हजार करोड़ का खनिज राजस्व देते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के यूनिक जियोलॉजिकल सेटअप अनुसार यहां लौह अयस्क, कोयला, डोलोमाईट, चूनापत्थर, बाक्साईट इत्यादि बल्क मिनरल्स के अलावा बहुमूल्य एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण खनिजों यथा ग्लूकोनाईट, ग्रेफ ईट, निकल, क्रोमियम एवं पीजीई, की उपलब्धता भी विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रमाणित की गई है। तथापि अब तक प्रदेश में खनिजों का दोहन कोयला, लौह अयस्क, बाक्साईट, लाईमस्टोन तक सीमित है।

छग की चॉक परियोजना को विश्व बैंक से मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में स्कूली शिक्षा के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तेजी से बदलाव लाने की दृष्टि से स्कूली शिक्षा में सुधार हेतु चॉक परियोजना की विश्व बैंक एवं भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो गई है, आज इस परियोजना के दस्तावेजों पर विश्व बैंक, भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिकृत रूप से हस्ताक्षर किए गए। वर्ल्ड बैंक की मदद से शिक्षा गुणवत्ता सुधार के साथ स्कूलों का कायाकल्प किये जाने का निर्णय लिया गया है, इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पहले चरण में 400 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इस परियोजना के माध्यम से अगले 5 वर्षो में (जुलाई, 2023 से सितंबर, 2028) विश्व बैंक द्वारा कुल 300 मिलियन डालर (लगभग 2500 करोड़ रूपए) की सहायता प्राप्त होगी ।

स्कूलों की शिक्षा में होगा सुधार

इस परियोजना के माध्यम से प्रमुख रूप से बच्चों की उपलब्धि में सुधार की दिशा में विभिन्न कार्य, पालकों की मांग के आधार पर स्वामी आत्मानंद की तर्ज पर उत्कृष्ट परिणाम देने वाले नए स्कूलों का प्रारंभ, राज्य में सुदूर अंचलों में संचालित स्कूलों की अधोसंरचना में सुधार हेतु आवश्यक समर्थन आदि कार्य किये जा सकेंगे। इस परियोजना के आने से छत्तीसगढ़ राज्य में विगत चार वर्षों में शुरू किए गए विभिन्न सुधार कार्यों को गति एवं विस्तार देने में आसानी हो सकेगी एवं स्कूली शिक्षा की गुणवता में व्यापक सुधार हो सकेगा।

गांव-गांव में खोले जाएंगे स्कूल

परियोजना के अंतर्गत कक्षा के स्तर अनुरूप सीखने-सिखाने से सबंधित प्रशिक्षण, शिक्षकों को अपने लिए उपयुक्त प्रशिक्षण के चयन का अवसर (ऑन डिमॉड ट्रेनिंग), उच्च प्राथमिक से लेकर हायर सेकण्डरी स्तर की कक्षाओं के लिए प्रत्येक विषय एवं अवधारणा के लिए उपचारात्मक शिक्षण, स्कूलों में प्रभावी आकलन हेतु डिजिटल टेक्नोलोजी का उपयोग कर बच्चों के परिणामों के विश्लेषण की व्यवस्था, उच्च क्वालिटी के टेस्ट आइटम आईसीटी एवं विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लासरूम की उपलब्धता, चयनित स्कूलों को अधोसंरचना विकास का लाभ, अधिक संख्या में अनुसूचित जाति एवं जनजाति बसाहट वाले विकासखंडों में स्कूलों खोले जाने का प्रस्ताव जैसे कार्यों पर फ ोकस किया जाएगा। साथ ही स्कूल शिक्षा में बदलाव लाए जाने हेतु राज्य में कार्यरत स्कूल प्राचार्यो को अकादमिक एवं प्रशासनिक लीडरशिप के अलावा अन्य उपयोगी मुद्दों पर उन्हें प्रशिक्षित कर व्यवहार परिवर्तन हेतु सीमेट के माध्यम से विभिन्न क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

डीईओ, बीईओ और शिक्षक निलंबित

■ **मिलेट सामग्री खरीदी में गड़बड़ी के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा सूरजपुर जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी और आरंग के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार सूरजपुर जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल को मिलेट आधारित खाद्य सामग्री वितरण के लिए निर्धारित नियमों की अवहेलना तथा मिलेट सामग्री खरीदी में गड़बड़ी के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित अवधि श्री पटेल का मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय सरगुजा निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार आरंग विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एनपी कुर्रे को आरंग विकासखण्ड की अनुपस्थित शिक्षिका के विरूद्ध कार्यवाही नहीं करने और शिक्षिका का वेतन आहरण करने के फ लस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री कुर्रे का मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक (शिक्षा) रायपुर नियत किया गया है। वहीं जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेंदुआ में पदस्थ शिक्षक सनेश कुमार रत्नाकर को निलंबित कर दिया गया है। संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा बिलासपुर द्वारा निलंबन की यह कार्यवाही शिक्षक श्री रत्नाकर के विरूद्ध स्कूली बच्चों की पिटाई की शिकायत सही पाये जाने के परिणाम स्वरूप की गई है।

10वीं पास युवतियों को सॉफ्टवेयर इंजीनियर की निःशुल्क ट्रेनिंग

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सहित आसपास के जिलों की 83 युवतियों को कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की निःशुल्क ट्रेनिंग जिला प्रशासन द्वारा दिलायी जा रही है। इस ट्रेनिंग से दसवीं कक्षा पास इन युवतियों-महिलाओं के लिए अमेजन, नेटवेस्ट, एप्प स्क्रिप, मैक्यूरी, एक्सेंचर जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जॉब गारंटी का रास्ता खुल रहा है। लाभाण्डी में इन युवतियों-महिलाओं को सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग का पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज लाभाण्डी के ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर प्रशिक्षण और आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने हॉस्टल वार्डन से प्रशिक्षणार्थियों के लिए उपलब्ध

सुविधाओं की पूरी जानकारी ली और फिर प्रशिक्षार्थी युवतियों से भी बातचीत की। डॉ. भुरे ने प्रशिक्षण केन्द्र में महिला सुरक्षाकर्मी तैनाती के लिए पुलिस प्रशासन को पत्र भेजने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवासीय व्यवस्था और खानपान के बारे में भी पूछा। डॉ. भुरे ने प्रशिक्षणार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण पौष्टिक भोजन देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

रायपुर जिला प्रशासन द्वारा स्कूल ऑफप्रोग्रामिंग के रूप में दो सौ सीटर आवासीय कोडिंग प्रोग्राम शुरू किया गया है। जिला प्रशासन और नव गुरूकूल संस्था द्वारा इस 18 महीने के निःशुल्क सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रोग्राम के लिए युवतियों-महिलाओं का चयन स्क्रिनिंग और सेमीनार के माध्यम से किया गया है। प्रशिक्षण के लिए बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाली युवतियों-महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है।

रावतपुरा यूनिवर्सिटी में एनालिटिक्स कैरियर कार्यशाला का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। अपने छात्रों को नवीनतम कौशल की जानकारी से अद्तन करने के प्रयास में, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय ने डेटा एनालिटिक्स कैरियर पर एक व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया। आयोजित इस कार्यशाला में आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र और स्किलोविला के संरक्षक श्री लब्धि चोपड़ा अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी थी। कार्यशाला, जिसका शीर्षक डेटा एनालिटिक्स कैरियर डेटा की शक्ति का परिचय करना है, कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को डेटा विश्लेषण तकनीकों और उनके वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों की गहरी समझ प्रदान करना था। क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए पहचाने जाने वाले लब्धि चोपड़ा ने एक

आकर्षक और जानकारीपूर्ण सत्र दिया, जिसने छात्रों को प्रेरित और सूचित किया। विभिन्न विभागों और पृष्ठभूमियों के छात्रों ने अत्यधिक उत्साह के साथ कार्यशाला में भाग लिया। उन्हें डेटा एनालिटिक्स की दुनिया में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, आज के डेटा-संचालित युग में इसके महत्व और प्रभावी डेटा विश्लेषण के लिए व्यावहारिक टिप्स और ट्रिक्स हासिल करने का अवसर मिला।

कौशल विकास के लिए विश्वविद्यालय के मंच ने इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिभा को निखारने और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के मिशन के साथ, स्किलोविला नियमित रूप से कार्यशालाओं, सेमिनारों और कौशल-निर्माण सत्रों का आयोजन करता है जो पारंपरिक पाठ्यक्रम से परे होते हैं। श्री लब्धि चोपड़ा, जिन्होंने टेक उद्योग में अपना नाम बनाया है, ने उत्सुक छात्रों के साथ अपनी यात्रा, अनुभव और ज्ञान साझा किया। उनके इंटरैक्टिव दृष्टिकोण और संबंधित उदाहरणों ने डेटा विश्लेषण में जटिल अवधारणाओं को दर्शकों के लिए अधिक सुलभ और प्रासंगिक बना दिया। कार्यशाला एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ संपन्न हुई जहां छात्रों को श्री लब्धि चोपड़ा से सलाह और स्पष्टीकरण प्राप्त करने का मौका मिला। इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को डेटा विश्लेषण के महत्व को जानने के लिए प्रेरित किया।

छग में हुई बच की खेती की शुरूआत, 1 एकड़ में 1 लाख की होगी आय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में किसानों द्वारा बच की खेती की शुरूआत हो गई है, जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वनमंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की पहल से संभव हुई है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 108 एकड़ में प्रायोगिक तौर पर बच की खेती की जा रही है, जिससे प्रति एकड़ 80 हजार रूपए से 1.00 लाख रूपए तक आय की प्राप्ति किसानों को होगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि बच उत्पादन से धान की अपेक्षा किसानों की आय में कई गुना वृद्धि की संभावना है।

बच एक औषधीय पौधा है, बेंगलोर के टूंकूर गांव के किसानों ने इसकी खेती में आने वाले समस्याओं के कारण इसका कृषिकरण कम कर दी है तो छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर बसे पेण्ड्रा जिले के गांव तथा खटोला, अनवरपुर, तुपकबोरा, मुरली और तेन्दुपारा के किसानों बच की खेती की विधि

सीख ली है। इन्हें बोर्ड द्वारा निःशुल्क औषधीय पौधे एवं मार्गदर्शन मिला है। इधर महासमुंद जिले के बागबाहरा, तेन्दुकोना क्षेत्र के ओमकारबंध के किसानों ने भी बच के कृषिकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। अब तक लगभग छत्तीसगढ़ के 108 एकड़ से भी अधिक क्षेत्र में बच की खेती की जा रही हैं। किसानों द्वारा सकारात्मक रूप से बच को अपनाया जा रहा है, क्योंकि बहुत ही कम लागत में बच की खेती से अधिक लाभ की संभावना है। बच की खेती के लिए बैंगलोर का एक गांव टूंकूर देश में प्रथम स्थान पर था। वहां इस औषधीय पौधे की व्यावसायिक खेती 3 से 4 हजार एकड़ में विस्तृत रूप से की जाती थी लेकिन यहां बच के कृषिकरण में किसानों को मजदूरी दर ज्यादा होने के कारण व पानी की

समस्या एवं अन्य समस्याओं के कारण बच की खेती सिमट कर 106 एकड़ में आ गई है।

बच कृषिकरण तकनीक

बच को धान के फ सल के समान ही वानिकी खेती के रूप में अपनाया जा सकता है 1 इसकी बुआई धान के फ सल के समान जुलाई से सितंबर माह तक की जाती है। एक एकड़ में रोपण हेतु 25 से 30 हजार पौधे की आवश्यकता होती है। इसकी फ सल 8 से 9 माह में तैयार हो जाती है। फ सल की कटाई अप्रैल से जून माह के मध्य किया जाता है। एक एकड़ से लगभग 1 से 3 टन तक उपज का उत्पादन संभावित होती है। बच की वर्तमान बाजार कीमत 50 से 60 रु प्रति किग्रा तक होती है। इस हिसाब से किसानों को एक एकड़ में 1 लाख से भी अधिक आय प्राप्त होती है।

प्रसंस्करण की विधि

बच के प्रकंद के 3 से 4 इंच के टुकड़ों में काटकर आशिक छाया क्षेत्र में सूखा लिया जाता है। इसके पश्चात् इसकी पालिशिंग मशीन से कराई जाती है, जिससे उत्पाद बाजार में विक्रय हेतु तैयार हो जाता है। बोर्ड द्वारा मार्केटिंग हेतु भी सुविधा प्रदाय की जाती है। जिससे किसानों को 15 दिनों में ही उपज का पैसा प्राप्त हो जाता है।

रोपण सामग्री की उपलब्धता

बच की खेती करने के लिए बच की पौधे की चिता की आवश्यकता नही है। पहले वर्ष रोपित किये जाने वाले पौधे राज्य शासन की योजना अंतर्गत बोर्ड के माध्यम से निःशुल्क प्रदाय किया जाता है। प्रथम वर्ष में आवश्यकतानुसार 10 से 15 प्रतिशत पौधों को छोड़ दिया जाता है, जो कि 40 दिन में फिर से पौधा तैयार हो जाता है, जिसे रोपण सामग्री नर्सरी के रूप में अगले वर्ष रोपण के लिए उपयोग किया जाता है। शेष का संग्राहण कर लिया जाता है। इस प्रकार प्रत्येक वर्ष रोपित किये जाने वाले पौधों की उपलब्धता बनी रहती है।

भूतनाशक के नाम से प्रसिद्ध

बच को छत्तीसगढ़ी में घोड़बंध या भूतनाशक के नाम से भी जाना जाता है। जिसका उपयोग त्वचा रोग, न्यूरोलाजिकल डिसआर्डर, पेट संबंधी बिमारी एवं हृदय रोग संबंधी दवाई बनाई जाती है। इसे कई रोगों में उपयोग किये जाने के कारण इसकी बाजार मांग अत्यधिक है।

जल, भूकंप का प्रलय

प्रकृति हमारी पोषक, इसकी सीमाओं का अतिक्रमण न करें। जल प्रलय और भूकंप के झटके मानवीय अति का परिणाम।।

संजीव ठाकुर

हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है।देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली ,गुजरात ,महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है। इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानी की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की हैद्य शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फल स्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है।देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 जीवन काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे।

ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला हैद्य जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों में बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है, जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना, पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 140 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

(लेखक: स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415)

घड़ी की काँटा

चन्द्रकांत खुंटे 'क्रांति'

एक घडी में मिलते सुई तीन
सेकंड वाला पतला सबसे हीन
दीर्घ दमदार घंटा वाला होता
जिसके फेर लगाता मध्यम कुलीन।।
घंटा-मिनट जगत में गिने जाते
सेकंड काँटा कही न अस्तित्व पाते
भले निशि-वासर बिन विघ्न चलते
इनके वजह से शेष नाम कमाते।।
यही दशा जगत में समाज का है
निम्न पर मध्यम-उच्च राज का है।
काम जो करते हर घड़ी यहाँ पर
बात उसी के नजरअंदाज का है।
लोग इनके अस्तित्व को भूल जाते।
सुई से लेकर महल कारखाने बनाते।
चलते रहते,चलते रहते हर पहर
आराम तलब लोग ही सम्मान पाते।।
यहाँ दरिद्रों की नही कोई बिसात है।
मध्यम-उच्च वर्ग का पड़ता आघात है।
इसलिए वह दुबले-पतले ही रह जाते।
जो प्रभुत्व में होता सर्वदा पक्षपात है।

प्रेम... विमर्श!!

रोशन साहू मोखला

संगोष्ठी के प्रथम सत्र में विमर्श का विषय प्रेम!
आदिकाल के प्रस्तर काल खंड
से लेकर रीतिकाल के मादक
मांसल संयोग वियोग सौंदर्य ...
भक्तिकालीन निर्गुण- सगुण
नव गीत में बिम्ब,उपमान
छायावाद मानवीकरण.....
से होते हुए लव जेहाद, मॉब लिंचिंग
पक्ष -विपक्ष के
गर्मा-गर्म तर्क-वितर्क
पश्चात,अंतिम सत्र
प्रेम गीत काव्य पठन ।
और उधर कोने में रखे फूल
अब भी बिखेर रहे थे अपनी महक ।
अब भी पूरा सभागार
हो रहा था सुवासित ।
फर्क इतना कि
पंखुड़ियां बगरने बिखरने लगीं थी
नश्वर प्रेम की मानिंद....।

शर्मसार होता लोकतंत्र का मंदिर

डॉ. संजय शुक्ला

संसद और विधानसभाओं को लोकतंत्र का मंदिर कहा जाता है जहां देश की आत्मा बसती है लेकिन कुछ सदस्यों के आचरण के चलते इस मंदिर की मर्यादा खंडित होते जा रही है। संसद के नये भवन में विशेष सत्र के पहले ही दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा था कि भवन बदला है, भाव भी बदलना चाहिए, भावनाएं भी बदलनी चाहिए। विडंबना है कि मोदी के इस सीख पर उनकी ही पार्टी के लोकसभा सदस्य रमेश बिधूड़ी ने पलीता लगा दिया। विशेष सत्र के आखिरी दिन सांसद बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली को धर्म सूचक गालियां देते हुए आतंकवादी कह दिया। दूसरी ओर इस बेहद शर्मनाक वाकये के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद द्वय डॉ. हर्षवर्धन व रविशंकर प्रसाद हंसते देखे गए। अलबत्ता यह पहली बार नहीं है जब लोकतंत्र का मंदिर सांसदों के अमर्यादित आचरण और टिप्पणियों से शर्मसार हुआ हो। देश के संसदीय इतिहास में ऐसे दर्जनों उदाहरण हैं जिसमें सदस्यों ने सदन की मर्यादा को तार- तार किया है। दरअसल भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति यानि बोलने की आजादी मौलिक अधिकारों में शामिल है लेकिन हालिया दौर में हम इसका बेजा इस्तेमाल होते देख रहे हैं। मुल्क में राजनीतिक और धार्मिक असहिष्णुता इतनी बढ़ चुकी है कि देशवासी अपने द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों के अमर्यादित आचरण से स्वयं लज्जित हो रहे हैं। चंद दिनों पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना मच्छर, मलेरिया, डेंगू और कोरोना महामारी से करते हुए इसे खत्म करने संबंधी बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है। डीएमके नेताओं की बदजुबानी यहीं तक नहीं रूकी बल्कि स्टालिन के ही पार्टी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए.राजा ने सनातन धर्म को कुष्ठ और एड्स बता दिया।बहरहाल देश के संसदीय इतिहास के लिए 22 सितंबर 2023 का दिन काला दिन ही माना जाएगा जब किसी सदस्य के लिए ऐसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया हो।

विचारणीय है कि बदजुबानी का दौर सिर्फ राजनीति में ही नहीं चल रहा है बल्कि विभिन्न धर्मों से जुड़े धर्मगुरु, मौलाना - मौलवी और पादरी अपनी जुबान से एक दूसरे के धर्म और जाति पर जहर भरे तीर छोड़ रहे हैं फलस्वरूप असहिष्णुता बढ़ रही है। देश में बढ़ती असहिष्णुता के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल अप्रैल में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से नफरती भाषण यानि ÷हेट स्पीच÷ देने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने और तुरंत एफआईआर का निर्देश दिया था। सरकारों द्वारा सुप्रीम अदालत के इन नसीहतों की लगातार नाफरमानी हो रही है आखिरकार हमाम में सभी निर्वस्त्र हैं। गौरतलब है कि भारत अपनी आजादी का अमृतकाल मना रहा है लेकिन बीते सात दशकों के इस दौर में लोकतंत्र की मर्यादा को उनके ही किरदारों ने खंडित किया है जिस पर गौर करना आवश्यक है। कर्नाटक के पिछली सरकार के दौरान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक रमेश कुमार ने महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि जब बलात्कार रोका नहीं जा सकता तो लेटिए और मजे लीजिए। आश्चर्यजनक तौर पर इस बयान के दौरान स्पीकर आपत्ति जताने की जगह ठहाके लगाते देखे गए। इस विवादास्पद बयान के बाद सियासी बवाल मचा था और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों से जुड़े महिला नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने बयान की जमकर मजम्मत की और हमेशा की तरह विवाद बढ़ने पर संबंधित विधायक ने माफी मांग लिया था।

दरअसल यह पहला मौका नहीं था जब देश के तथाकथित भाग्य निर्माताओं ने महिलाओं और उनके साथ हो रहे दुष्कर्म पर संसद और सड़क में अमर्यादित व विवादित बयान दिया था । यह निराशाजनक है कि राजनीति में भाषा का स्तर लगातार गिरते जा रहा है जिसके निशाने पर इस क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध भी हैं। दिसंबर 2012 में निर्भया के साथ बर्बरता पूर्ण दुष्कर्म के विरोध में में प्रदर्शनों हिस्सा ले रहीं युवतियों के बारे में पूर्व कांग्रेसी सांसद अभिजीत मुखर्जी ने टिप्पणी किया था कि ÷ हाथ में मोमबत्ती जलाकर सड़कों पर आना फैशन बन गया है, ये सजी संवरी महिलाएं पहले डिस्कोथेक में गईं फिर इस गैंगरेप के खिलाफ विरोध करने इंडिया गेट पहुंच गईं÷।समाजवादी पार्टी के प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने बलात्कार पर बयान दिया था कि लड़कों से गलती हो जाती है और इसके लिए उन्हें मौत की सज़ा नहीं देनी चाहिए।

सत्ता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण के जोर-शोर से नारे लगाने वाले देश में महिला राजनेताओं पर अभद्र टिप्पणियां करने वालों में अमूमन सभी पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं। विडंबना है कि पितृ सत्तात्मक समाज में महिलाओं को राजनीति में भी इसी ढांचे से संघर्ष करना पड़ रहा है। चुनाव अभियान से लेकर संसद और सदन में महिलाओं को अश्लील टिप्पणी, लैंगिक असमानता और द्वेष का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि महिला आरक्षण विधेयक भले ही अब पारित हो गया हो लेकिन अतीत में इस बिल के बारे में संसद में की गई टिप्पणियां आज भी दर्ज हैं। साल 1997 में इस बिल पर लोकसभा में चर्चा के दौरान सांसद शरद यादव ने कहा था कि बिल से सिर्फ परकटी औरतों को ही फायदा होगा। ये शरद यादव ही थे जिन्होंने राजस्थान के भाजपा नेत्री वसुंधरा राजे के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की थी तो उत्तरप्रदेश के नेता नरेश अग्रवाल ने सांसद जया बच्चन को फिल्मों में नाचने वाली बताया था।

साल 2012 में गुजरात चुनाव नतीजों पर एक टीवी बहस के दौरान कांग्रेस सांसद संजय निरुपम ने भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी को ठुमके लगाने वाली कहा था तो इसी चुनाव अभियान के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनिया गांधी पर विवादित टिप्पणी किया था। बंगाल के चुनाव अभियान के दौरान सीपीआईएम नेता अनिसुर रहमान ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिल सकता क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बलात्कार कीमत तय कर दी है। महिलाओं के बारे में हमेशा अभद्र टिप्पणी करने वाले पूर्व समाजवादी सांसद आज़म खान ने लोकसभा में तीन तलाक़ बिल पर चर्चा के दौरान पीठासीन सभापति और भाजपा सांसद रमादेवी पर आपत्तिजनक टिप्पणी किया था। इसी बदजुबान आजम खान ने एक चुनाव प्रचार अभियान के दौरान जयप्रदा पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने 2018 में लोकसभा की कार्यवाही के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान के दौरान कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी की जोर से हंसने की वाकये की तुलना शूर्पणखा से कर दी थी। बहरहाल महिला नेत्रियों के साथ बदजुबानी की फेहरिस्त में दिग्विजय सिंह और सुब्रमण्यम स्वामी जैसे नेता भी शामिल हैं।

भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा कांग्रेसाध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के इटली में पैदा होने और वहां पलने-बढ़ने, विवाह पूर्व ईसाई धर्मावलंबी होने के मुद्दे और उनके विधवा होने पर अनेकों बार सार्वजनिक रूप से बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियां की जाती है। गैर कांग्रेसी दलों से जुड़े कार्यकर्ता और आईटी सेल द्वारा सोशल मीडिया में सोनिया गांधी के बारे में फेक व अश्लील मीम वायरल किए जाते रहे हैं। शर्मनाक यह कि सेलेब्रिटी और मीडिया से जुड़े कुछ पत्रकारों के अमर्यादित टिप्पणियों से भी यह क्षेत्र शर्मसार हुआ है।कतिपय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों के पत्रकार श्रीमती सोनिया गांधी को व्यंग्यात्मक लहजे में उनके इटालियन नाम से संबोधित करते हैं। विचारणीय है कि महिलाओं की अस्मिता और निजता पर हमला उस भारत में हो रहा है जहां सदियों से नारियों को सर्वोच्च पूज्यनीय माना गया है।

बहरहाल अभिव्यक्ति की आजादी का बेजा इस्तेमाल सिर्फ महिलाओं के ही खिलाफ नहीं हो रहा है बल्कि महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों, शहादत देने वाले सेना प्रमुखों, पत्रकारों,फिल्मी कलाकारों के मौत पर भी सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणियों की जा रही है। विवादित बयानों के लिए हमेशा सुर्खियों में रहने वाली अभिनेत्री कंगना रनौत में देश की आजादी और महात्मा गांधी पर बेहद गैरजिम्मेदाराना बयान दिया था जो आजादी के आंदोलन में शहीद होने वाले सपूतों, गांधीवादियों और स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान था। छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में कथित धर्मगुरु कालीचरण द्वारा महात्मा गांधी के बारे की गई टिप्पणी ने धर्म के बुनियाद पर ही कुठाराघात किया था। बिलाशक अभिव्यक्ति की आजादी हमें अन्याय के खिलाफ विरोध का मौलिक अधिकार मुहैया कराता है लेकिन इसकी मर्यादा की सीमा भी तय होना जरूरी है। देश में बढ़ते बदजुबानी और सोशल मीडिया पर फेक व भड़काऊ पोस्ट पर नकेल कसने के लिए सरकार और अदालतों ने भी कानूनी सख्ती की जरूरत जताई है। अलबत्ता पचहत्तर साल के बूढ़े लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी के दुरूपयोग पर कानूनी डंडे नहीं बल्कि राजनेताओं और नागरिकों को विचारों को शब्द देने के दौरान स्वअनुशासन की जरूरत है। लोकतंत्र एक जीवंत व्यवस्था है जिसमें सबको समान रूप से विचार अभिव्यक्ति की आजादी है लेकिन यह अभिव्यक्ति शालीनता और शिष्टतापूर्वक हो तभी लोकतंत्र की मर्यादा की रक्षा हो सकती है।

साल 2012 में गुजरात चुनाव नतीजों पर एक टीवी बहस के दौरान कांग्रेस सांसद संजय निरुपम ने भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी को ठुमके लगाने वाली कहा था तो इसी चुनाव अभियान के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनिया गांधी पर विवादित टिप्पणी किया था। बंगाल के चुनाव अभियान के दौरान सीपीआईएम नेता अनिसुर रहमान ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिल सकता क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बलात्कार कीमत तय कर दी है। महिलाओं के बारे में हमेशा अभद्र टिप्पणी करने वाले पूर्व समाजवादी सांसद आज़म खान ने लोकसभा में तीन तलाक़ बिल पर चर्चा के दौरान पीठासीन सभापति और भाजपा सांसद रमादेवी पर आपत्तिजनक टिप्पणी किया था। इसी बदजुबान आजम खान ने एक चुनाव प्रचार अभियान के दौरान जयप्रदा पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने 2018 में लोकसभा की कार्यवाही के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान के दौरान कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी की जोर से हंसने की वाकये की तुलना शूर्पणखा से कर दी थी। बहरहाल महिला नेत्रियों के साथ बदजुबानी की फेहरिस्त में दिग्विजय सिंह और सुब्रमण्यम स्वामी जैसे नेता भी शामिल हैं। भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा कांग्रेसाध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के इटली में पैदा होने और वहां पलने-बढ़ने, विवाह पूर्व ईसाई धर्मावलंबी होने के मुद्दे और उनके विधवा होने पर अनेकों बार सार्वजनिक रूप से बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियां की जाती है। गैर कांग्रेसी दलों से जुड़े कार्यकर्ता और आईटी सेल द्वारा सोशल मीडिया में सोनिया गांधी के बारे में फेक व अश्लील मीम वायरल किए जाते रहे हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/रायपुर। 1180 बिज़ेंटाइन साम्राज्य सम्राट इमैनुएल द्व कोम्नोसो (चित्र) की मौत से कमजोर हो गया था। 1493 क्रिस्टोफर कोलंबस ने नई दुनिया की खोज के लिए दूसरा अभियान शुरू किया। 1645 राजा चार्ल्स I की व्यक्तिगत कमान के तहत अंग्रेजी नागरिक युद्ध-रॉयलिस्टों को रोवोन हीथ की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण हार का सामना करना पड़ा। 1688 फ्रांस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1742बोस्टन का फैन्यूविल हॉल जनता के लिए खोला गया। 1748 शाहरुख ग्रेटर खोरासन के शासक बन गए। 1788 थियेटर वार' तब शुरू हुई, जब डेनमार्क-नॉर्वे की सेना स्वीडन पर हमला किया था। 1789 फर्स्ट यूनाइटेड स्टेट्स कांग्रेस ने 1789 की न्यायपालिका अधिनियम पारित किया, अमेरिकी संघीय न्यायपालिका की स्थापना की और सर्वोच्च न्यायिक न्यायाधीशों की संख्या निर्धारित की।

QUIZ TIME

1) कौन-सी श्रेणी, पुणे में विकसित भारत की सर्वप्रथम सुपर कंप्यूटर श्रेणी है?

2) विश्व का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफार्म भारत में कहां स्थित है?

3) महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम की स्थापना कब और कहां किया था?

4) ऐनी बेसेंट के नेतृत्व में स्थापित होमरूल लीग के प्रथम सचिव कौन थे?

5) मशहूर पंजाबी गायक का नाम बताइए जिनका हाल ही में निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) परम (2) गोरखपुर (3) 1915 ई., अहमदाबाद (4) जार्ज अरुण्डेल (5) सुरिंदर शिंदा

आज का पंचांग (रविवार, 24 सितम्बर)

सूर्योदय:06:19, सूर्यास्त: 06:20, चन्द्रोदय: 13:53, चन्द्रास्त: 23:53, अयन-दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु: शरद, शक सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल), मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल, तिथि-नवमी, नक्षत्र-पूर्वाषाढ, योग-सौभाग्य (21:31 से शोभन), प्रथम करण बव (12:17 तक), द्वितीय करण-बालव (23:24 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य -कन्या, चंद्र -धनु, मंगल -कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध -सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र -कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि -कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु -मेष, केतु-तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त -11:45 से 12:33, अमृत काल-08:42 से 10:16, रवियोग-14:56 से 06:06, विजय मुहूर्त-14:10 से 14:59, गोधूलि मुहूर्त-18:13 से 18:37, सायाह्न सन्ध्या-18:13 से 19:24, निशिता मुहूर्त-23:46 से 00:33।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आध्यात्मिक उन्नति वाला रहेगा। ारंभ से ही घर मे धार्मिक कार्य को लेकर चहल-पहल रहेगी इसके लिए दैनिक कार्यो में बदलाव भी करना पड़ेगा।

वृष-आज भी मध्यान तक सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा मध्यान बाद ही इसमे स्थिरता आएगी फिर भी ज्यादा परिश्रम वाले कार्यो से बचें।

मिथुन-दिन थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा लेकिन आज की मेहनत संध्या बाद से रंग लाने लगेगी आलस्य भी बने रहने से जल्दी से किसी कार्य के लिये हाँ नही करेंगे।

कर्क-आज लाभ-हानि बराबर रहेगी। दिन के आरंभ से ही लाभदायक प्रसंग बनेंगे। व्यवसाय के साथ सामाजिक कार्य भी आने से अधिक व्यस्त रहेंगे कमाई संतोषजनक रहेगी।

सिंह-आज के दिन आपकी मानसिकता कम समय एवं परिश्रम से अधिक लाभ पाने की रहेगी पर आज आपके कार्यो में सफाई कम रहेगी।

कन्या-आज के दिन भी कई अशांति वाले प्रसंग बनेंगे। आज आप अन्य लोगो से मतलब का व्यवहार रखेंगे जिस कारण काम पड़ने पर मदद करने की जगह लोग अपना स्वार्थ साधेंगे।

तुला-आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी अधिकांश कार्यो की योजना पूर्व में ही बना लेंगे फिर भी कुछ काम अकस्मात आने से फेरबदल करना पड़ेगा।

वृश्चिक-आज का दिन परिश्रम को छोड़ अन्य सभी विषयों में उत्तम रहेगा। मेहनत आज अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक करनी पड़ेगी।

धनु- दिन लाभदायक है लेकिन मानसिक रूप से गंभीर होने भी आवश्यक है निर्णय लेने में आज भी दुविधा होगी।

मकर-आज का दिन भी आपकी आशाओ के विपरीत रहेगा। दिन के आरंभ से ही कुछ गड़बड़ होने की आशंका रहेगी।

कुंभ-आपके उच्च प्रतिष्ठित लोगो से संबंध बनेंगे सरकारी कार्यो के लिए दिन उत्तम है ।

मीन-आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। सेहत ठीक रहने पर भी कार्यो के प्रति आलस्य दिखाएंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -195

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

1		■	2	3	■	4	5	6
	■	7			■	■	8	
9			■	10		11	■	
■	■	12			■	13	14	
15	16		■	■	■	17		■
18		■	19	20			■	21
■	22	23			■	■	■	
■	■		■	■	24	■	25	
26			■	27				

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 194 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	र्जा	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

न्यूज गैलरी

खड़ी कार को स्कार्पियो ने मारी टक्कर

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रॉपर्टी डीलर की खड़ी कार को स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी गाड़ी के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना सिविल लाइन क्षेत्र की है। वसुंधरा नगर पल्लव भवन के सामने रहने वाले राजेश पात्रे (33) प्रॉपर्टी डिलिंग करते हैं। राजेन्द्र नगर चौक के पहले मोबाइल शॉप के सामने अपने कार सीजी 10बीपी 8333 को खड़ी कर ड्राइवर सीट पर बैठे थे। इसी बीच करीब 9.05 बजे एक सफेद रंग की स्कार्पियो कार क्रमांक सीजी12एएम 4283 का चालक लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी।

यादव समाज का शपथ ग्रहण, सम्मान समारोह आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। नव जागृति देसहा यादव समाज भरनी परिक्षेत्र के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह 24 सितंबर को सकरी स्थित सांस्कृतिक भवन में दोपहर 12 बजे से होगा। इसमें परिक्षेत्र के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। परिक्षेत्र के अध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि परिक्षेत्र में यह कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। रिटायर्ड और वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि महापौर रामशरण यादव, अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव विष्णु यादव, विशिष्ट अतिथि सांसद अरुण साव, लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह, तखतपुर विधायक रश्मि सिंह, पूर्व राज्य महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पांडेय, संतोष कौशिक, सभापति मीनू सुमंत यादव, जनपद सदस्य विनोद यादव, शिव शंकर यादव, मनीराम, रामचंद्र, धन्नू यादव और कन्हैया यादव हैं।

कार्य में एकरूपता लाना ही उत्तम आर्जव है: पं. शास्त्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। जैन धर्म के पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व तीन मंदिरों में मनाया जा रहा है। तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म के रूप में पर्व मना। इस दौरान धर्म सभा संस्कृति संस्थान सांगानेर से आए पं. आशीष शास्त्री ने ली। उन्होंने मुनिश्री प्रमाण सागर के प्रवचन के सार को समझाते हुए बताया कि आर्जव का अर्थ, ऋजुता या सरलता है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग रहते हैं, जिनके मन में कुछ और रहता है। बोलते कुछ और हैं और प्रकट कुछ और ही करते हैं। यह प्रवृत्ति कुटिलता और मायाचारी का है। इस माया को जीतकर मन, वचन और कार्य में एकरूपता लाना ही उत्तम आर्जव है। पं. शास्त्री ने कहा कि आर्जव गुण धर्म का उत्तम लक्षण है, वह मन को स्थिर करने वाला है, पाप को नष्ट करने वाला है और सुख का उत्पादक है। इसलिए इस भव में इस आर्जव धर्म को आचरण में लाना चाहिए। उसका पालन व श्रवण करना चाहिए, क्योंकि वह भव का क्षय करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह आर्जव गुण सुख का संचय कराने वाला है।

231 पदों पर भर्ती, 25 तक कर सकेंगे दावा-आपत्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग में तृतीय श्रेणी के 231 रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के दस्तावेज सत्यापन के बाद चयनित अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने इसे लेकर 25 सितंबर तक दावा-आपत्ति मंगाई है। दावा आपत्ति विभाग के ईमेल आईडी पर किया जा सकती है। इसके लिए विभागीय वेबसाइट www.cghealth.nic.in एवं www.bilaspur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग ने लैब टेक्नोलॉजिस्ट, नेत्र सहायक अधिकारी, रेडियोग्राफर, ओटी टेक्निशियन, रेफ्रिजरेटर मैकेनिक एवं साइकेट्रिक नर्स के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए थे।

ठेकेदार पर किया हमला, पत्नी से भी मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। रंजिश के चलते ठेकेदार पर पड़ोसियों ने मिलकर लाठी से हमला किया। बीच-बचान करने पर पिता व पत्नी से भी मारपीट की गई। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। नयापारा निवासी हीरा सिंह राजपूत पिता भगवान सिंह (40) ठेकेदारी करते हैं। बुधवार की रात करीब 8 बजे अपने घर पहुंचे तो पड़ोसी भरत लाल यादव, इंद्र कुमार यादव, शिव कुमार यादव पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए घर के भीतर घुस गए और लाठी से हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि पिता भगवान सिंह व पत्नी लक्ष्मी राजपूत बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने रिपोर्ट दर्ज कराने थाना जाने पर हत्या करने की धमकी दी है।

अवैध शराब की भट्ठी पर पुलिस का छापा

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक तरफ शहर में पुलिस निजात अभियान चला रही है। वहीं, दूसरी तरफ सरकंडा इलाके में अवैध तरीके से दो शराब की भट्ठी चल रही थी। पुलिस ने दोनों कच्ची भट्टी बंद कराई है और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को खबर मिली कि ईश्वर पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति हाथ भट्ठी से शराब बना रहा है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां लोगों की भीड़ लगी थी। पुलिस को देखकर वे भागने लगे। एक व्यक्ति मनीष सोनी ऊर्फ गोपू पकड़ा गया। उसके हाथ में दो जरिकेन थे। एक में 10 लीटर और दूसरे में 5 लीटर महुए की शराब थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह उरतुम एनीकट के पास भी अवैध भट्ठी की सूचना पर छापेमारी की गई। इसमें अनूप केंवट (23 वर्ष) को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास भी महुए की शराब जब्त की गई।

एएसपी राहुल देव को दी गई विदाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। एएसपी ग्रामीण राहुल देव शर्मा का स्थानांतरण से राजनांदगांव होने पर उन्हें विदाई दी गई। समारोह में एसपी संतोष कुमार सिंह ने राहुल देव शर्मा को की उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी-अपनी बातों को साझा किया। समारोह में एएसपी सिटी राजेंद्र जयसवाल, सीएसपी सिविल लाइन संदीप पटेल, सीएसपी सिटी कोतवाली पूजा कुमार, डीएसपी मुख्यालय राजेश श्रीवास्तव, लाइन डीएसपी मंजू लता कुजूर ,डीएसपी सी डी लहरे, डीएसपी सी डी टंडन, आर आई भूपेंद्र गुप्ता एवं वरिष्ठ अधिकारी जिले के सभी थाना प्रभारी व कार्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाने के सामने तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई। मगरपारा एकता ब्लड बैंक गली निवासी मिर्जा नदीम बेग पिता मिर्जा जुल्फीकार बेग (23) नेशनल अपार्टमेंट में रहते हैं। उनका लाइट डेकोरेशन का कारोबार है। 19 सितंबर की सुबह 10.10 बजे उनके बड़े भाई मिर्जा फरदीन बेग अपनी बाइक से ईदगाह चौक से सत्यम चौक की ओर आ रहे थे। सिविल लाइन थाना के सामने पहुंचे थे। इसी बीच बिलासा गर्ल्स कॉलेज की ओर से तेज गति से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एएन 1685 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वे बाइक सहित गिर पड़े और उन्हें चोट आई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। छोटे भाई ने थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

चरित्र शंका, पत्नी पर टांगी व पत्थर से हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। चरित्र शंका के चलते पत्नी पर टांगी व पत्थर से पति ने हमला किया। इससे वह घायल हो गई। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। राजकिशोर नगर सीएमपीएफ कॉलोनी क्वाटर नं 2/1 निवासी ज्योति कुमारी पति मिथलेश कुमार (40) गृहिणी है और परिवार के साथ रहती है। गुरुवार की दोपहर 12.30 बजे घर पर थी। इस बीच चरित्र शंका के चलते पति उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर टांगी व पत्थर से उसपर हमला हकिया। इससे वह घायल हो गई। बेटी मिलेनियम उर्फ मिली ने आकर बीच बचाव किया तो उसकी जान बची। घायल ने अपने पति के खिलाफ थाने में जाकर शिकायत की।

अस्पतालों में लगातार आ रहे डेंगू के केस, लोग रहें सतर्क

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई शहरों में डेंगू तेजी से फैल रहा है। प्रदेश भर में अब तक 800 से ज्यादा मरीज मिल चुके हैं। डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम हर साल करोड़ो रुपए खर्च करते हैं। इसके बाद भी मच्छरों से निजात नहीं मिल पा रही है।

बिलासपुर समेत कई जिलों में फैल रहा डेंगू। दरअसल, बारिश के मौसम में डेंगू और मलेरिया के मरीज ज्यादा मिलते हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक जुलाई से लेकर नवंबर तक डेंगू के मरीज मिलने की संभावना ज्यादा रहती है। डेंगू से निपटने के लिए अस्पतालों में दवाओं की व्यवस्था और संवेदनशील इलाकों में कैंप लगाने के निर्देश दिए गए थे। नगर निगमों को डेंगू के लार्वा खत्म करने और जलजमाव जैसी समस्या को दूर करने के लिए भी कहा गया था। वहीं, वार्डों में डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की पहचान के लिए सर्वे अभियान भी चलाने के निर्देश थे। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम बेहतर साफ-सफाई का दावा करते हैं। लेकिन, ऐसा लगता है कि नालियों में बरसाती पानी का जमाव और मच्छरों के लार्वा को नियंत्रित करने का काम सिर्फ कागजों पर चल रहा है।बिलासपुर नगर निगम की ओर से हर साल मच्छरों के उन्मूलन पर 1 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने का दावा किया जाता है। वार्डो को मच्छरमुक्त बनाने के लिए सभी जोन में फॉगिंग मशीन से दवाओं के छिड़काव का दावा किया जा रहा है। लेकिन, नालियों में जल जमाव और मच्छरों पर कोई असर नहीं दिखता। बिलासपुर जिले में डेंगू ग्रामीण इलाकों में भी बढ़ रहा है। हालत ये है कि यहां मलेरिया के सात तो डेंगू के 69 मरीज मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि संवेदनशील इलाकों में लगातार सर्वे चल रहा है। महामारी नियंत्रण संचालक ने बताया कि डेंगू पीड़ितों के इलाज के लिए अस्पतालों को अलर्ट किया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों को मरीजों की पहचान के लिए सर्वे के निर्देश दिए गए हैं। जिन जगहों पर मरीज मिल रहे हैं, वहां स्वास्थ्य विभाग की टीम कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और सर्वे करने के लिए पहुंच रही है।

डेंगू से बचाव के लिए करें ये उपाय

एक दिन से ज्यादा पानी स्टोर न होने दें।

पानी के हर बर्तन को ढक कर रखें।

कूलर, नारियल के खोल, नालियों में लंबे समय तक पानी जमा न होने दें।

आसपास खुले में पानी स्टोर न होने दें।

मच्छरदानी जरूर लगाएं।

फुल आस्तीन के कपड़े पहनें।

निकायों से मिलने वाला केमिकल कूलर में डालें।

इम्यूनिटी अच्छी करने पौष्टिक आहार लें।

तेज बुखार आए तो डेंगू की जांच कराएं।

छग योग आयोग एवं महर्षि ग्रुप आफ टीचर्स ने लगाया योग शिविर

बिलासपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं महर्षि ग्रुप आफ टीचर्स के तत्वाधान में 22 सितंबर को तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया । शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदरणीय रविंद्र सिंह ठाकुर एवं प्रिंसिपल महोदया गायत्री अवस्थी जी के द्वारा मां सरस्वती जी एवं संत महर्षि महेश योगी जी के छाया चित्र का पूजन , माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक सतीश बरेठ जी (मास्टर ट्रेनर छ. ग. योग आयोग) के द्वारा योग का प्रशिक्षण स्कूली छात्रा- छात्राओं एवं वार्ड के गणमान्य नारिको को प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व रविंद्र सिंह ठाकुर जी (सदस्य छत्तीसगढ़ योग आयोग) महर्षि स्कूल हेमू नगर बिलासपुर की प्रिंसिपल गायत्री अवस्थी, ज्वाला प्रसाद पांडेय जी, युवा नेता राकेश केसरी जी, योग प्रशिक्षक - सतीश बरेठ जी (मास्टर ट्रेनर छ.ग. योग आयोग) रुकमणी मानिकपुरी, समस्त शिक्षकगण एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर बरसात के मौसम में योग एवं मेडिटेशन का लाभ उठाकर स्वास्थ्य जीवन के पथ पर अग्रसर हुए। इस शुभ अवसर पर आदरणीय रविंद्र सिंह ठाकुर ने उद्बोधन के माध्यम से भावातीत ध्यान (महर्षि महेश योगी) के संबंध में योग साधकों को अवगत कराया साथ ही इस पथ पर चलने का आग्रह किया।

स्वच्छता पखवाड़े में दो दिनों तक चली ट्रेनों की साफ- सफाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत चल रहे स्वच्छता-पखवाडा के पांचवे और छठवें दिन स्वच्छ रेलगाड़ी थीम पर दो दिन ट्रेनों के अंदर की साफ-सफाई कराई गई। ट्रेन के टॉयलेट की सफाई के साथ-साथ पानी की व्यवस्था भी देखी गई। साथ ही यात्रियों को कोच व बाथरूम में साफ रखने के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छ रेलगाडी थीम पर 20 व 21 सितम्बर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने मंडल से गुजरने वाली गाड़ियों में सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी गाड़ियों के विशेष रूप से टॉयलेट की साफ सफाई के साथ ही साथ भीतर कंपार्टमेंट सफाई व्यवस्था सही किया। डस्टबिन की जांच की, गाड़ियों के पेंट्रीकार में सफाई विशेष निरीक्षण किया। पेंट्रीकार में ऑन ड्यूटी स्टाफ को स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। गाडियों के अंदर बायोटॉयलेट उपयोग करने के निर्देश, स्वच्छता जागरूकता संबंधित पोस्टर तथा रेल परिसर में गंदगी फैलाने पर रेलवे नियमानुसार जुर्माने के प्रावधानों को बताकर यात्रियों से गाड़ियों व रेल परिसर में साफ सुथरा बनाए रखने का आग्रह किया।

कलेक्टर बोले- रक्तदान के लिए अभियान चलाएं

बिलासपुर। कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में गुरुवार को रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक कलेक्टर संजीव झा ने ली। इसमें मरीजों व आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कई अहम फैसले लिए। बैठक में समिति में पैट्रन सदस्य, वाइस पैट्रन और आजीवन सदस्य बढ़ाने, बन रहे सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कोनी और नूतन चौक सरकंडा में रेडक्रास के नए दवाई दुकान खोलने पर सहमति के साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर झा ने बैठक में कहा कि रेडक्रॉस का प्रमुख उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता प्रदान करना है। जिले में यह सोसायटी अपने उद्देश्यों को पूरा तभी कर सकता है जब उनके पास पर्याप्त दवाइयां और ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त मौजूद हो। कलेक्टर ने सभी जरूरी दवाइयों रखने के निर्देश दिए।

युवाओं को कौशल विकास और एनईपी की मिलेगी जानकारी : कुलपति

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ.सीवी रमन यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने,कौशल विकास की जानकारी देने और करियर काउंसलिंग के उद्देश्य से देशव्यापी कौशल विकास यात्रा की शुरुआत की है। यात्रा देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में भ्रमण कर युवाओं को जागरूक करेगी। विवि से कुलपति प्रो.रवि प्रकाश दुबे एवं कुलसचिव गौरव शुक्ला ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अंचल में यह यात्रा तखतपुर, मुंगेली, बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा मरवाही होते हुए वापस विवि पहुंचेगी। अवसर पर कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही ये यात्रा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों तक पहुंचेगी और उन्हें कौशल विकास के महत्व के प्रति जागरुक करेगी। साथ ही यह यात्रा सीवीआरयू और आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराते हुए उन्हें उद्यमिता, कौशल विकास एवं उच्च शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा में साथ चल रहे विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन देने का भी काम करेंगे। पांच ट्रेंड में हो रही विवि में पढ़ाई सीवीआरयू कौशल विकास केंद्र के निदेशक राशिद खान ने बताया केंद्र में 5 ट्रेड में पढ़ाई कराई जा रही है।

नशा कर गणेश विसर्जन करने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस को लेकर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार शराब समेत अन्य नशा कर शामिल होने वाले पुलिस के निशाने पर होंगे। जुलूस में शामिल होने वाले शराबियों के साथ ही संबंधित झांकी के आयोजकों के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी। इसे लेकर संबंधित पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने का आदेश दिए गए हैं। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान होने वाले विवाद को देखते हुए पुलिस इस बार सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरत रही है।

एसपी संतोष सिंह ने बताया कि विसर्जन जुलूस को लेकर शहर में पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवान लगाए जाएंगे। खुफिया इकाइयों को भी नजर रखने कहा गया है। जुलूस में शामिल होने वाली हर झांकी पर निगरानी रहेगी। जुलूस में यदि कोई नशे की हालत में मिलता है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही संबंधित झांकी के आयोजकों पर भी कार्रवाई होगी। ऐसे लोगों की लोगों की पहचान की जाएगी और थाना लाया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने एसपी ने इसके लिए सभी थाने की पुलिस को हिदायत दी है।

इस साल गणेश विसर्जन के दौरान डीजे पर भी पुलिस नजर रखेगी। डीजे को लेकर जो गाइडलाइन जारी कर दी गई है, उसका पालन कराया जाएगा। कानफोड़ू डीजे बचाने वाले को पहले चेतावनी दी जाएगी। अगर आवाज कम नहीं हुआ तो विसर्जन के बाद इन्हें जब्त किया जाएगा। पुलिस इस दौरान जुलूस का वीडियो भी बनाएगी। पुलिस हर गणेश पंडाल में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान निजात का बैनर-पोस्टर लगाएगी।

कोल्ड स्टोरेज में रखे 3. 20 लाख रुपए नगद व डीवीआर ले गए चोर

बिलासपुर। सिरगिट्टी क्षेत्र के कोल्ड स्टोरेज से किसी ने 3 लाख 20 हजार रुपए व सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर पार कर दिया। कतियापारा निवासी नितेश कुमार देवांगन अंशु कोल्ड स्टोरेज में मैनेजर हैं। यहां कच्चे केले को पकाकर थोक फल विक्रेताओं को बेचा जाता है। इससे मिले रकम को वह टेबल की दराज में लॉक कर रखते हैं। रोज की तरह 19 सितंबर की रात करीब 10.30 बजे बिक्री की रकम 3 लाख 20 हजार रुपए को काले रंग के हैंडबैग में डालकर टेबल के दराज में रखकर घर चले गए। दूसरे दिन सुबह करीब 9 बजे आए तो पैसे व सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर गायब थे। उसने कोल्ड स्टोरेज के मालिक अनिल सलूजा को फोन से सूचना दी और थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

निबंध स्पर्धा में डॉ. निगम रहीं प्रथम दिव्या द्वितीय और तृतीय दीपिका

बिलासपुर। एसईसीएल इंदिरा विहार स्थित बिलासपुर भवन में एसईसीएल श्रद्धा महिला मंडल राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता कराई।

अध्यक्ष पूनम मिश्रा, उपाध्यक्ष रीतांजली पाल, राजी श्रीनिवासन, संगीता कापरी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में श्रद्धा महिला मंडल की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें 11 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बहुसंख्य प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर डॉ. स्मिता निगम, दूसरे स्थान पर दिव्या सक्सेना और तीसरे स्थान पर दीपिका साहू रहीं। श्रद्धा महिला मंडल अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसमें अन्य प्रतिभागी पूनम श्रीवास्तव, आशा चंद्र माधव, डॉ. आशा रॉय, सागरिका पटनायक, उज्जवला पातुरवार, सेलेस्टिन साहू, चंपा यादव, पूनम सिंह थी। अतिथियों ने कहा कि हिंदी भारतीय की शान है, हर भारतीय का अभिमान है के संदेश को सार्थक करते हुए यह कार्यक्रम उत्साह और उत्सव माहौल में मनाया गया। निर्णायक की भूमिका में डॉ. कल्याणी जैन और सविता निर्मलकर ने निभाई।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कोरबा में शुरू की नई शाखाएं

बैंक की छत्तीसगढ़ में अब 19 और देश भर में 871 शाखाएं

कोरबा/नवप्रदेश। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल या बैंक) ने कोरबा में अपने बैंकिंग शाखा का उद्घाटन किया। जिससे छत्तीसगढ़ राज्य में कुल शाखाओं की संख्या 19 हो गई है। इसके साथ, बैंक की, देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 871 बैंकिंग शाखाएँ हैं।

इस अवसर पर, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इस बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ उद्यमिता को बढ़ावा देने, वित्तीय आत्मविश्वास को बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करके स्थानीय समुदाय का समर्थन करना है। बैंक अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करने की स्थिति में है, जिसमें बचत और चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा के साथ-साथ आवास ऋण, व्यवसाय ऋण और संपत्ति के खिलाफ ऋण जैसे विभिन्न लोन शामिल हैं। अपनी शाखा संरचना, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के साथ, बैंक एकीकृत ग्राहक सेवा प्रदान करता है।

यह लॉन्च बैंक की पहुंच बढ़ाने और ग्राहकों को चालू और बचत खाते, सावधि और आवर्ती जमा, ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पादों सहित वित्तीय सेवाओं की संपूर्ण श्रृंखला की पेशकश करने की रणनीति के अनुरूप है। ग्राहक शाखाओं, 24*7 एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर जैसे कई चैनलों के माध्यम से बैंकिंग तक पहुंच सकते हैं। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का लक्ष्य माइक्रो-बैंकिंग लोन (जेएलजी ऋण), एमएसएमई लोन, आवास ऋण और संपत्ति के विरुद्ध ऋण सहित समाज के अन्य वर्गों की सेवा करते हुए वंचित और असेवित ग्राहक वर्गों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है। इसके अलावा, बैंक ग्राहकों को टैबलेट आधारित एप्लिकेशन असिस्टेड मॉडल, डिजी ऑन-बोर्डिंग के माध्यम से शाखा में आए बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है।

शिक्षा-स्वास्थ्य, कृषि जैसे बुनियादी कार्यों को सशक्त बनाने नियुक्त होंगे ब्लॉक फेलो

- **आकांक्षी ब्लॉक कोरबा व पोड़ी उपरोड़ा में फेलो के 2 पदों पर भर्ती के लिए जिला पंचायत से वेकेंसी जारी**

कोरबा/नवप्रदेश। विकासखंड स्तर पर गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत बुनियादी कार्यों को जन जन तक पहुंचने के कार्यों को गति देने एक नई व्यवस्था की जा रही है। इन कार्यों को सशक्त करने की जिम्मेदारी अब ब्लॉक फेलो निभाएंगे। इसके लिए जिले के दो आकांक्षी ब्लॉक कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा में फेलो की नियुक्ति की जाएगी। जिला पंचायत से आवेदन का प्रारूप जारी कर दिया गया है।

आकांक्षी ब्लॉक फेलो के दो पदों पर यह भर्ती आदेश 3 माह के लिए होगी। कार्य संतोषप्रद एवं आवश्यकता होने पर नियुक्ति की तिथि से 1 वर्ष तक के लिए प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट से जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, कक्ष कक्ष क्रमांक 29 प्रथम तल, कलेक्ट्रेट परिसर कोरबा में 27 सितंबर को शाम 5.30 बजे तक प्रस्तुत करना होगा। जिले के कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेश और बुनियादी जैसे कार्यों को बढ़ावा देने और योजना का सुचारू रूप से संचालन हेतु आकांक्षी ब्लॉक फेलो के 2 पद पर भर्ती के लिए वेकेंसी जारी की गई है। भर्ती के नियम एवं शर्तें पर गौर करें तो आवेदनकर्ता की आयु 1 जनवरी 2023 को 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवेदनकर्ता किसी भी विषय में स्नातकोत्तर होना अनिवार्य है।आवेदक को हिन्दी, अंग्रेजी बोलना एवं लिखना आना चाहिए। आवेदक को डाटा विश्लेषण एवं प्रस्तुती कौशल (Presentation skills) में निपुण होना चाहिए और सोशल मीडिया के उपयोग से परिचित होना चाहिए। परियोजना प्रबंधन कौशल होना चाहिए और संचार कौशल में निपुण होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अपने कार्यस्थल में रहकर कार्य संपादन करना अनिवार्य है। विकास संबंधित संगठन (Development Organisation) के साथ काम करना एवं इंटर्नशिप का अनुभव होना चाहिए। संबंधित विकासखण्ड का स्थानीय बोली का ज्ञान होना चाहिए। निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अनुसार Development अथवा Rural Stream में उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दिया जाएगा। उक्त पद पर प्रतिमाह स्टायपेंड के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा। भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर जिला कोरबा को होगा जो सभी आवेदकों के लिए बाध्यकारी होगा। यह भर्ती आदेश नियुक्ति की तिथि से 3 माह के लिए होगी कार्य संतोषप्रद एवं आवश्यकता होने पर भर्ती तिथि से 1 वर्ष तक के लिए रखा जाएगा। आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक एक स्पीड पोस्ट से 27 सितंबर को शाम 5.30 बजे तक प्राप्त होना चाहिए।

कलेक्टर ने शहर में सड़कों के गड्ढे भरवाने आयुक्त को दिए निर्देश

- **बारिश के पश्चात काम की गति बढ़ाने के लिए किया निर्देशित**

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी को निगम क्षेत्र के सड़कों के गड्ढों को भरने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बारिश के कारण शहर के सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिससे शहरवासियों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने निगम आयुक्त को सड़कों के गड्ढों की भराई का कार्य निरंतर करने के निर्देश दिए। जिससे शहरवासियों को राहत मिले तथा सड़कों में पानी का जमाव की समस्या न हों।

इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बारिश के पश्चात सड़कों की मरम्मत कार्य के लिए विस्तृत कार्य योजना के साथ युद्ध स्तर पर सड़क मरम्मत प्रारंभ किया जाए। निगम ईई श्री अमरेश लोहिया ने बताया कि वर्तमान में यातायात सुचारू करने हेतु शहर की विभिन्न स्थानों में गड्ढे भराई का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत विजयपुर, मिनीमता चौक जैसे विभिन्न स्थानों में लगातार गड्ढे भरने का कार्य किया जा रहा हैं। इसके साथ ही डब्ल्यूबीएम, पेवर ब्लॉक जैसे कार्य भी लगातार किया जा रहा है। जिससे शहरवासियों को सड़कों के गड्ढों से निजात मिल सके।

वादा कर के भूल गए निगम के अफसर, वार्ड विकास के मुद्दे पर भूख हड़ताल करेंगे कोसाबाड़ी पार्षद अजय

- **वार्ड 32 के पार्षद अजय कुमार गोड़ ने आयुक्त को लिखा पत्र, नगर निगम कार्यालय साकेत के सामने 25 से भूख हड़ताल पर बैठेंगे**

कोरबा/नवप्रदेश। वार्ड 32 कोसाबाडी के पार्षद अजय कुमार गोड़ 25 सितंबर से भूख हड़ताल करेंगे। उनका कहना है कि वार्ड के विकास के लिए मिलने वाली पार्षद निधि 3 साल से लम्बित है। सड़क नाली समेत अनेक कार्य बार बार अवगत कराए जाने के बाद भी नहीं कराए गए। इन बातों को लेकर आंदोलन करना पड़ा, जिसके बाद नगर निगम के जोन अफसर ने जल्द कार्यों को शुरू करने का वादा किया। वह वादा भी अधूरा है। इसलिए अब वे वार्ड के विकास के मुद्दे पर निगम प्रशासन की अनदेखी का भूख हड़ताल के जरिए विरोध प्रदर्शित करेंगे।

इस संबंध में नगर निगम की आयुक्त को पत्र लिखते हुए पार्षद अजय कुमार ने बताया कि कोसाबाड़ी जोन प्रभारी द्वारा विकास कार्य के वादा खिलाफी की गई। वार्ड की समस्या को लेकर 5 जुलाई को कोसाबाड़ी जोन में उनके नेतृत्व में आंदोलन एवं घेराव किया गया था। कोसाबाड़ी जोन प्रभारी के आश्वासन पर दोपहर 2 बजे के बाद आन्दोलन एवं घेराव को स्थगित कर दिया गया था। अधिकारियों ने कहा था कि आपके वार्ड के बड़े बड़े काम को शासन ने प्रस्ताव बनाकर भेज दिया जायेगा और छोटे कामो को मरम्मत संधारण मद से पंद्रह से तीस दिन के भीतर टेण्डर लगाकर कार्य प्रारंभ करवा देंगे। इसके बाद 21 अगस्त को फिर लिखित में शिकायत करने पर भी मरम्मत संधारण मद का एक भी टेण्डर नहीं लगा और न ही कोसाबाड़ी जोन प्रभारी द्वारा कोई भी जवाब नहीं दिया जा रहा है। पार्षद का कहना है कि अगर मेरे वार्ड में कम से कम चार संधारण मद का टेण्डर नही लगेगा तो, वे 25 सितंबर को नगर निगम के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। उन्होंने आयुक्त से आग्रह किया है कि उनकी मांगो को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जन समस्याओं का निराकरण किया जाए। अन्यथा मांगो के पूरा नहीं होने पर वे भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे।

इन मांगों के अधूरे होने पर नाराजगी

पार्षद अजय कुमार ने 5 जुलाई को जो मांगें रखीं थीं, उनमें तीन वर्ष के कार्यकाल की पार्षद निधि को जल्द से जल्द किया जाये। रिस्दी, डिंगापुर, सतनाम नगर, बैगिनडभार, सिंगापुर में जर्जर नाली एवं जर्जर सीसी रोड मरम्मत किया जाए। रिस्दी, डिंगापुर, सतनाम नगर, बैगिनडभार, सिंगापुर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बरसात के दिनों में कच्ची सड़के एवं कच्चे नाली दलदली होने के कारण आमजनो को परेशानी हो रही है, नया सीसी रोड़ एवं नया नाली निर्माण किया जाये। रिस्दी, डिंगापुर के जर्जर डामरीकरण को मरम्मत, साधारण मद से किया जाए। जर्जर सामुदायिक भवन को मरम्मत, साधारण मद से किया जाये। जर्जर आंगनबाड़ी भवन को मरम्मत, साधारण मद से किया जाये एवं दो नया आंगनबाड़ी, रिस्दी, डिंगापुर, सतनाम नगर, बैगिनडभार, सिंगापुर, हाउसिंग बोर्ड में स्ट्रीट लाईट लगाया जाए। जल आवर्धन योजना के तहत वार्ड में लगभग तीन किलोमीटर पाईप लाईन बिछाया जाए।

नोडल अधिकारी अपने दलों की ट्रेनिंग करवा लें पूरी : कलेक्टर

- **कलेक्टर श्री सिन्हा ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक, निर्वाचन के तैयारियों की हुई समीक्षा**
- **मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि 04 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। जिसके तुरंत बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता लागू कर दी जाएगी। अतः निर्वाचन संपन्न कराने के लिए जो प्रशासनिक तैयारियां चल रही हैं, उन्हें समयावधि को ध्यान रखते हुए पूरी कर ली जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को उनकी टीम में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों की ट्रेनिंग जल्द पूर्ण करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया।

कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ निर्वाचन के दौरान मतदान दलों को सामग्री वितरण, उनके आने जाने और रुकने के इंतजाम, मतदान केंद्रों में व्यवस्था, विधानसभा वॉर नामांकन पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था, फ्लाइंग स्क्वाड और स्टेटिक सर्विलेंस टीम, व्यय प्रेक्षण, पोस्टल बैलेट, शिकायत निवारण, निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था आदि के संबंध में तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए समय-सीमा में सारी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी नोडल अधिकारियों से अब तक हुई तैयारियों के विषय में जानकारी भी ली।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, ज्वाइंट कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, ज्वाइंट कलेक्टर धनीराम रात्रे सहित सभी एसडीएम व नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

निर्वाचन में लगे सभी टीमों की ट्रेनिंग करवा लें नोडल अधिकारी

कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन संपन्न कराने के लिए अलग-अलग कार्यों के लिए टीमें गठित की गई हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी नोडल अधिकारियों को उनसे जुड़े कार्य के लिए गठित टीमों के ट्रेनिंग जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे सभी कार्य सुचारू रूप से संपादित हों।

मतदान केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं हो सुनिश्चित : कलेक्टर

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मतदान केंद्रों में पीने का पानी, रैंप, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। साथ ही यहां मतदान दलों के रुकने, आने-जाने का रूट चार्ट के बारे में भी समुचित जानकारी संबंधित दल के लिए तैयार कर लें। उन्होंने सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवा लें।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि जिले में नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, कुछ मतदान केंद्रों के भवन एवं स्थल परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने इन मतदान केंद्रों के मतदाताओं को अनिवार्य रूप से उनके मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दें।

डेंगू से बचने घरों में जमा अनुपयोगी पानी तुरंत करें खाली : स्वास्थ्य अधिकारी

- **डोर टू डोर सर्वे में घरों में कूलर, फ्रिज कंटेनर व अन्य जगहों पर लंबे समय से पानी जमा होने के बहुत से मामले आ रहे सामने**

रायगढ़/नवप्रदेश। डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीम लगातार फील्ड पर सर्वे और साफ-सफाई के कार्य में लगी हुई है। टीम घर घर जाकर डेंगू लार्वा की जांच कर रही है। डेंगू से बचाव के लिए रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में लगातार समझाइश दे रही है। डेंगू की जांच और उपचार के लिए भी व्यवस्थाएं बढ़ाई गई हैं। इन सभी के साथ डेंगू के रोकथाम के लिए जन सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी तक शहर में संपर्क किए घरों में काफी मामले ऐसे आए हैं जहां लंबे समय से कूलर, गमले, आदि जगहों पर पानी जमा है, जो डेंगू लार्वा के पनपने के लिए सबसे अनुकूल जगह होती है। डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है लार्वा को नष्ट करना और ऐसा कोई वातावरण नही देना जिससे वह फिर से पनप सके। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा है कि अपने-अपने घरों में जांच कर लें। यदि घर के भीतर या आस-पास कूलर, फ्रिज के कंटेनर, गमले, टायर या अन्य स्थानों पर लंबे समय से पानी जमा है तो उसे तत्काल खाली करें। क्योंकि ऐसे पानी में डेंगू लार्वा पनपने की संभावना अत्यधिक होती है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

बीजेपी ने हड़बड़ी में की...

बता दें कि राजिम की दावेदारी के लिए बीजेपी के पास कई उपयुक्त नाम रहते हुए भी उनकी अनदेखी की गई है जो पार्टी और क्षेत्र में पुराने नाम हैं। इसमें संदीप शर्मा, संतोष उपाध्याय और चंदूलाल साहू जैसे प्रमुख नाम हैं। राजिम से अब तक 11 बार ब्राम्हण जीते हैं। संदीप शर्मा और राजेश साहू जैसे नामों पर भी चर्चा की खबरें हैं। श्वेता शर्मा और मुरलीधर सिन्हा की भी चर्चा है।

क्या बदले जायेंगे दोनों प्रत्याशी : छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से आरपार की लड़ाई लड़ रही भाजपा में फिलहाल आरएसएस की अनदेखी का माद्दा नहीं है। यह भी दावा है कि बीजेपी की दूसरी लिस्ट में राजिम और-लुंड्रा विधानसभा के प्रत्याशियों को बदला जा सकता है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इन्हीं मतभेदों के चलते बीजेपी की दूसरी लिस्ट अटक गई है। जबकि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी बैठक भी हो चुकी है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बीते शुक्रवार को ....

प्रांत संघ चालक पूर्णेन्दु सक्सेना भी उपस्थित थे। सूत्रों की मानें तो विस चुनाव को लेकर एवं प्रत्याशियों के नाम को लेकर गंभीर मंथन हुआ।

राजस्थान में केंद्र ...

समर्थन किया। बीजेपी कह रही है कि महिला आरक्षण लागू करने के लिए नई जनगणना और परिसीमन की आवश्यकता है, लेकिन वास्तव में 33 प्रतिशत आरक्षण आज लागू किया जा सकता है। बीजेपी आरक्षण में 10 साल की देरी करना चाहती है और हम चाहते हैं कि इसे लागू किया जाए और हम चाहते हैं कि ओबीसी महिलाओं को इसका लाभ मिले।

हिंदुस्तान की राजनीतिक...

पार्टियां अब आपसे डर रही हैं, कांप रही हैं।'' इसके बाद पीएम मोदी रुद्राक्ष सेंटर पहुंचे। यहां 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया। इस दौरान योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियां राजनीति के लिए धन खपा रहीं हैं। जबकि योगी आदित्यनाथ सरकारी पैसे का इस्तेमाल कूल बनवाने में कर रहे हैं। यही हमारी पार्टियों और दूसरे दलों में अंतर है। पीएम मोदी एयरपोर्ट से गंजारी स्थित जनसभा स्थल हेलिकॉप्टर से पहुंचे। फिर खुली जीप में लोगों के बीच गए। शिव धाम जैसे इंटरनेशनल स्टेडियम का शिलान्यास किया। मोदी ने हर-हर महादेव से स्पीच की शुरुआत की। फिर भोजपुरी में कहा-आज फिर से बनारस आवे के मौका मिलल हौ, जो आनंद बनारस में है, वह कहीं नहीं। मोदी ने कहा- ये स्टेडियम न सिर्फ वाराणसी, बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए वरदान जैसा होगा। युवा टैलेंट को तलाशना और तराशना जरूरी है। जबसे इस स्टेडियम की तस्वीरें बाहर आई है, उन्हें देखकर हर काशीवासी गदगद हो गया है। ये स्टेडियम शिवजी को समर्पित है। यहां एक साथ 30 हजार लोग मैच देख सकेंगे।

शव यात्रा निकाल रहे ...

ही युवाओं की भीड़ सिटी कोतवाली चौक पहुंची। पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान पुलिस से कार्यकर्ताओं की झूमाझटकी हुई। लेकिन, पुलिस ने उन्हें आगे ही नहीं बढ़ने दिया। ऐसे में महज आधे घंटे में ही पदाधिकारी शांत हो गए और नारेबाजी कर लौट गए।

अब पीएम मोदी पर कांग्रेस ...

के लिए ऐसी घृणित भाषा का प्रयोग करने के लिए कांग्रेस में लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है। बता दें कि हाल फिलहाल में बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी संसद के विशेष सत्र के दौरान गुरुवार को बीएसपी सांसद दानिश अली के खिलाफअपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए संसदीय मर्यादा की सारी सीमा लांघ गए। बिधूड़ी के बयान पर पर विपक्ष ने हंगामा खड़ा कर रखा है और उनको संसद से निलंबित करने की मांग पर अड़ा हुआ हैद्ध वहीं, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिधूड़ी को कारण बताओं नोटिस जारी किया और पूछा है कि उनके खिलाफ क्यों कार्रवाई नहीं की जाए?

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला- बिलासपुर
द्वितीय निविदा सूचना

क्रमांक/ प्रयास /2023-24/1675 बिलासपुर दिनांक 21.09.2023

छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/1287/384/2023/25-2 दिनांक 14.07.2023 के परिपालन में प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर रमतला बिलासपुर के बालक/बालिका खण्ड एवं अन्य पिछड़ावर्ग नवीन प्रयास के मेस संचालन हेतु सत्र 2023-24 हेतु पंजीकृत फर्मों/आपूर्ति कर्ताओं से निम्नानुसार सामग्री आपूर्ति हेतु सील बंद द्वितीय निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सामग्री का नाम	अमानत राशि	
		बालक/बालिका खण्ड	अन्य पिछड़ावर्ग
1.	खाद्य सामग्री	116100.00	23500.00
2.	सब्जी/फल	24100.00	4900.00
3.	मांसाहार सामग्री	3500	800.00
4.	डेयरी सामग्री	18400	3400.00

निविदा फार्म, शर्तें/सामग्री सूची कार्यालय प्रयास आवासीय विद्यालय रमतला बिलासपुर से कार्यालयीन दिवसों में दिनांक 22.09.2023 से 27.09.2023 तक प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक आवेदन शुल्क रू.500.00/- नगद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है। तथा पूर्ण रूपेण भरी हुई मुहरबंद निविदा कार्यालय प्रयास आवासीय विद्यालय रमतला बिलासपुर में निर्धारित अमानत राशि जो बैंक ड्राफ्ट के रूप में निविदा फार्म के साथ दिनांक 29.09.2023 को सायंकाल 05.00 बजे तक Technical Bid and Financial Bid पृथक-पृथक लिफाफे में जमा किया जा सकता । प्राप्त निविदाएं दिनांक 04.10.2023 को दोपहर 03.00 बजे जिला स्तरीय समिति एवं उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा। (स्थल की जानकारी पृथक से दी जायेगी) अमानत राशि केवल डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार किये जायेंगे । निविदा फार्म में दर्शायी गयी सूची के अनुसार नमूना (Sample) निविदाकर्ता द्वारा निविदा प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पूर्व में लिये गये निविदाकर्ता के आवेदन मान्य किये जायेंगे उन्हें आवेदन शुल्क की राशि देना नही होगा।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास बिलासपुर

जी-05624/2

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

ई आफीस- 1188803

सूचना

जगन्नाथपुर खुली खदान परियोजना हेतु भू-अधिग्रहण के एवज में नियमानुसार रोजगार देने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया में ग्राम चउरा की भूस्वामी एवं उनके आश्रित द्वारा रोजगार हेतु प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों में उनके स्वयं/माता पिता/आश्रितों के नाम में अंतर है तथा दस्तावेजो जैसे- बी 1, पंचशाला, ऋण पुस्तिका, योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पत्रक-5, पत्रक-6 में विभिन्न नाम दर्ज है। तत्संबंध में भूस्वामी एवं प्रस्तावित व्यक्ति द्वारा सही नाम का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जा रही है :-

ग्राम-चउरा

क्र.	स्टेटमेंट 1(A) के समय भू-स्वामी का नाम	भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम	खसरा न०	अधिग्रहित एकबा हे० में	उम्मीदवार का वास्तविक नाम शपथ पत्र के अनुसार	रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार व्यक्तिगत के दस्तावेजो में नाम
01	सावित्री एक्का आ० मानसाय, पत्नी रामकिशुन एक्का	राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम- सावित्री पुत्री मानसाय; राजस्व दस्तावेजों (बी-1) में नाम- सावित्री पिता मानसाय; नामांकन में नाम- सावित्री एक्का आ० मानसाय, पत्नी रामकिशुन एक्का; वंशवृक्ष में नाम- सावित्री एक्का पुत्री मानसाय, पत्नी रामकिशुन एक्का; आधार कार्ड में नाम-सावित्री एक्का पत्नी रामकिशुन एक्का; वोटर कार्ड में नाम- सावित्री एक्का पत्नी रामकिशुन एक्का	889/1048; 889/1050; कुल 02	0.275; 0.089; 0.364 (0.899 एकड़)	आशीष कुमार एक्का आ० रामकिशुन एक्का माता सावित्री एक्का	नामांकन में नाम- आशीष कुमार एक्का आ० रामकिशुन एक्का माता सावित्री एक्का; वंश वृक्ष में नाम- आशीष कुमार एक्का पुत्र रामकिशुन एक्का माता सावित्री एक्का; आधार कार्ड में नाम- आशीष कुमार एक्का आ० रामकिशुन एक्का; वोटर कार्ड में नाम- आशीष कुमार एक्का आ० रामकिशुन एक्का; जाति प्रमाण पत्र में नाम- आशीष कुमार एक्का आ० रामकिशुन एक्का; निवास प्रमाण पत्र में नाम- आशीष कुमार एक्का आ० राम किशुन एक्का; राशन कार्ड में नाम- आशीष एक्का आ० रामकिशुन एक्का माता सावित्री एक्का; शैक्षणिक दस्तावेज 10th- ASHISH KUMAR EKKA S/O RAMKISHUN EKKA, MOTHER-SAVITRI DEVI

उपरोक्त दर्शाये गये भूमि खसरा नम्बर के सामने दर्शाये गये व्यक्तियों को रोजगार दिया जाना है। जिसमें यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति है, तो समाचार पत्र में प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर निम्न पते पर लिखित शिकायत दर्ज कर सूचित करें- पता- उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, कार्यालय-जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, एसईसीएल भटगाँव क्षेत्र, धरमपुर, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर छ0ग0।

SECL/23-24/174

उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, भटगाँव क्षेत्र

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 से 15 तक दिनांक 30.09.2023 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू. क्र. / दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	222	बुटेना घेराभाठा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10=2.00 कि.मी., दैजा विजयपुर मार्ग के कि.मी. 2 एवं 4=2.00 कि.मी.. खपरी बीजा करगी मार्ग के कि.मी. 17/10 से 19/8= 2.00 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य प्रथम आमंत्रण संभाग संभाग क्र.-2 बिलासपुर	164.96
2	223	कोटा उपसंभाग अंतर्गत् कोटा अचानकमार मार्ग के कि.मी. 37, 38, 41 एवं 42 लंबाई 4.00 कि.मी. कोटा नवांगांव सल्फा सेमरिया मार्ग के कि.मी. 9 से 11=लंबाई 3.00 कि.मी. कोटसागर (शासकीय कॉलेज) पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/2=लंबाई 1.20 कि.मी., लिंक रोड कोटा मार्ग लं. 1.80 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य । प्रथम आमंत्रण संभाग संभाग क्र. -2 बिलासपुर	147.06
3	224	काठाकोनी, मेढ़पार मार्ग के कि.मी. 8 एवं 9 = 2.00 कि.मी. काठाकोनी मेढ़पार मार्ग के कि.मी. 12 एवं 13 लंबाई 2.00 कि.मी. एवं सांवाडबरा कोडासर मार्ग लंबाई 1.20 कि. मी. में बी. टी. रिनीवल कार्य। प्रथम आमंत्रण संभाग संभाग क्र.-2 बिलासपुर	133.66
4	225	सकरी हाफा मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. अमेरी से इन्दिरा आवास अमेरी पहुंच मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. छतौना सकर्रा मार्ग के कि.मी. 1/6 से 3/10=2.60 कि.मी. दूसरी बटालियन आवासीय कालोनी सकरी मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. एवं उस्लापुर स्टेशन पहुंच मार्ग लंबाई 0.80 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य। प्रथम आमंत्रण संभाग संभाग क्र.-2 बिलासपुर	170.90
5	226	पेण्डाराकापा भरुवागुडा छ्टन दाबो मार्ग के कि.मी. 11/2 से 13/10 3.00 कि.मी. फास्टरपुर दामापुर मार्ग के कि.मी. 1/2 से 4/10=4.00 कि.मी. एवं धरमपुर हथनीकला पहुच मार्ग 2.90 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य प्रथम आमंत्रण मुंगेली संभाग मुंगेली	158.52
6	227	सरगांव पथरिया मार्ग के कि.मी. 8/2 से 10/10=3 कि.मी. एवं 19/2 से 21/62.60 कि.मी. कुल 5.60 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य। प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग मुंगेली	130.29
7	228	उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर अंतर्गत मोपका खैरा जयरामनगर मार्ग के कि.मी. 5 एवं 6= 2.00 कि.मी. एवं कि.मी. 3 एवं 4 = 2.00 कि.मी. में डामर नवीनीकरण कार्य। प्रथम आमंत्रण संभाग क्र.- 1 बिलासपुर।	118.35
8	229	अनुविभाग कोनी अंतर्गत रतनपुर कोटा मार्ग (मुख्य जिला मार्ग)। 3 एवं 52.00 कि.मी. और किमी. 8 और 10 = 2.00 किमी. प्रथम आमंत्रण संभाग क्रमांक 1 बिलासपुर में डामर नवीनीकरण कार्य।	118.45
9	230	उपसंभाग कोनी अंतर्गत रतनपुर नवागांव पहुंच मार्ग (ग्रामीण मार्ग) एवं रतनपुर नयापारा मार्ग (ग्रामीण मार्ग) के कि.मी. 5.40 कि.मी. में डामर नवीनीकरण कार्य । प्रथम आमंत्रण संभाग क्र.-1 बिलासपुर।	67.74
10	231	उपसंभाग क्र. 1 बिलासपुर नेहरू चौक से दरीघाट मार्ग (शहरी मुख्य जिला मार्ग) के कि.मी. 5/10 से 6/40.60 कि.मी., जेल पहुंच मार्ग (अन्य जिला एवं ग्रामीण मार्ग) लं. 0.40 कि.मी. डी.पी. वर्मा मार्ग (अन्य जिला एवं ग्रामीण मार्ग) लं. 1.05 कि.मी. एवं कुदुदण्ड मंगला मार्ग (अन्य जिला एवं ग्रामीण मार्ग) लं. 2.00 कि.मी. में डामर नवीनीकरण कार्य । प्रथम आमंत्रण संभाग क्र. -1 बिलासपुर।	174.36
11	232	पेण्ड्रीडीह झल्फा मोहभट्ठा मार्ग (ग्रामीण मार्ग) के कि.मी. 4/2 से 5/6=1.60 कि.मी. में डामर नवीनीकरण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.- 1 बिलासपुर।	25.38
12	233	उपसंभाग चांपा अंतर्गत रेस्ट हाउस हसौद पहुंच मार्ग लंबाई 0.25 कि.मी.रेस्ट हाउस बाराद्वार पहुंच मार्ग लंबाई 0.20 कि.मी. एवं बाराद्वार जैजैपुर हसौद मार्ग कि.मी. 6 एवं 72.00 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य प्रथम आमंत्रण चांपा संभाग चांपा।	66.36
13	234	जांजगीर नैला वार्ड नं. 8 के हाईस्कूल ग्राउण्ड में आर.सी.सी. शेड का कार्य । प्रथम आमंत्रण चांपा संभाग चांपा।	24.23
14	235	बेलटुकरी खैजा नहरपार मार्ग का निर्माण लंबाई 0.80 कि.मी. का कार्य। प्रथम आमंत्रण चांपा संभाग चांपा।	75.29
15	236	जिला कोरबा के मुड़ापार (ई.डी.यू.) में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य । प्रथम आमंत्रण कोरबा संभाग कोरबा।	60.83

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंतान
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-05592/8

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

ऋण योजना को लेकर दिशा-निर्देश जारी

कोरबा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 02 मई 2023 को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिनों के आभार सम्मेलन में छत्तीसगढ़ महिला कोष योजनाओं में विभिन्न स्वीकृति की घोषणा की गई थी। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना अन्तर्गत ऐसे महिला समूह जिन्होंने प्रथम बार ऋण लेकर पूर्ण रूप से ऋण का भुगतान कर लिया हो, उन्हें अब अधिकतम 04 लाख के स्थान पर 06 लाख ऋण की पात्रता होगी। साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों से 04 से 06 लाख तक ऋण की अदायगी ऋण प्राप्ति के 6 माह पश्चात् 60 मासिक किश्तों में किया जाना है। शेष योजना यथावत् रहेगी। इसी प्रकार सक्षम योजना अन्तर्गत पात्र महिला हितग्राही जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 01 लाख तक है, अब महिला हितग्राही के वार्षिक आय की सीमा को बढ़ाकर 02 लाख तक कर दी गई है। साथ ही योजना अन्तर्गत ऋण प्राप्ति हेतु पात्रता, महिला के परिवार के वार्षिक आय के स्थान पर महिला हितग्राही की वार्षिक आय से गणना किए जाने की भी स्वीकृति प्रदान किया गया है। शेष योजना यथावत् रहेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने उपरोक्त स्वीकृति के लिए लागू शर्तों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में प्रावधानित बजट से अधिक की मांग नहीं की जाएगी। साथ ही ऋण की वसूली नियमित तौर पर किया जाएगा एवं पुनः ऋण की पात्रता का लाभ नियमित किश्त अदा करने वाले हितग्राहियों को ही दिया जाएगा।

आकांक्षी ब्लॉक फेलो पद के लिए आवेदन आमंत्रित

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के कोरबा एवं पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेश और बुनियादी जैसे कार्यों को बढ़ावा देने और योजना का सुचारू रूप से संचालन हेतु आकांक्षी ब्लॉक फेलो के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 27 सितम्बर तक निर्धारित प्रारूप में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय कक्ष क्रमांक 29 में रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से अधिक व शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर (किसी भी विषय में) वांछनीय है। अंग्रेजी व हिन्दी भाषा का ज्ञान (लिखना-बोलना) आवश्यक है। साथ ही अभ्यर्थी को संबंधित विकासखण्ड के स्थानीय भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है। आवेदक को डाटा विश्लेषण एवं प्रस्तुती कौशल के साथ सोशल मीडिया के उपयोग से परिचित होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया 29 सितम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत प्रातः 10 बजे पात्र/अपात्र का परीक्षण सूची जारी करना, दोपहर 01 से 02 बजे तक दावा आपत्ति मंगाना व निराकरण तथा 03 बजे से 05:30 बजे तक अंतिम परिणाम का प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु जिले की वेबसाईट korba.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

मानव श्रृंखला बनाकर किया जागरूक

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को मताधिकार के महत्व को बताने, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा की उपस्थिति में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन अकादमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल तेन्दूडांड झगराखाड़ मनेन्द्रगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में अकादमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल तेन्दूडांड के सैकड़ों बच्चों ने भाग लेकर चला संगी वोट देहे जाबों मानव श्रृंखला बनाकर एवं मतदाता जागरूकता के नारे लगाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। स्कूल के बच्चों को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने कहा प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार एवं शत प्रतिशत मतदान का बहुत ही महत्व है। हम सबको मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से अपने परिवार के साथ-साथ सभी नगरवासियों को मतदान के लिए प्रेरित करना है, मताधिकार एवं मत की वैल्यू को बताना है। कलेक्टर ने बच्चों को बताया कि निर्वाचन में जिसे हम मतदाता भी कहते हैं। यह मतदाता ही है, जो लोकतंत्र का भविष्य तय करते है। इसलिए देश का हर एक नागरिक जब मत देने के लिए जाता है तो उसे एक जागरूक मतदाता की तरह अपना वोट देना चाहिए। देश के युवा ही देश की धड़कन होते हैं। उनके बिना भारत के सुनहरे भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग की हमेशा यही कोशिश रहती हैं कि देश के सबसे बड़े लोकतंत्र के इस पर्व जिसे हम चुनाव कहते हैं। उसमें हिस्सा लें और एक जागरूक मतदाता बनकर निर्वाचन में अपनी सहभागिता निभाये। तभी वह देश विकास करेगा। सैकड़ों छात्रों ने कलेक्टर के नेतृत्व में मानव श्रृंखला का निर्माण कर स्कूल के गुरूजनों एवं परिवार जनों को मतदान का संदेश दिया, इस दौरान सभी को जिला कलेक्टर के द्वारा शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में स्वीप नोडल संजय श्रीवास्तव मण्डल संयोजक मनेन्द्रगढ़, अजय मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी, नीरजकांत तिवारी तहसीलदार, संचालक आशिष ककड़, संजीव ताम्रकार, प्राचार्य पी. रविशंकर, प्रशांत अग्रवाल, आशी ककड़, ज्याती ताम्रकार, तोशी अग्रवाल, सुरेन्द्र पाल तिवारी पटवारी, सतीश द्विवेदी, गौरव त्रिपाठी, सतीश गुप्ता, रंजीत सिंह सहित काफी संख्या में स्कूल छात्र-छात्राएं तथा विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

विश्वसनीयता के कारण डाक से जुड़ाव महसूस करते हैं लोग: अमर अग्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार, संचार मंत्रालय के भारतीय डाक विभाग बिलासपुर प्रक्षेत्र द्वारा शनिवार को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आम जनता को डाक से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। डाक सेवाओं के उपयोगकर्ताओं से डाक की सेवाओं को और बेहतर करने के लिए फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक के साथ भारत सरकार की विश्वसनीयता जुड़ी है। विश्वसनीयता के कारण लोग भारतीय डाक के साथ विशेष जुड़ाव महसूस करते हैं। उत्कृष्ट सेवाओं के कारण ही भारतीय डाक आज हर घर से जुड़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डाक सेवाओं में विस्तार के लिए विविध प्रयासों की सराहना की। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से डाक द्वारा बैंकिंग सेवाओं की शुरूआत की गई। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र आदि का विशेष तौर पर उल्लेख करते हुए महिला उत्थान के लिए प्रधानमंत्री द्वारा की गई विविध प्रयासों की प्रशंसा की।

इससे पहले भारतीय डाक की जनसंपर्क अधिकारी सुनीता द्विवेदी ने डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। बिलासपुर प्रक्षेत्र के डाक अधीक्षक एचआर साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत व स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने बिलासपुर प्रक्षेत्र की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। खाता खोलने के विशेष अभियान में बिलासपुर प्रक्षेत्र जनवरी 2023 देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर चुका है।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. मनोज सिन्हा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के वॉलेंटियर्स भारतीय डाक की जनहितैषी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके कैंपों में सुकन्या समृद्धि योजना आदि के खाते खुलवाने के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं। बौद्धिक सत्रों में भी डाक की योजनाओं पर परिचर्चा होती है। कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका सीमा पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता जयश्री चौकसे, कुदुदण्ड की नगर पार्षद श्रद्धा जैन का भी संबोधन हुआ। इस अवसर पर रामदेव कुमवात भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डाकपाल जी आर साहू मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव पालेश्वर साहू, एसबीसीओ रजनीश गुप्ता, डिप्टी पोस्ट मास्टर विजय, रमित सिन्हा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के प्रति आम लोगों में भारी उत्साह दिखा। कार्यक्रम में लोगों का प्रातः 11 बजे से ही आना शुरू हो गया था। उपस्थित लोगों को डाकघर में उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें डाकघर बचत बैंक, महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ आवर्ती जमा, मासिक इनकम स्कीम, टाइम डिपॉजिट, राष्ट्रीय बचत पत्र आदि।

120 नए खाते खोले

सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ एवं महिला सम्मान बचत पत्र के कुल 120 नए खाते खोले गए। 30 लोगों का आधार अपडेशन व नया आधार पंजीकृत किया गया। पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस के 2 नए प्रपोजल व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजना के 2-2 नए खाते खोले गए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की ली बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 हेतु तैयार किये गये द्विवर्षीय कार्ययोजना के संबंध में कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की और आगामी बैठक में पालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने के निर्देश जिला नोडल अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जननी शिशु सुरक्षा योजना अंतर्गत मरीजों के परिवहन के लिये राशि की मांग करने के भी निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों एवं आवश्यक राशि की वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के कार्ययोजना हेतु जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, जिला लेखा प्रबंधक श्रीमती कल्याणी पटेल सहित खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बालको के चोटिया मेगा हेल्थ कैंप से जरूरतमंद नागरिक लाभान्वित

कोरबा/नवप्रदेश। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चोटिया खादान के परला पंचायत भवन में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया। समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शिविर से लगभग 180 नागरिक लाभान्वित हुए। शिविर में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य समन्वयकों, सहायक कर्मचारियों और नर्सों की एक समर्पित टीम ने समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार एवं जरूरतमंदों को दवाएं मुफ्त में प्रदान की। सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चोटिया के साथ.साथ परला एवं लालपुर पंचायत के 7 गाँवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है।

7 अनुपस्थित शिक्षक और 2 क्लर्क पर होगी कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। स्कूलों में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर 7 शिक्षकों एवं 2 क्लर्क के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। ड्यूटी समय पर उपस्थित नही रहने वाले शिक्षकों की लगातार शिकायत मिलने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही प्रारंभ कर दिये है। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में डिप्टी कलेक्टर तथा प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार शतरंज ने गुरूवार को जिले के विभिन्न शासकीय शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में शासकीय उच्च माध्यमिक शाला करही में अनियमिता पाई गई एवं मध्यान्ह भोजन कक्ष में सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूल में बिना सूचना के अनुपस्थित शिक्षिका श्रीमती निता दयाल एवं श्रीमती रिता चतुर्गोष्ठी, हायर सेकेण्डरी स्कूल दशरंगपुर के व्याख्याता श्रीमती अंजू सिंह, सहायक ग्रेड 02 डीके टण्डन एवं सहायक ग्रेड 03 अनिल कुमार वेंताल तथा प्राथमिक शाला सुरदा में शिक्षिका श्रीमती अंजूला पाण्डेय, श्रीमती श्वेता चैबे, श्रीमती विजया शर्मा और शासकीय प्राथमिक शाला देवगांव में शिक्षिका श्रीमती अनुराधा गोविंद की बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर विभागीय नियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है। शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों के औचक निरीक्षण से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों में भय बना हुआ है।

केशरवानी समाज ने मनाई कश्यप जयंती

मुंगेली/नवप्रदेश। केशरवानी समाज द्वारा कश्यप जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण करने के पश्चात मंदिर में स्थापित कश्यप मुनि प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किरण कुमार गुप्ता एवं अनीता गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता एवं रमा गुप्ता द्वारा एवं नगर अध्यक्ष राजेश केशरवानी एवं शुभा केशरवानी, महिला समिति के अध्यक्ष सपना गुप्ता एवं रामनारायण गुप्ता द्वारा पूजन किया गया। आयोजन में मुख्य बात यह रही कि प्रत्येक घर से एक-एक दीप लेकर मंदिर परिसर में एकत्रित होकर एक साथ महाआरती का आयोजन किया गया। जो आकर्षक रहा।

आयोजन में नवयुवक केशरवानी समिति के प्रथम अध्यक्ष शरद केशरवानी का अभिनंदन समिति के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजेश केशरवानी के अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात किरण कुमार गुप्ता एवं प्रभात गुप्ता द्वारा कश्यप जयंती की शुभकामनाएं दी गई। सीजी मेगास्टार ग्रुप द्वारा भक्ति संगीत का जोरदार रंगारंग कार्यक्रम में रविन्द्र गुप्ता, सुनिल केशरवानी, महेश केशरवानी, हितेश केशरवानी का गायन सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंतिम समय तक उपस्थित सदस्यों के बीच लाटरी निकाली गई। जिसमें महिला समिति के तीन सदस्यों और तरुण सभा के अध्यक्ष को सुनील केशरवानी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रसाद वितरण पश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम का संचालन महामंत्री विवेक केशरवानी द्वारा किया गया।

शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी डीईओ से मिले

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय शतरंज के कार्यभार ग्रहण पश्चात सौजन्य मुलाकात कर बुके भेंट किया गया। तत्पश्चात शिक्षको की समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें प्रमुख रूप से एकल शिक्षिकीय स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था पर शीघ्र ही सार्थक पहल की बात कही गई। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी के स्वागत करने में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल, ब्लॉक अध्यक्ष नेमिचंद भास्कर, दुर्गेश देवांगन, मोहन उपाध्याय, संतोष बघेल, राजेंद्र नेताम, प्रकाश श्रीवास, दिनेश साहू उपस्थित रहे।

चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम उद्योग संस्थान मंडला द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज द्वितीय दिवस का प्रारंभ संजय संतोष प्रसाद द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने ग्राम जल बजट पर विस्तार से चर्चा की साथ ही साथ विगत दिवस में किए गए कार्यों की समीक्षा भी की तत्पश्चात घनश्याम साहू द्वारा जल जीवन मिशन लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा निर्धारण नियमावली पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें जल समिति गठन उसके कार्य तथा उसके उद्देश्य कर वसूली निर्धारण जल स्रोतों का संरक्षण संधारण संवर्धन विषय पर विस्तार से सहभागी चर्चा की गई।

तत्पश्चात सुधीर परिवार द्वारा जल जीवन मिशन का एक प्रमुख विषय 4 पर चर्चा की गई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तत्पश्चात शिवकुमार द्वारा जल संरक्षण के महत्व जल की उपयोगिता विषय पर विस्तार से चर्चा की गई प्रतिभागियों ने अपनी समस्याएं भी इस विषय पर रखी तथा उनका निवारण भी शिवकुमार द्वारा किया गया तत्पश्चात घनश्याम साहू जी द्वारा जल परीक्षण कराया गया जिसमें विभिन्न ग्रामों से प्रतिभागियों ने अपने साथ जल लेकर आया तथा उनके जल का परीक्षण 4एस के माध्यम से किया गया साथी साथ जल जनित बीमारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई इसकी पक्ष संजय संतोष प्रसाद जी द्वारा आने वाले दिवस की कार्य योजना बनाई गई इसी विषय पर समस्त प्रतिभागियों को पी आर ए विषय पर विस्तार से चर्चा की गई प्रतिभागियों को ट्रांजिट वॉक सोशल मैप रिसोर्स मैप टाइमलाइन इत्यादि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई अतः प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस की समाप्ति हुई।

नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो : कलेक्टर

- **कलेक्टर ने ट्रांसपोर्टरों अधिकारियों की ली बैठक**

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले की सड़कों पर आवागमन बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खदान क्षेत्र कुसमुंडा-कोरबा की सड़कों पर भारी वाहनों की लगने वाली जाम पर सख्त नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया कि मार्ग पर भारी वाहन तीन-चार लाइन में खड़ी न हो। सड़क पर एक लेन अवश्य खाली रहे ताकि आमनागरिकों और स्कूली विद्यार्थियों को आवागमन में किसी तरह की कोई परेशानी न उठानी पड़े। कलेक्टर ने बैठक में ट्रांसपोर्टरों, परिवहन, पुलिस और एसईसीएल के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ आवागमन को सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने इस दौरान कहा कि ट्रांसपोर्टरों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित हो और अव्यवस्थित व बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित ट्रांसपोर्टरों, एसईसीएल, परिवहन, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य अधिकारियों की बैठक लेते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार ने कुसमुंडा-कोरबा क्षेत्र की सड़कों में कोल परिवहन की सड़कों पर भारी वाहनों की चार लाइनें होने और आवागमन बाधित होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इस सड़क पर निर्माणाधीन कार्यों को समय पर शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मार्ग पर निर्मित पुल से आवागमन, भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों को जल्दी पूरा करने के निर्देश देते हुए एसडीएम को यह भी निर्देशित किया गया कि वे समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करें कि अनावश्यक और विलम्ब तक फाटक बंद न हो। कलेक्टर ने खदान के भीतर जाने में वाहनों के एंट्री में लगने वाले समय को लेकर भी निर्देशित किया कि एसईसीएल प्रबंधन आवागमन वाले सड़कों पर भारी वाहनों की कतार न लगे इसके लिए एंट्री वाले स्थानों में माइंस परिसर में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उन्होंने सर्वमंगला मंदिर के पास आवागमन की सड़कों में लगाए गए खम्भों को हटाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने भारी वाहनों के पार्किंग के लिए खाली स्थानों पर जगह चिन्हित करने के निर्देश देते हुए ऐसे स्थानों को समतल करने कहा। कलेक्टर ने शहर के व्यस्तम क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध रूप से सड़क किनारे होने वाले पार्किंग पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

जिले भर में दिखा बंद का असर

सुकमा/नवप्रदेश। हाल ही में ताड़मेटला में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में मारे गए पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज के द्वारा शनिवार को एक दिवसीय सुकमा जिला बंद का आह्वान किया गया था। सुबह से ही सभी व्यापारिक प्रतिष्ठाने बंद रही। जिले भर में बंद का व्यापक असर देखने को मिला।

गौरतलब है कि 5 सितंबर को सुकमा जिला के ताड़मेटला में पुलिस द्वारा नक्सली मुठभेड़ बताकर दो लोगों का फर्जी मुठभेड़ का आरोप सुकमा पुलिस पर लगा हैं। मामले के बाद से ही विवाद गहराता गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुठभेड़ में मारे गए दोनों लोग ताड़मेटला गांव के सामान्य ग्रामीण है, जिनका नक्सली संगठन और उनकी गतिविधियों में होने का किसी भी प्रकार का सम्बन्ध नहीं हैं। इस घटना की बात से जिले भर में आदिवासी समाज एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लगातार इस घटना की निंदा करते हुए विरोध किया जा रहा है। वही सर्व आदिवासी समाज के द्वारा भी इस घटना को लेकर धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर ज्ञापन सो चुका है तो वहीं शनिवार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है।

> ताड़मेटला में पुलिस द्वारा कथित नक्सली मुठभेड़ को लेकर आदिवासी समाज द्वारा बंद बुलाया गया हैं। जिसमे ताड़मेटला में पुलिस ने हमारे आदिवासी कुटुंब के लोगो को नक्सली बताकर फर्जी मुठभेड़ किया है। और जब हमारा समाज पीड़ित परिवार से मिलने घटनास्थल जाना चाहता है तो पुलिस द्वारा सुरक्षा का हवाला देकर जाने से रोका जा रहा हैं। हमारी सरकार से मांग है मामले में निष्पक्ष जांच हों। अथवा आदिवासी समाज कार्यवाही के अभाव में उग्र आंदोलन के लिए तैयार हैं।
>
> **विष्णु कवासी,** कोया कुटुम्ब - जिला अध्यक्ष सुकमा

मातृत्व एवं शिशु संस्थान उत्सव का बीजापुर में सफल आयोजन

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन मे जिला चिकित्सालय में निरंतर बेहतर सेवा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है जहाँ जटिल आपरेशन और जटिल रोगों का समुचित उपचार किया जा रहा है। जिससे जिलेवासी बेहतर सेवा प्राप्त कर स्वस्थ हो रहे और अस्पताल की प्रशंसा कर रहे है। सप्ताह भर पहले की घटना है जिसमें एक 35वर्षीय ग्रामीण महिला जिसे कुछ वर्षो से मासिक धर्म में भारी रक्तस्त्राव की समस्या से पीड़ित थी और कई वर्षो की कोशिश के बाद भी गर्भधारण नहीं कर पा रही थी।

वह पहले भी कई डॉक्टरों से इलाज करा चुकी थी, जब वह अपने पूरी जानकारीऔर

समस्या के निदान हेतु मातृत्व एवं शिशु संस्थान, उत्सव में गई तो सटीक समस्या का पता लगाने के लिए उनका मूल्यांकन किया गया। तब डाक्टरों को उसके गर्भाशय में एक बड़ा फाइब्रॉएड की गांठ जिसका वजन 01 किलोग्राम होने की जानकारी हुई।

जिसके बारे में महिला एवं उसके पति को बताया गया और पूरी तरह आश्वस्त करने के उपरांत सफ्लतापूर्वक उनका आपरेशन किया गया इतने बड़े फाइब्रॉएड के बावजूद एमसीएच के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उसके गर्भाशय से फाइब्रॉएड गैथ को सफ्लतापूर्वक हटा दिया, जिससे उसके गर्भाशय को सफ्लतापूर्वक बचाया जा सका। इस सर्जरी से उसे मासिक धर्म में होने वाले भारी रक्तस्त्राव से राहत मिलेगी और वह जल्द ही दोबारा गर्भधारण कर सकेगी।

मातृ शिशु संस्थान (एमसीएच)उत्सव के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कहा है, ÷हालांकि मासिक धर्म में भारी रक्तस्त्राव 5 में से 1 महिला को प्रभावित करता है, लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। अगर किसी महिला को हर घंटे सैनिटरी पैड बदलने की जरूरत होती है, या खून कपड़ों और बिस्तरों में लीक हो जाता है, या रात भर पैड बदलने की जरूरत होती है, या 1 रुपए के सिक्के से भी बड़े रक्त के थक्के निकल जाते हैं, या 7 से 8 दिनों से अधिक समय तक रक्तस्त्राव होता है, या खून की कमी की मात्रा उसकी दैनिक गतिविधियों को प्रभावित करती है, या तनाव महसूस करती है तो उसे स्त्री रोग विशेषज्ञ से मिलना चाहिए।

भारी मासिक धर्म से आयरन का स्तर कम हो सकता है और एनीमिया हो सकता है। सफ्लतापूर्वक आपरेशन और उपचार के पश्चात मरीज महिला एवं उसके पति से जिला अस्पताल की बेहतर उपचार एवं डाक्टरों के तन्मयता पूर्वक ईलाज और सलाह के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

मास्टर ट्रेनर एवं तहसीलों के मास्टर ट्रेनों को दिया गया प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी हेतु संयुक्त जिला कार्यालय के कलेक्ट्रेट के सभागार में मास्टर ट्रेनर एवं तहसीलों के मास्टर ट्रेनों का आज एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें मतदान संबंधी प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, रिटर्निंग ऑफिसर शिवनाथ बघेल सहित अन्य अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

राज्य भर के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

- **किशोरावस्था में बच्चों के स्वस्थ जीवन शैली के लिए कार्यशाला संपन्न**

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर में जनसंख्या शिक्षा एवं शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए राज्य के शिक्षकों का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। राज्य प्रशिक्षक व्याख्याता ओम प्रकाश सेन ने बताया कि 20 से 22 सितंबर तक तीन दिवसीय एससीईआरटी रायपुर के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ के 10 आकांक्षी जिलों के शिक्षक और व्याख्याताओ के लिए जनसंख्या शिक्षा एवं शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय में किशोरावस्था के छात्र-छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवन कौशल विकसित करने की उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में प्रत्येक जिले से 8 शिक्षक व व्याख्याता सम्मिलित हुए। कांकेर

जिले से प्रशिक्षण में राज्य प्रशिक्षक के रूप में ओम प्रकाश सेन व्याख्याता सेजेस हा.से. धनेलीकन्हार के साथ प्रशिक्षण लेने व्याख्याता निरंकार श्रीवास्तव भीरागांव, राजेश शर्मा भानबेडा, महेश गुप्ता नावडबरी, चमन लाल साहू मोदे, शिक्षक धर्मेंद्र साहू रतेसरा, विक्रम वासनिक नारा, उत्तम वर्मा लालमाटवाडा, घसीयाराम साहू ढेकुना सम्मिलित हुए। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा 11 माड्यूलों पर आधारित किशोर छात्र-छात्राओं के लिए बचाव, भावनात्मक, मूल्य ,जेंडर समानता, पोषण ,पदार्थ के दुरुपयोग, प्रजनन, एचआईवी रोकथाम, हिंसा ,चोट ,इंटरनेट और सोशल मीडिया की सुरक्षित उपयोग जैसे संवेदनशील बिंदुओं पर तथ्य परख विचार और प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण अवधि में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद के डॉ. विजय कुमार मलिक ने भी संबोधित कर प्रश्नों के माध्यम से शिक्षकों के विचार लिए। राज्य प्रशिक्षक ओमप्रकाश सेन ने आकांक्षी जिलों में अध्यनरत दूरस्थ संवेदनशील बीहड़ क्षेत्र में बालक बालिकाओं की संवेदनशील मुद्दों को सहजता पूर्वक समाधान को लेकर प्रश्न पूछा जिस पर डॉ बिजय मलिक ने सकारात्मक चर्चा के साथ सभी का मार्गदर्शन किया। राज्य संचालक राजेश सिंह राणा ने भी प्रशिक्षण में विद्यालय के बच्चों के स्वास्थ्यगत किशोरावस्था में आने वाली विषम परिस्थितियों पर गहन चिंतन और समझदारी पूर्वक निदान करने प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र मे प्रशिक्षक मंडल द्वारा अलग-अलग विषयों पर केस स्टडी को लेकर पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन, रोल प्ले एवं नाट्य प्रदर्शन के द्वारा रोचक और सार्थक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक एवं व्याख्याता विद्यालयों में बच्चों के किशोरावस्था में आने वाली विषम परिस्थितियों पर कार्य करते हुए समाज, परिवार और व्यक्तिगत जीवन को स्वस्थ जीवन शैली में की ओर ले जाने शत-प्रतिशत कार्य करेंगे। प्रशिक्षण को सफल बनाने राज्य प्रकोष्ठ प्रभारी प्रीति सिंह, सुनील मिश्रा, प्रशिक्षक मंडल डा लता मिश्रा, स्वामी दास, मधु दानी ,योगेश्वरी महाणीक, देवेश जैन ,ओमप्रकाश सेन ,जिला समन्वयक दिनेश नाग का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।

चिट फंड कंपनी की जमीन कुर्क

- **जमीन नीलाम कर कर्जदारों का प्रशासन चुकाएगी रकम**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक कांकेर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 7(1) अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए चिटफंड कंपनी हिमालया रियरिंग एंड फार्म स्टेट इंडिया लिमिटेड के संचालकों एवं उनके परिवार के नाम पर स्थित अचल संपत्ति को कुर्की किये जाने हेतु अंतःकालीन आदेश पारित किया है।

चिटफंड कंपनी हिमालया रियरिंग एंड फार्म स्टेट इंडिया लिमिटेड के संचालक खेमराज चौहान पिता सुरेन्द्र सिंह चौहान एवं उनकी माता पुष्पा पति सुरेन्द्र के नाम पर संयुक्त खाता में ग्राम कुरूंभाट पटवारी हल्का नंबर 28 तहसील चारामा में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 564/1 रकबा 0.09 हेक्टेयर भूमि तथा आबादी भूमि खसरा नंबर 317 रकबा 0.03 हेक्टेयर में पक्का मकान एवं बाड़ी तथा संचालक जोहन राम पिता सोनुराम निषाद एवं उनके भाई मोहन के नाम पर संयुक्त खाता में ग्राम गितपहर पटवारी हल्का नंबर 26 तहसील चारामा में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 709, 714, 717, 818, 1051 रकबा क्रमशः 0.12, 0.04, 0.04, 0.10, 0.10 कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.40 हेक्टेयर भूमि एवं आबादी भूमि खसरा नंबर 938 रकबा 0.01 हेक्टेयर में कच्चा मकान और संचालक तेजकुमार साहू पिता स्व. माधव राम साहू की पत्नि रोशनी साहू पति तेजकुमार साहू के नाम पर ग्राम चारामा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील चारामा में स्थित आवासीय परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 1136/8 रकबा 0.02 हेक्टेयर स्थित परिवर्तित लगान 196 रूपये तथा संचालक नेकराम नायक पिता मोहन सिंह नायक एवं उनकी पत्नि देवकी बाई पति नेकराम के नाम पर संयुक्त खाता में ग्राम सरोना में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 1145/2 रकबा 0.02 हेक्टेयर भूमि एवं संचालक विजय नायक पिता स्व. लोकरण नायक, नमिता पिता नेमीचंद, लोकरण पिता धनसिंह के नाम पर संयुक्त खाता में ग्राम भिरौद पटवारी हल्का नंबर 21 तहसील सरोना में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 331/3 रकबा 0.12 हेक्टेयर और संचालक विजय नायक के पिता लोकरण, नेमीचंद पिता धनसिंह के नाम पर संयुक्त खाता में कृषि भूमि खसरा 253 रकबा 0.95 हेक्टेयर एवं संचालक विजय नायक के पिता लोकरण, पिता धनसिंह, के नाम पर कृषि भूमि खसरा नंबर 255/4, 255/7, 255/12, रकबा क्रमशः 0.23, 0.41, 0.15 हेक्टेयर कुल खसरा 05 कुल रकबा 1.86 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उपरोक्त व्यक्तियों (संचालकों) एवं उनके परिवार के नाम की संपत्ति को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 7 के प्रावधानों के तहत् कुर्की किये जाने हेतु अंतःकालीन आदेश पारित किया गया है।

नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय चिंतन शिविर का आयोजन संपन्न

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय चिंतन शिविर का आयोजन कुआकोंडा ब्लॉक में किया गया। जिसमें जनपद पंचायत सीईओ, विकासखंड स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य केंद्र कार्यकर्ताओं और सरपंच एवं सचिवों ने भी उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीण एवं अंदरूनी इलाको में स्वास्थ्य एवं पोषण, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और शिक्षा स्थिति को बेहतर बनाने के लिए विशेष चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में कुआकोंडा जनपद सीईओ श्री मोहनीश देवांगन के द्वारा पंचायत एवं समस्त विभाग के कर्मचारियों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य एवं पोषण इंडिकेटर बढ़ाने को लेकर आंगनबाड़ी सेविका, सहिया दीदी, संबंधित अधिकारियों और कर्मियों से कार्य में आ रही परेशानियों के बारे में पूछा गया। इस दौरान कहा गया कि आंगनबाड़ी समय अनुसार चलाई जाए और बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ श्री मोहनीश देवांगन ने बताया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम का प्रारंभ जनवरी 2018 में, प्रधानमंत्री के द्वारा 112 सबसे कम विकसित क्षेत्रों का विकास करने के उद्देश्य से किया गया था. इसकी सफ्लता को देखते हुए इसी वर्ष जनवरी 2023 को विकासखंडो को विकसित करने का भी निर्णय लिया गया. इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के कुल 20 विकासखंडों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित किया गया है. जिसमें दंतेवाड़ा जिले के एक विकासखंड कुआकोंडा शामिल हैं. इसकी रैंकिंग त्रैमासिक स्तर पर नीति आयोग के द्वारा जारी की जाएगी और इसी रैंकिंग के आधार पर आधारभूत सुविधा में सुधार किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि लोगों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य बड़े शहरों में नहीं बल्कि विकासखंड स्तर पर मिले इसका प्रयास हम सभी को करना है. आवश्यक कार्ययोजना अन्तर्गत चयनित 39 इंडिकेटर्स पर ब्लॉक विकास रणनीति तैयार करने, विकासखंड, जिला एवं राज्य औसत को प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए। बैठक के दौरान सभी विभाग के कर्मचारियों ने जमीनी स्तर की चुनौतियाँ पर चर्चा की, साथ ही सभी उपस्थित विभागो ने अपने खूबियो , कमजोरियां, अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा कर सभी के साथ साझा किया। इस कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन के जरिए आने वाले दिनों में पंचायत स्तर पर बैठक की जाएगी, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा सके साथ ही चयानित 39 इंडिकेटर्स पर आगामी दिनों में कार्य किया जा सके। इस चिंतन शिविर में समस्त जनपद पदाधिकारियों के साथ, जनपद सीईओ श्री मोहनीश देवांगन, बीएमओ डॉक्टर राजेश रॉय, बीपीएम श्री संग्राम सिन्हा, महिला एवं बाल विकास सीडीपीओ श्रीमती बिंदु स्वंकार एवं श्रीमती उषा मालवीय, एसडीईओ बी आर कांगे, पीपीआईए फैलो भुवन जोशी, पिरामल फाउंडेशन से डिस्ट्रिक्ट लीड सुश्री निधि श्रीवास्तव, प्रोग्राम लीडर श्री दीपक शाह, एवं गांधी फैलो ज्योति बाबू उपस्थित रहे।

स्कूल शिक्षकों ने बाल यौन शोषण की रोकथाम कार्यक्रमों में लिया भाग

नारायणपुर/नवप्रदेश। बाल यौन शोषण (सीएसए) एक बहुआयामी और जटिल सामाजिक चुनौती है। सीएसए की रोकथाम और हस्तक्षेप के लिए प्रतिबद्ध भारत के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठन, अर्पण ने देश भर में बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा शिक्षा (पीएसई) प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास शुरू किया है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, अर्पण, देश भर के विभिन्न जिलों में ज़मीनी स्तर पर स्कूली शिक्षकों के लिए गहन प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है।

सरकारी स्कूलों में स्थानीय संबद्ध पक्षों के सहयोग से ताज़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के तीन ब्लॉकों नारायणपुर, ओरछा और कोहकामेटा में सफ्लतापूर्वक पूरा किया गया। यहां 555 स्कूलों के लगभग 1054 शिक्षकों ने 20-26 सितंबर 2023 तक प्रशिक्षण लिया है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी, 2021) के अनुसार, बच्चों से जुड़े विभिन्न प्रकार के यौन अपराधों के कुल 62,186 मामले (बच्चों के खिलाफ हुए अपराधों के सभी रिपोर्ट किए गए मामलों का

42%) दर्ज किए गए। इसके अलावा, बाल यौन शोषण (सीएसए) के 97% मामलों में, अपराधी बच्चों के परिचित थे। सीएसए का असर पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी), अवसाद, चिंता, खुद को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति, जोखिम भरे यौन आचरण और शिक्षा प्राप्त करने की प्रक्रिया में व्यवधान के रूप में प्रकट हो सकता है। सीएसए का असर किसी व्यक्ति के पूरे जीवन काल के दौरान बरक़रार रह सकता है और यदि ध्यान न दिया जाए तो वयस्क होने पर भी बना रह सकता है।

अर्पण का लक्ष्य है, बाल यौन शोषण की घटनाओं को कम करने और इसके मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, यौन और शारीरिक परिणामों को ठीक करने के लिए रोकथाम और हस्तक्षेप कौशल के साथ व्यक्तियों, परिवारों, समुदायों और समाज को सशक्त बनाना है।

मछली पालन से निकलेगा समृद्धि का रास्ता

बीजापुर/नवप्रदेश। प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष में 100 दिन पूर्ण किए 18 से 35 वर्षीय श्रमिको को मछली पालन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी बीजापुर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 15 सितंबर से आयोजित इस प्रशिक्षण में सहायक परियोजना अधिकारी श्री मनीष सोनवानी ने पहुंचकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विभागीय गरीबी उन्मूलन योजनाओं और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। इस प्रशिक्षण में जनपद पंचायत उसूर और भोपालपटनम से जाबकार्डधारी परिवार के श्रमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 24 सितंबर तक आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल हुए श्रमिकों को मछली पालन की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है इसी कड़ी में 22 सितम्बर को नैमेड स्थित हेचरी ले जाकर प्रायोगिक रूप मछली बीज तैयार करने की विधि का अवलोकन कराया गया।

बस्तर क्षेत्र को राजनीति पार्टियों का शोषणकारी नीतियां एवं चंगुल से मिलकर करें मुक्त : पंत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि। देश के किसानों को कॉरपोरेट घरानों के हाथों की कठपुतली बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाये गए तीन काले कृषि कानूनों को रद्द करवाने वाले किसानों के नेता भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत जनता-जनार्दन से साक्षात संवाद करने के लिए तीन दिनों के लिए बस्तर प्रवास पर आ रहे हैं। टिकैत के बस्तर प्रवास के केंद्र बिंदु में आदिवासियों, किसानों सहित बस्तर की समस्त जनता की समस्याओं को सुनना है। जल, जंगल एवं जमीन की संवैधानिक लड़ाई को इस प्रवास के दौरान प्रमुखता से उठाया जाएगा। संपूर्ण बस्तर क्षेत्र को राजनीतिक पार्टियों के चंगुल एवं शोषण से मुक्त कराने का प्रयास किया जाएगा। बस्तर क्षेत्र एवं आदिवासी समाज की प्रमुख समस्या फर्जी एनकाउंटरों की सत्यता पर सवाल उठाए जाएंगे एवं जांच हो चुके मामलों में क्षतिपूर्ति की मांग की जाएगी। आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों जिसमें जीवन जीने की स्वतंत्रता का

मौलिक अधिकार पर भी चर्चा की जाएगी। पांचवी अनुसूची लगे हुए बस्तर क्षेत्र में आगमन पर माननीय टिकैत जी का फूल-मालाओं से नहीं बल्कि भारतीय संविधान की प्रति देकर स्वागत किया जाएगा जो की भारतीय संविधान के प्रति आदिवासियों के मन में सम्मान और भरोसे को दिखाता है। बस्तर की समस्त जनता से यह अपील की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर राकेश टिकैत जी के इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। राकेश टिकैत का कार्यक्रम निम्न अनुसार होगा- 25 सितंबर- जिला दंतेवाड़ा प्रवास (मां दंतेश्वरी मंदिर दर्शन, दंतेवाड़ा हाई स्कूल ग्राउंड में स्वागत सभा, बचेली एवं किरंदुल नगर प्रवास) 26 सितंबर- जिला नारायणपुर प्रवास (ग्राम मणोनार में जनसभा) 27 सितंबर- जिला सुकमा प्रवास (ग्राम मुकरम, चिंतलनार प्रवास)।

माकड़ी पुल जर्जर बनाएं गए डायवर्सन भी बह गया बुरी तरह चरमराई यातायात

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 रायपुर जगदलपुर को जोड़ने वाली बस्तर के प्रथम ज़िला मुख्यालय कांकेर शहर की एक प्राचीन गाथा है। जो नादनमारा माकडी नए पुल के बनने से यह मार्ग सुगम हो गया था यात्रियों को इस मार्ग से आंध्र प्रदेश तक का सफर सुगमता से होने लगा था किंतु पिछले कुछ दिनों से ईई पुल की जर्जर हालत होने से भारी वाहनों की आवागमन तो जैसे थम सी गई है। यही कारण है कि नव पुल निमार्ण का कार्य भी किसी 3 आएकारण से रुका हुआ था। परंतु जर्जर पुल को देखते हुए बाईपास रोड को जोड़ने के लिए निर्माणा धीन पुल से लगा हुआ अस्थाई व्यवस्था के तहत रपटा निर्माण तो कर दिया गया था ।वह भी बारिश के कारण बह जाने से कांकेर से रायपुर मार्ग के लिए डायवर्सन मार्ग से वाहनों का एक विकल्प के रूप में नरहरपुर होकर धमतरी तथा कुछ वाहनों को भानु प्रतापपुर मार्ग के तरफ से आने-जाने के कारण यात्रियों को असुविधा हो रही है। जिससे उन्हें आर्थिक क्षति के अलावा समय ज्यादा लग रहा है जिससे चारामा मार्ग में वाहनों के काम आने जाने से इस क्षेत्र का विकास मानो थम सा गया है। यहां का व्यवसाय भी इस मार्ग के कारण ही विकसित हुआ है फोरलेन सिक्स लेन की परिकल्पना होने से ज्यादा सुलभ होने की संभावना थी।

जिला स्तरीय मतदान जागरूकता प्रतियोगिता के माध्यम से दंतेवाड़ा में दिया गया वोट अधिकार का संदेश

- **रंगोली, क्विज, भाषण, क्षेत्रीय भाषा में नारा व कविता लेखन में जिले के 6 तहसीलों के छात्रों ने लिया हिस्सा**
- **प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश में आगामी विधानसभा निर्वाचन को मद्देनजर रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दंतेवाड़ा विनीत नंदनवार तथा सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला

पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन पर जिले में स्वीप मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 6 तहसीलों के विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। स्वीप कार्यक्रम में जीते प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले को पुरस्कार भी दिया गया।

इसके साथ ही स्कूली बच्चों के लिए रंगोली, क्विज, भाषण, क्षेत्रीय भाषा में नारा एवं कविता लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । इस अवसर पर सहायक संचालक पंचायत मिथिलेश्वर किसान ने बताया कि भारत के संविधान द्वारा दिया गया वोट अधिकार को नागरिकों ने ठीक तरीके से उपयोग करने हेतु परिवार, गांव तथा शहर के लोगों को जाकरूक करने में विद्यार्थी एवं शिक्षकों का भी भूमिका है। नया वोटर का पंजीकरण एवं वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म 6 भर कर नजदीक मतदान केंद्र, पंचायत कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा किया जा सकता है कार्यक्रम के समापन पर विजेता बच्चों को अतिथियों ने ट्रॉफी, पुस्तक, कंपास बॉक्स एवं कलम पुरस्कार दे कर सम्मान किया। निर्णायक के रूप में जिला जीआईएस विशेषज्ञ अभिषेक झा एवं मत्स्य विभाग थान सिंह ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन एपीसी नेहा नाथ, एपीओ कमल कर्मकार एवं मंच संचालन माधुरी उईके द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत सी ई ओ कल्पना ध्रुव, तहसीलदार हुलेश्वर खूंटे एपीसी सिकंदर खान जोकल दादा, एबीइओ टीआर जुर्री, बीआरसी गीदम जितेंद्र शर्मा, बीआरसी दंतेवाड़ा रामचंद्र नागेश, संकुल समन्वयक योगेश सोनी, भूपेंद्र श्रीवास, अमुजुरी विश्वनाथ, आशा मौर्य तथा शिक्षक शिक्षिका समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

रक्तदान शिविर का आयोजन पीजी कॉलेज में

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन आज शुक्रवार को शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा में किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय में स्थित तीन महाविद्यालय पीजी कॉलेज बेमेतरा, समाधान महाविद्यालय तथा कन्या महाविद्यालय बेमेतरा के विद्यार्थीयों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में कोबिया के ग्रामीणों, महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टाफने भी रक्तदान कर इस जिला स्तरीय शिविर को सफ्ल बनाया। तीनों महाविद्यालय से कुल 52 रक्तदाताओं से 18200 ग्राम रक्त का दान किया गया। ज्ञात हो कि 31 मई 2023 को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला स्तरीय बैठक में इस वर्ष प्रत्येक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन करने का प्रस्ताव लाया गया था, जिस पर अमल करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष पीएस एल्मा कलेक्टर बेमेतरा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय आयोजन की शुरुआत पीजी कॉलेज से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जीएल टंडन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीपी चंद्रवंशी, सिविल सर्जन डॉक्टर एसआर चुरेंद्र, महाविद्यालय नोडल एनआर निर्मल, रेडक्रॉस के संगठक उपेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित रहें।

20 गांव को मिला शतप्रतिशत पानी की पूर्ति का सर्टिफिकेट

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के घर-घर में नल कनेक्शन पहुंचाना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक हैं। इसको ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन योजना लागू की गयी। इस योजना के तहत बेमेतरा जिलें के 688 गांव के 151344 परिवारों में और ग्रामीण क्षेत्र के आसपास मजरों, टोलो आदि मिलाकर कुल 177440 परिवारों में नल कनेक्शन दिया जाना हैं। जिसमें अब तक 120538 परिवारों को आंशिक तौर पर पानी की आपूर्ति शुरू हो गयी हैं। वहीं भारत सरकार के द्वारा जिलें के 20 गांव को शत प्रतिशत पानी की पूर्ति का सर्टिफिकेट दिया गया हैं। कार्यपालन अभियन्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आरआर धनंजय ने बताया कि जिले के 1219 स्कूलों और 988 आगंनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर सप्लाई हो रही हैं, वहीं 103 गांव में आंशिक तौर पर पानी की सप्लाई प्रारंभ हो गयी हैं। वहां के ग्रामीण परिवार को अब पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वीडियो कान्फ्रेंसिंग प्रशिक्षण में जिलें के अधिकारी शामिल

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने गुरुवार को राजधानी रायपुर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग

के ज़रिए आदर्श आचरण संहिता अनुपालन, संपत्ति विरूपण, मीडिया संबंधी विषय फेक न्यूज, साईबर सेल, सोशल मीडिया सेल एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में प्रशिक्षण दिया। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा सहित रिटर्निंग ऑफ़िसर, सीईओ ज़िला पंचायत एवं नोडल एमसीसी, एमसीएमसी आदि कार्यालय कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में जुड़ प्रशिक्षण में शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्वाचन संबंधी पूछे गये प्रश्नों, जिज्ञासा, शंका आदि का समाधान किया।

अनिश्चित कालीन हड़ताल पर संविदा कर्मचारी कल्याण संघ

कवर्धा/नवप्रदेश। लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया द्वारा आज दिनाँक 22.09.2023 को संविदा कर्मचारी द्वारा सविदा कर्मचारी के हित को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे संविदा कर्मचारी कल्याण संघ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया संविदा कर्मचारी द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जा रहा है संविदा कर्मचारियों कल्याण संघ के अध्यक्ष अमित देवांगन। ने बताया कि पूर्व में ज्ञापन के मध्यम से संविदा कर्मचारी के संघ ने अपनी एक सूत्रीय मांग को प्रबंध संचालक के द्वारा उचित आश्वासन नही मिलने के कारण संघ को धरने में बैठने पर मजबूर हुआ जब तक हमारी मांगो को प्रशासन के द्वारा नही पूरा किया जाता है हम संविदा कर्मचारी कल्याण संघ के हित मे धरने में बैठे रहेंगे। संविदा कर्मचारी। कल्याण संघ की निम्नलिखित मांगे है। 1 स्टापिग पैटर्न के। ग्रेड विसंगति एवं वेतनमान सुधारकर वेतन वृद्धि किया जाए।

नीरज मनजीत इंटैक की राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेंगे

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय सांस्कृतिक निधि, इंटैक कवर्धा अध्याय के आजीवन सदस्य नीरज मनजीत छाबड़ा लोदी एस्टेट नई दिल्ली में इंटैक के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित त्रिदिवसीय क्षमता निर्माण राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेंगे। यह कार्यशाला भारतीय सांस्कृतिक निधि, इंटैक हेरिटेज अकादमी और इंटैक के केन्द्रीय अध्याय विभाग द्वारा 25 से 27 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला के प्रतिभागी सत्र में नीरज मंजीत कबीरधाम जिले की आदिवासी संस्कृति, लोक संस्कृति, जीवनशैली, खानपान आदि पर कवर्धा अध्याय की ओर से प्रस्तुति देंगे। इस कार्यशाला में इंटैक के चेयरमैन अवकाश प्राप्त मेजर जनरल एलके गुप्ता, निदेशक अवकाश प्राप्त कैप्टन अरविंद शुक्ला, डॉ. पारुल मुंजाल, प्रमुख सलाहकार रेखा खोसला और सचिव डॉ. श्रीमती चूड़न मिश्रा सहित अनेक विशेषज्ञ सदस्यों को प्रशिक्षित करेंगे, मार्गदर्शन देंगे। कवर्धा अध्याय के कन्वेनर राजा योगेश्वर राज सिंह, को कन्वेनर महेन्द्र सिंह खनूजा, आदित्य श्रीवास्तव, नरेन्द्र सिंह मुटरेजा, संतोष यादव, ललित चन्द्रवंशी सहित सभी सदस्यों ने सफ्ल यात्रा के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। नीरज मनजीत 24 सितंबर की सुबह विस्तारा की फ्लाइट से नई दिल्ली रवाना होंगे और 27 की रात विस्तारा से ही वापस लौटेंगे।

लगातार मूसलाधार बारिश ने छीन लिया गरीबो का घर

■ **तेज बारिश से ग्राम पंचायत तेलगा के बहुत से लोगो का घर टूट गया**

बेरला/नवप्रदेश। खाने पीने के लिए हुए बेहाल शासन से मुआवजा और सहयोग की कर रहे आशा। लगातार मुलाधार बारिश से कई गरीब लोगो के घर पानी के चपेट मे आ जाने से टूट फुट गया व घरो मे पानी भर गए जिससे खाने पिने व रहने मे भारी दिक्कत आ रहा है व रहने के लिए घर की तलाश कर रहे है ये ऐसे लोग है जिसके पास कच्ची मिट्टी निर्मित घर है व प्रधानमंत्री आवास के लिए कलेक्टर तक आवेदन कर चुके है व इन लोगो को यह कर वापस भेज देते है की लिस्ट मे नाम नहीं है। अभी तक इन लोगो के पास न पंचायत बॉडी पंहुचा है न ही शासन प्रशासन के लोग और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि।

गाँव के युवा साथी समाजसेवी लोगो न तुरंत जो बना वो किया किसी ने खाने का व्यवस्था किया तो किसी ने अस्थाई रूप से सोने का रहने का व्यवस्था किया। समाजसेवी पीलाराम साहू ने गरीब परिवार जिसका घर टुटा फूटा है उसके लिए क्षेत्र जन प्रतिनिधि व क्षेत्र के विधायक से अनुदान राशि व मदद करने के लिए अपील की है वही समाजसेवी पोषन निर्मलकर ने कहा की जिसके पास पक्की घर नहीं है व उसके परिवार को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है उसे तुरंत प्रधानमंत्री आवास मिलना चाहिए उसके लिए कोई प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए व तत्काल प्रभाव से गरीब परिवार पक्की घर के लिए मुंहताज है उसको पक्की घर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास दिया जावे।

महिला आरक्षण विधेयक तत्काल लागू होना चाहिए : नेताम

नगरी/नवप्रदेश। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस छग श्रीमती बिन्दा नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण देने वाले महिला आरक्षण विधेयक संसद में सर्वसम्मति से पास हुआ है इसे तत्काल लागू करना चाहिए लेकिन केन्द्र सरकार के द्वारा लोकसभा एवं विधानसभाओं के 2026 में परिसीमन व जनगणना उपरांत लागू करने का फैसला महिलाओं के साथ छलावा प्रतीत होता है क्योंकि यह विधेयक पास होने में बहुत विलम्ब हो चुका है और फ्रि पांच साल इंतजार करना पड़ेगा जो उचित नहीं है महिला आरक्षण विधेयक के संसदीय इतिहास को अध्ययन से पता चलता है महिला आरक्षण देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व श्री राजीव गांधी जी का सपना था। लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं समुचित भागीदारी हो ताकि देश महिला सशक्तिकरण के साथ चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसित हो लेकिन तत्कालीन विपक्ष के नेताओं के द्वारा विरोध किया गया वर्ष 2010मे यूपीए सरकार द्वारा राज्य सभा महिला आरक्षण विधेयक प्रस्तुत किया गया किन्तु लोकसभा में पारित नहीं हो सका वर्ष 2014मे केन्द्र में भा ज पा सरकार बैठी जो पौने पांच साल चुपचाप सोती रही जब पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव याद आया तो संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण विधेयक लाया गया जब विशेष सत्र में विधेयक पास किया गया है तो इसे तत्काल लागू करना चाहिए अन्यथा वह विधेयक तो संसद के शीतकालीन सत्र या बजट सत्र में भी लाया जा सकता था इससे केन्द्र सरकार की निति एवं नियति में संदेह महसूस होता है आसन्न चुनाव को देखते महिला वोटरों को साधने के लिए भाजपा सरकार ढोंग कर रही हैं लेकिन महिलाएं सब समझ चुकी हैं इस विधेयक में एसी एसटी महिलाओं की तरह ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण का प्रावधान करें ताकि महिलाओं का समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

एनएमडीसी ने जीता 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स अवॉर्ड'

हैदराबाद/नवप्रदेश। एनएमडीसी ने 17 वें पीआरसीआई ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स अवॉर्ड' जीता और सत्रह कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड अपने नाम किए । ये पुरस्कार नई दिल्ली में पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा आयोजित ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव में प्रदान किए गए।

एनएमडीसी ने सीएसआर अभियान के लिए क्रिस्टल अवॉर्ड और डिजिटल न्यूजलेटर के लिए प्लैटिनम अवॉर्ड जीता, वार्षिक रिपोर्ट, कॉर्पोरेट ब्रोशर और वेबसाइट ऑफ द ईयर के लिए डायमंड अवॉर्ड जीता, वॉल कैलंडर और अद्वितीय मानव संसाधन पहल के लिए गोल्ड अवॉर्ड, हाउस जर्नल - प्रिन्ट (क्षेत्रीय), हेल्थ केयर कम्यूनिकेशन फिल्म्स और चाइल्डकेयर के लिए सीएसआर प्रोजेक्ट का सर्वश्रेष्ठ उपयोग और वर्ष की सबसे बहुमुखी कंपनी की श्रेणियों में रजत पुरस्कार, वर्ष के दूरदर्शी नेतृत्व अभियान, सोशल मीडिया के सर्वश्रेष्ठ उपयोग, सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट कार्यक्रम, वर्ष की ग्राहक अनुकूल कंपनी और आंतरिक संचार अभियान में कांस्य पुरस्कार जीता। एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन के लिए कला, संस्कृति और खेल अभियान श्रेणी में भी एनएमडीसी को मान्यता प्रदान की गई है ।

पी जय प्रकाश, महाप्रबंधक (नैगम संचार), एनएमडीसी और सोमनाथ आचार्य, उप महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली ने एनएमडीसी की ओर से अवॉर्ड प्राप्त किए। जय प्रकाश ने कहा, 'हम ऐसे संचार अभियान बनाने का प्रयास करते हैं, जो हमारी कंपनी के मूलभूत मूल्यों के साथ गहराई से जुड़े हों। ये पुरस्कार हमारे निरंतर प्रयासों की पुष्टि करते हैं और हमें राष्ट्र के लिए एनएमडीसी की कहानी का प्रभावशाली वर्णन जारी रखने के लिए प्रेरित करते हैं।'

जिला भारतीय जनता महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन विधेयक का स्वागत किया

खैरागढ़/नवप्रदेश। देश के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लोकसभा एवं राज्यसभा में पूर्ण बहुमत से नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 पास हुआ , जिसमें महिलाओं को 33त्न आरक्षण का प्रावधान होगा , विगत तीन दशकों से यह महिला विधेयक कभी लोकसभा कभी राज्यसभा में रुक जाया करता था किन्तु संसद के विशेष सत्र में नई संसद भवन में यह प्रथम बिल पूर्ण बहुमत से पास हुआ , जैसे कि केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त करने के लिए निरंतर कई योजना चलाया जा रहा है जिसमें उज्वला , हर घर नल , महिला स्वावलंबन , सौभाग्य ,प्रधानमंत्री आवास , शौचालय निर्माण , खाद्यान , पोषण आहार , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या बचत सहित अनेक योजनाओं से देश की महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाया है , इस महिला आरक्षण विधेयक से आज सम्पूर्ण देश की महिलाएं गौरवानवित है , आज़ादी के अमृत काल मे यह बिल आज़ादी के स्वर्णीम काल की ओर देश को अग्रसर करने में महिलाओं की भी भूमिका विशेष होगी ।

38 किसानों को रवि फसल का 8.49 लाख का बीमा दावा भुगतान

बेमेतरा/नवप्रदेश। उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का खंडन करते हुए बताया कि 'चने की खेती चौपट, किसानों ने मांगी पीएम फ्सल बीमा की राशि' के संबंध में विदित हो कि प्रधानमंत्री फ्सल बीमा योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2022-23 में जिले में कुल राशि 62.52 करोड़ रूपये निर्मित हुई हैं। ग्राम अड़बंधा में फ्सल कटाई आंकड़े के औसत उपज 905.362 किलोग्राम हैं। ग्राम बोहारडीह में फ्सल बीमा क्लेम अंडर प्रोसेस में हैं एवं ग्राम डोकरबेला में एरिया एप्रोच क्लेम के आधार पर 38 किसानों को राशि 849002.81 रूपये का बीमा दावा भुगतान डीबीटी के माध्यम स किसानों के खाते में अंतरित की जा चुकी हैं। भुगतान हेतु शेष समस्त कृषकों को अपने बैंक में संपर्क कर बैंक खाता अपडेट कराने हेतु जानकारी क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से दी गई हैं, ताकि शीघ्र ही कृषकों के खाते में राशि अंतरित की जा सकें।

कलिंगा विश्वविद्यालय में तीसरा राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह समारोह संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया, इंडियन फार्माकोपिया कमीशन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई पहल के अंतर्गत, कलिंगा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग ने एम्स रायपुर के सहयोग से 21 सितंबर 2023 को फार्माकोविजिलेंस और प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके 'फार्माकोविजिलेंस में जनता का विश्वास बढ़ाना' विषय के साथ तीसरा राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई जिसमें डॉ. नितिन आर गायकवाड़ (प्रोफेसर और समन्वयक, एडीआर निगरानी केंद्र, एम्स), डॉ. योगेन्द्र एन केचे (अतिरिक्त प्रोफेसर, एडीआर निगरानी केंद्र, एम्स), डॉ. पुगझेन टी (सहायक प्रोफेसर और उप समन्वयक, एडीआर निगरानी केंद्र, एम्स) शामिल थे।

एम्स के डॉ. नितिन आर गायकवाड़ ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तर्कहीन दवा प्रशासन प्रथाओं और अनुचित प्रशासन तरीकों के कारण होने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जानकारी दी। डॉ. योगेन्द्र एन केचे ने विद्यार्थियों को स्व-चिकित्सा और ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) दवाओं के खतरों के बारे में संबोधित किया, वहीं डॉ. पुगझन टी ने दिखाया कि भारत सरकार को इन प्रतिकूल प्रभावों की रिपोर्ट कैसे दी जाए। डॉ. नितिन आर. गायकवाड़ ने फार्माकोविजिलेंस में कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा पेश किए जाने वाले एक कार्यक्रम/ पाठ्यक्रम फार्म.डी की भूमिका का भी समर्थन किया, जिसमें प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं की निगरानी और रिपोर्टिंग शामिल हैढ्ढ इस सत्र में डी. फार्म, बी. फार्म, फार्म डी तथा एम. फार्म के 100 से अधिक छात्रों ने संकाय सदस्यों के साथ सत्र में भाग लिया।

यह कार्यक्रम फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ संदीप प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का संयोजन श्री सतीश सिरिपिनी (सहायक प्रोफेसर) और सुश्री रजनी यादव (सहायक प्रोफेसर) ने किया। आयोजन समिति में श्री संदीप कुमार मिश्रा, श्री सुदीप मंडल, श्री प्रांजल श्रीवास्तव, सुश्री सेमोंटी नंदी, सुश्री जयश्री स्वर्णकार और श्री शारंग बाली उपस्थित थे।

कलिंगा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के सहायक प्रोफेसर और सत्र आयोजक श्री सतीश सिरिपिनी ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सत्र का समापन किया।

प्रतिभा अलंकरण सम्मान समारोह में 830 बच्चें सम्मानित

आरंग/नवप्रदेश। ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, चदखुरी युवा कांग्रेस द्वारा विकासखंड स्तरीय प्रतिभा अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन नई मंडी प्रांगण में किया गया । इस अवसर पर विकासखंड के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के ऐसे विद्यार्थी जो 70त्न से ऊपर अंक प्राप्त किए हैं उन सभी विद्यार्थियों को क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन डॉ शिवकुमार डहरिया ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह के द्वारा सम्मानित किया तथा छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आरंग विकासखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत केवल प्रोत्साहन की है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है और आरंग विधानसभा में चार अंग्रेजी व हिंदी आत्मानंद विद्यालय खोले गए हैं जिनमे विद्यार्थी निशुल्क अध्यनरत है तथा पालकों को अंग्रेजी शिक्षा के लिए भारी भरकम फीस पटाने से राहत मिलती है। उन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों के अन्य पाठ्य सहगामी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी शुभकामनाएं हमेशा विद्यार्थियों के साथ है कि वे खूब आगे बढ़ेऔर विकासखंड सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन करें उन्होंने शिक्षकों को भी और अधिक बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए एवं अरुंधती देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की छात्राओं ने मंत्री डहरिया को अपने आर्ट का बेहतर नमूना तेल चित्र भी भेट किया। इस अवसर नगर पालिका परिषद आरंग अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष खिलेश देवांगन, जिला पंचायत सदस्य दुर्गा राय, केसरी मोहन साहू, माखन कुर्रे,अनिता थान सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल सिंह साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भारती देवांगन, द्वारिका साहू संचालक अपेक्स बैंक रायपुर, देवनाथ साहु मंडी अध्यक्ष, ओम प्रकाश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत मंदिर हसौद, आजू वंशे अध्यक्ष नगर पंचायत समोदा, रवि शंकर धीवर अध्यक्ष नगर पंचायत चंदखुरी,राजेश्वरी साहू एल्डरमैन एवं विद्यार्थियों के साथ आए हुए प्राचार्य गण, एवं अन्य विद्यार्थी तथा शिक्षक गण, पालकगण की हजारों की संख्या में उपस्थिति रही।

चुनावी तैयारी के मद्देनजर ईव्हीएम का प्रदर्शन

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को ई.व्ही.एम. एवं वीवीपेट के कार्य पद्धति के संबंध में जानकारी देने हेतु आज जिले के शासकीय दुर्वासा निषाद महाविद्यालय अर्जुंदा में ई.व्ही.एम. एवं वीवीपेट का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा ई.व्ही.एम. एवं वीवीपेट के कार्य पद्धतियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों के अलावा कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने साल्हेवारा में प्रतीक्षा सूची से की शिक्षकों की नियुक्ति, कर रहे कार्यभार ग्रहण

■ **जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शिक्षा है, शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है : कलेक्टर**

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के शालाओं में बेहतर शिक्षण व्यवस्था के दृष्टिगत लगातार निरीक्षण किया है। कलेक्टर ने विशेष बैठक के माध्यम से साल्हेवारा में प्रतीक्षा सूची से रिक्त पदों हेतु शिक्षकों की नियुक्तियां कर दी है। नियुक्त शिक्षको ने कार्यभार ग्रहण कर रहे है, सोमवार तक सभी पद भर जाएंगे।

जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शिक्षा है, शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है-कलेक्टर

केसीजी कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले की शिक्षण व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शिक्षा है, आत्मानंद साल्हेवारा में भी शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। ज्ञात हो कि साल्हेवारा आत्मानंद स्कूल के पालकों ने कलेक्टर से शिक्षकों की कमी के चलते मात्र दाल-भात केंद्र होने की शिकायत लेकर आये थे। संज्ञान में आते ही इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने वेटिंग सूची से नियुक्ति आदेश जारी कराई है। पालकों को आश्वश्त किया है कि परेशान होने की आवश्यकता नही है, सभी शिक्षक कार्यभार ग्रहण कर रहे हैं, सोमवार तक सभी पद भर लिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जिले के शिक्षकों की कमी वाले सभी शालाओं में रिक्त पदों को भरने के लिए जानकारी प्राप्त किया गया। इसके पश्चात कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास मद से प्राथमिक शाला, उच्च प्राथमिक शाला और हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी में कुल 107 शिक्षकों को शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के माध्यम से नियुक्ति दिलाई है। ये सभी शिक्षक शालाओं में अध्यापन कार्य कर रहे है। इससे जिला के शिक्षण व्यवस्था बेहतर हुई है।

कार्यरत शिक्षकों के अन्यत्र जाने से हुआ था पद खाली, स्कूल के सभी पदों हेतु दी गई नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के व्ही. राव ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र के आरंभ में आत्मानंद साल्हेवारा ने सभी पदो हेतु नियुक्तियां दी गई थी। शिक्षकों ने कार्यभार ग्रहण कर पढ़ाई शुरू कर दिया था। उनकी नियुक्तियां अन्यत्र होने के कारण पदत्याग कर चले गए। इस कारण शिक्षकों की कमी हुई थी।

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

बीजेपी की परिवर्तन यात्रा के जवाब में 'कांग्रेस' करेगी 'भरोसा यात्रा'

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी की परिवर्तन यात्रा के जवाब में कांग्रेस 2 अक्टूबर से भरोसा यात्रा करने जा रही है। इसमें कांग्रेस भूपेश हैं तो भरोसा है के स्लोगन पर भरोसा यात्रा की शुरूआत करेगी। संभावना है कि 4 अक्टूबर को फिर प्रियंका गांधी इसमें शामिल हो सकती हैं। भरोसा यात्रा के लिए कांग्रेस ने पूरी रणनीति तैयार कर ली है।

इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग-अलग नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस सभी 90 विधानसभा सीटों पर एक साथ भरोसा यात्रा निकालेगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते 5 सालों में जनता के लिए क्या-क्या काम किया है। इसकी पूरी जानकारी यात्रा के जरिए दी जाएगी। शुक्रवार को सुबह से रात तक चली बैठक में ये फैसला लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने यात्रा को लेकर कहा कि, चुनाव को लेकर तैयार की जा रही है। फि लहाल 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के दिन सभी 90 विधानसभा सीटों में भरोसा यात्रा निकालने की रणनीति तैयार की गई है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 4 अक्टूबर को एक बार फि र छत्तीसगढ़ दौरे पर आ सकती हैं। कांकेर में होने वाले पंचायती राज्य सम्मेलन में उनके शामिल होने की संभावना है। प्रियंका का इस साल का अब तक ये चौथा दौरा होगा।

प्रत्याशी चयन के लिए होंगी और बैठकें : कांग्रेस में टिकट के दावेदारों को अभी और इंतजार करना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि मुख्यमंत्री ने मीडिया के सवाल पर यह स्पष्ट कर दिया है कि अभी और बैठकें होंगी। उसके बाद नाम जारी किया जाएगा। भूपेश बघेल के मुताबिक 'हम प्रत्याशी चयन के लिए प्रक्रिया के तहत बैठक करते हैं, अभी और बैठके होंगी। जितने आवेदन ब्लॉक और जिले से आते हैं उस पर चर्चा की जाती है'।

नेताओं को सैलजा की दो टूक गुटबंदी और बगावत पर होगी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। चुनावी साल में बगावती तेवर दिखाने वाले नेता-कार्यकर्ताओं को अब बक्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस बार ऐसे नेताओं पर सख्त कार्रवाई करने के मूड में है। अनुशासन समिति की बैठक में कुमारी सैलजा ने ये निर्देश दिए हैं।

प्रदेश प्रभारी के मुताबिक जो भी पार्टी लाइन से हटकर काम करेगा उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाए। कोई नेता बड़ा या छोटा नहीं माना जायेगा सब पर एक जैसी कार्रवाई होगी। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं जो भी नेता टिकट नहीं मिलने के बाद बयानबाजी करें, उन पर भी तत्काल कार्रवाई हो। पहली बार समझाइश दी जाए उसके बाद भी अगर कोई नेता बगावत करे तो उसे तुरंत नोटिस देकर सस्पेंशन तक की कार्रवाई की जाए। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के कुछ नेताओं ने खुलकर पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला था। रायपुर के एक पार्षद नागभूषण राव को इसी वजह से कारण बताओ नोटिस थमा दिया गया था। वहीं बेमेतरा में तो एक पुराने कांग्रेस नेता सौरभ निर्वाणी को पार्टी से निकाल भी दिया गया था।

कांग्रेस के पास जनता को देने घोटालों के अलावा कुछ नहीं : कौशिक



कोरबा/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली परिवर्तन यात्रा के द्वितिय चरण के तहत कटघोरा में आयोजित आम सभा को संबोधित किये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इन पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण किया है।

कांग्रेस पार्टी के पास भ्रष्टाचार एवं घोटालों के सिवाय जनता को देने के लिए कुछ नहीं है। पिछले चुनाव के पहले कांग्रेस के द्वारा जो घोषणा पत्र बनाई गयी जिसमें न उन्होंने जनता के बारे में सोचा न प्रदेश के लिये सोचा उनका उद्देश्य केवल यह था कि सत्ता में आना है और कैसे भी करके सरकार बनाना है जो घोषणा पत्र जारी किया गया है उसमें यदि 5 सालों के बाद आज हम देखेंगे तो अधिकांश बिन्दु केवल कागजों में पढ़े हुए है। कांग्रेस की इस सरकार ने इन पांच सालों में जनता को छलने एवं उन्हें अपमानित करने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी है, गौठान घोटाला, शराब घोटाला, कोल घोटाला, अवैध उत्खनन, डीएमएफ कि राशि में बंदरबाट, पिएससी के नतीजों में धांधली, इनका भ्रष्टाचार, अराजकता, अन्याय की प्रायोजक बन गई है। यह परिवर्तन यात्रा इस कुशासन से प्रदेश को मुक्त कराने के लिए जनता-जर्नादन का शंखनाद है और निश्चित ही इस परिवर्तन यात्रा से छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होना तय है।

श्री कौशिक ने कहा कि प्रदेश की जनता को वादे पूरे करने वाली सरकार चाहिए। वादा खिलाफी करने वाली नहीं यह पहली ऐसी सरकार है जिन्होंने घोटाला करने में बेजुबान गायों को भी नहीं छोड़ा है, प्रदेश में तरह.तरह के घोटाले किये जा रहे। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे भारत देश को गौरन्वित करने के लिये नए-नए विकास कर रहे है, भारत को विश्व गुरू बनाने अग्रसर है और दुसरी तरह प्रदेश की कांग्रेस सरकार है जिन्होंने अपने फायदे के लिये प्रदेश के 12 लाख लोगों के सर से छत छीन कर बैठी है, उन्हें लाल टेन युग पर ढ़केल रही है।

प्रदेश में आज अपराधी फर्स्ट गेयर पर चल रहे है और प्रदेश सरकार रिवर्स गेयर पर, सत्ता में आने के 10 दिन बाद शराबबंदी करने वाले 2 हजार करोड़ रू के शराब घोटला कर रहे हैं, शराब की नदियां बहा रहे है, धान धन्य से सम्पन्न छत्तीसगढ़ राज्य को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने करोड़ो रु के कर्ज से लाद दिया है और अपने पार्टी विशेष कार्यक्रम में करोड़ों खर्च कर रहें है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की ढ़ाई करोड़ जनता के जुबान में केवल एक ही नारा सुनाई दे रहा है अब अउ नहीं सहबों, दारी बदल के रहिबों परिवर्तन यात्रा में निरंतर मिल रहे अपार जनसमर्थन से स्पष्ट है कि भ्रष्टाचारी और जन विरोधी कांग्रेस सरकार की विदाई निश्चित है। भाजपा की परिवर्तन यात्रा में मिल रहा जनता का आशीर्वाद एवं समर्थन इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि प्रदेशवासियों ने जनविरोधी कांग्रेस सरकार की विदाई सुनिश्चित कर दी है।

कांटे वाले चमच से बासी खाने वाली सरकार को बदलना होगा : अरुण साव

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा की परिवर्तन यात्रा आज नगर पहुंची। इस परिवर्तन यात्रा के बीच गांधी मैदान में आयोजित आम सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव , केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा सांसद चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद चंदूलाल साहू तथा भाजपा के राजिम विधानसभा प्रत्याशी रोहित साहू सहित अनेक संगठन पदाधिकारियों ने संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि कांटे वाले चम्मच से बासी खाने वाली सरकार को अब बदलना होगा। यही परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य है। छत्तीसगढ़ में हम अनेक पीढ़ियों से बासी खाते आ रहे हैं। आप हमें बासी खाना , गेड़ी चढ़ना , भंवरा चलाना मत सिखाइये। आपको छत्तीसगढ़ का विकास करना था , छत्तीसगढ़ में कानून का राज स्थापित करना था , घोषणा पत्र में किये वायदों को पूरा करना था , आप सरकार में आते ही सब भूल गये। अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश, अकबर और ढेबर की सरकार है जो 6 हाथों से छत्तीसगढ़ को लूटने का काम कर रही है। उन्होंने राजिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को विजय श्री दिलाने का आव्हान करते हुये कहा कि अब परिवर्तन का समय है। छत्तीसगढ़ में कानून का राज स्थापित होगा , उत्तर प्रदेश की तरह यहां भी कानून का बुलडोजर चलेगा।

राहुल 'मुहब्बत' की दुकान में नफरत बेच रहे

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने आज राहुल गांधी पर सियासी हमला बोला। साथ ही कांग्रेस की भूपेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान में नफरत बेच रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कवर्धा में भगवा ध्वज का अपमान, कर्फ्यू लगा। बिरनपुर में लव जेहाद का विरोध करने पर भुनेश्वर साहू की बर्बरता से हत्या। हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद बोलने पर भिलाई में मलकीत सिंह की हत्या होना शर्मनाक है। राजधानी रायपुर के हृदय स्थल में एडिशनल एसपी के पार्किंग में नाबालिक के साथ दुष्कर्म आखिर छत्तीसगढ़ में हो क्या रहा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस राज में अपराधियों का जेहादियों का माफियाओं का राज है। हम छत्तीसगढ़ को इस दिशा में जाने नहीं देंगे। कहा, जिस प्रकार से बीजेपी की परिवर्तन की यात्रा को जनता का समर्थन मिल रहा है, उससे कांग्रेस पार्टी घबरा गई है। इसलिए वह भरोसे का यात्रा निकाल रही है।

धान खरीदी में केंद्र का योगदान शून्य : शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी पर भारतीय जनता पार्टी झूठ बोल रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार का धान खरीदी में कोई योगदान नहीं है। धान खरीदी का पूरा का पूरा पैसा राज्य सरकार के द्वारा वहन किया जाता है। राज्य सरकार मार्कफेंड के माध्यम से विभिन्न बैंको से कर्ज लेकर धान खरीदी करती है। किसानों को छत्तीसगढ़ में 2640 रूपये, देश ही नही दुनिया में सबसे ज्यादा कीमत भूपेश सरकार दे रही है। भारतीय जनता पार्टी नेता भ्रम फैलाने के लिये जबरिया वाहवाही लेने के लिये राजनीति कर रहे है। पिछले वर्ष 107 लाख मीट्रिक धान की खरीदी कांग्रेस सरकार ने किया था। यह एक बड़ी उपलब्धि है। 15 साल में रमन सरकार के द्वारा इसका आधा धान ही खरीदा जाता था। इस वर्ष 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। केंद्र का राज्यों से चावल और अन्य अनाज खरीदना और राज्य का अपने किसानों से धान खरीदना दोनों अलग-अलग योजना है। राज्य अपने किसानों को उसकी उपज की पूरी कीमत देने अपने संसाधनों से धान की खरीदी करती है। छत्तीसगढ़ के किसानों से भूपेश सरकार ने 2660 रू. में धान खरीदा है। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि ने तो किसानों को 1000-1200 में धान बेचना पड़ता है। केंद्र सरकार अपनी कल्याण योजनाओं के लिये सस्ते दर पर चावल, गेहूं आदि दुकानों के माध्यम से बांटने के लिये राज्यों से खरीदती है। छत्तीसगढ़ से चावल खरीद कर मोदी सरकार राज्य पर कोई अहसान नहीं करता यह उसकी मजबूरी है। केंद्र को कल्याण योजनाओं के लिये चावल बिना छत्तीसगढ़ का चावल खरीदे संभव नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार यदि 86 लाख टन केंद्र को चावल न दे तो केंद्र सरकार के पास बांटने के लिये चावल का संकट पैदा हो जायेगा। मोदी सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में चावल का भंडार नहीं है। कर्नाटका ने जब अपनी अन्नभाग्य योजना के केंद्र से 35 लाख मीट्रिक टन चावल मांगा तो केंद्र ने मना कर दिया था।

छग को कांग्रेस ने अपराध का गढ़ बनाया : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर में नाबालिक बालिका के साथ 3 लोगों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नीचे, भीड़भाड़ वाले जय स्तंभ चौक में, राजधानी के हृदय स्थल में हुए, सामूहिक बलात्कार की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार ने पौने 5 साल में छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया है छत्तीसगढ़ में अब बालिकाएं भी सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कहा है कि सुकमा में आदिवासी नाबालिक छात्रा, बीजापुर में आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप, जशपुर जिलें में शिक्षिका के साथ गैंगरेप, मंदिर हसौद क्षेत्र में बालिका के साथ गैंगरेप के बाद अब राजधानी रायपुर भी हमारे बच्चियों के लिए सुरक्षित नहीं रही। इससे दुर्भाग्यजनक स्थिति और क्या हो सकती हैं जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के नीचे नाबालिक बच्ची से बलात्कार हो जाए और ऊपर पुलिस को भनक न लगे। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्हें पुलिस का भय भी नहीं। पिछले पौने 5 सालों में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया है। आम आदमी परेशान है, हलाकान है, भय और आतंक में जी रहा है, और अपराधियों के हौसले बुलंद है। पिछले पौने 5 साल में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। पुलिस कार्यालय के नीचे और जय स्तंभ चौक में बलात्कार जैसा अपराध होना यह दर्शाता है कि पुलिस के हौसले पस्त तो है, दूसरी और अपराधी सरकार के संरक्षण में मस्त हैं।

बड़े बदलाव के लिए बड़ी इच्छा शक्ति की जरूरत : भाजपा

नवागढ़/नवप्रदेश। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा राजनीति में महिलाओं को दिये गये 33 प्रतिशत आरक्षण की चारों तरफ तारीफ हो रही है। सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता भी महिलाओं को आरक्षण देने का समर्थन कर रहे हैं। भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय ने कहा कि बड़े बदलाव लाने के लिए बड़ी इच्छा शक्ति की जरूरत होती है।

अब देश की संसद और विधानसभाओं में हमारी बहन-बेटियां देश और प्रदेश को चलाने का काम करेंगी। अपने हिसाब से देश व प्रदेश के कल्याण के लिए नये-नये कानून और योजनाएं बनाएंगी। इसके लिए पूरे देश व प्रदेश की महिलाओं तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को साधुवाद। यह पहला फैसला नहीं है, बल्कि इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने अभूतपूर्व फैसले लेकर दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा सोनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से आए महिला आरक्षण बिल का स्वागत है और यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में अच्छा कदम हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस ओर संसद में बड़ा कदम उठाने के लिए देश के प्रधानमंत्री मोदी बधाई के पात्र हैं। महिला मोर्चा नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष खेमिन बाई साहू, महामंत्री तारकेश्वरी सोनकर, महामंत्री राधा सिन्हा ने कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू होने से संसद, विधानसभाओं में महिलाओं को अपनी बात रखने की ज्यादा जगह मिलेगी और देश-प्रदेश के बदलावों में उनकी हिस्सेदारी होगी। मारो मण्डल अध्यक्ष अमिता बघेल व नेहा तिवारी ने कहा कि यह साहस सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते थे राजनीति में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फैसला ऐतिहासिक है। इस फैसले से राजनीति में पिछले पायदान पर खड़ी महिलाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। खण्डसरा मण्डल अध्यक्ष खेमिन साहू ने कहा कि भाजपा और मोदी है तो सब कुछ संभव है नारी शक्ति वंदन विधेयक पर कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि यह तो कांग्रेस के कार्यकाल का बिल है और कांग्रेस के समय की सोच थी अथवा कांग्रेस ने ही इसकी मांग की थी। मेरा कहना है कि कांग्रेस वालों ने देश पर 49 सालों तक राज किया। अपने इस सपने या मांग को कांग्रेस वालों ने अपने ही राज में क्यों पूरा नहीं किया।

विधायक साड़ी बांटकर लॉली पॉप थमा रहे : कश्यप

जगदलपुर (बकावंड)/नवप्रदेश। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा व जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता सोनसाय कश्यप ने बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल पर लोगों को साड़ी बांटकर चुनावी लॉली पॉप थमाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कि बस्तर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के लोग आज भी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं।

पूरे विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व स्ट्रीट लाइट व्यवस्था लचर है। वृद्धावस्था, विधवा पेंशन का लाभ पात्र लोगों को नहीं मिल रहा है। आवास योजना, बेरोजगारी भत्ता, वनभूमि पट्टा योजना का लाभ पात्र लोगों को नहीं दिया जा रहा है। मक्का की खेती करने वाले किसानों को पर्याप्त कीमत और मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है। विधायक लखेश्वर बघेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे सिर्फ बाहरी लोगों के लिए काम करते हैं। बस्तर के लोगों को न रोजगार दिया है, न अच्छी स्वास्थ्य सुविधा, बेहतर शिक्षा व्यवस्था दी है। वे विधानसभा मंडल में बस्तर हित की एक भी बात नहीं रखते। ऐसे विधायक को जनता कैसे वोट दें? उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी सरकार पर तो रत्ती भर भरोसा नहीं है। 93 पंचायत के मुख्यालय बकावंड का स्वास्थ्य केंद्र आज रिफर सेंटर बन गया है। न पर्याप्त डॉक्टर हैं और न लोगों की बीमारी का इलाज होता है। विधायक लखेश्वर बघेल जुहार भेंट कार्यक्रम में साड़ी बांटकर बस्तर के लोगों को लुभाने में लगे हैं।

ऑस्ट्रेलिया को हराकर वनडे रैंकिंग में पहले पर आया; टी-20, टेस्ट में पहले से टॉप पर

तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बना भारत

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को मोहाली में 5 विकेट से हराया। इस जीत से टीम वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बन गई। टीम टेस्ट और टी-20 फॉर्मेट में पहले से नंबर-1 थी, इस तरह भारत तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बन गया। टीम इंडिया ने पहली बार क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में एक साथ नंबर-1 रैंक अचीव की है। भारतीय टीम ने वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। इस जीत से टीम इंडिया पाकिस्तान को पीछे छोड़कर वनडे रैंकिंग में भी नंबर-1 बन गई। टीम टेस्ट और टी-20 की टीम रैंकिंग में पहले से नंबर-1 है। भारत तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनने वाली दूसरी ही टीम बनी। भारत से पहले साउथ अफ्रीका टीम अगस्त 2012 में ग्रीम स्मिथ की कप्तानी में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनी थी।

दो में से एक वनडे जीतने पर भी टॉप पर रहेगा भारत

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 24 सितंबर को इंदौर और तीसरा मुकाबला 27 सितंबर को राजकोट में खेला जाएगा। आखिरी 2 में से एक भी मुकाबला जीतने पर टीम इंडिया वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर ही रहेगी। इस सिचुएशन में भारत के 116 और पाकिस्तान के 115 पॉइंट्स होंगे। अगर भारत आखिरी दोनों वनडे जीतने में कामयाब हो जाता है, तो टीम पहले नंबर पर अपनी स्थिति और मजबूत कर लेगी। 3-0 से वनडे सीरीज जीतने पर भारत के 118 पॉइंट्स होंगे, जबकि पाकिस्तान 115 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर ही रहेगा। इस कंडीशन में ऑस्ट्रेलिया 109 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर रहेगा।

भारत और पाकिस्तान में एक पॉइंट का अंतर

मोहाली में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद ढ्ढष्टष्ट की वनडे रैंकिंग में टीम इंडिया के 116 पॉइंट्स हो गए। टीम ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया, जिनके 115 पॉइंट्स हैं। भारत से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया को 2 पॉइंट्स का नुकसान हुआ, टीम अब 111 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। भारत के खिलाफ सीरीज के आखिरी 2 वनडे जीतने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया टीम अब नंबर-1 पर नहीं आ सकेगी, लेकिन इस स्थिति में पाकिस्तान नंबर-1 बन जाएगी और भारत नंबर-2 पर आ जाएगी।

टेस्ट और टी-20 में पहले से नंबर-1 है भारत

टीम इंडिया वनडे के साथ टेस्ट और टी-20 दोनों फॉर्मेट में पहले से नंबर-1 पर ही है। टी-20 में टीम के 264 पॉइंट्स है, इस फॉर्मेट में 261 पॉइंट्स के साथ इंग्लैंड दूसरे नंबर पर है। टेस्ट में टीम इंडिया 118 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर है। इस फॉर्मेट की ढ्ढष्टष्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया टीम के भी 118 पॉइंट्स हैं, लेकिन टीम डेसिमल काउंटिंग में भारत से पीछे होने के कारण दूसरे नंबर पर है।

आईसीसी की गलती से नंबर-1 बनी थी भारतीय टीम

टीम इंडिया इस साल फरवरी में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बन चुकी है, लेकिन वह ढ्ढष्टष्ट की गलती से हुआ था। काउंसिल ने चंद घंटों में अपनी गलती सुधार ली थी। टीम इंडिया ऑफिशियली पहली बार ही तीनों फॉर्मेट में एक साथ नंबर-1 बनी है। साउथ अफ्रीका टीम अगस्त 2012 में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनी थी। तब ग्रीम स्मिथ की टीम के कप्तान थे। टीम ने टेस्ट में नंबर-1 बनने के साथ यह अचीवमेंट हासिल की थी। टीम वनडे और टी-20 में पहले से नंबर-1 थी।

बारिश की भेंट चढ़ा भारत-मलेशिया मुकाबला, टीम इंडिया सेमीफाइनल में

हांगझोउ। एशियाई खेल 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मलेशिया के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया लेकिन अधिक वरीयता की वजह से भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

एशियाई खेल में पदार्पण कर रहे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 173/2 का स्कोर बनाया और झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में बारिश के कारण खेल रुकने से पहले मलेशिया का स्कोर 1/0 रहा। एशियाई खेल 2023 में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत शीर्ष वरीयता प्राप्त है। भारत की तरफ से मौजूदा कप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने शानदार शुरुआत की। पहले विकेट के लिए दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। छठे ओवर में स्मृति मंधाना 16 गेंदों पर 27 रन के निजी स्कोर पर माहिरा इज़्ज़ती इस्माइल की गेंद पर कैच आउट हुई। इसके दो गेंद बाद ही

बारिश ने मैच में ख़लल डाल दिया। मैच तक़रीबन एक घंटा और 15 मिनट बाद दोबारा शुरू हुआ। बारिश की वजह से अब यह मैच 20 की जगह 15 ओवर का हो गया। शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स ने तूफानी बल्लेबाजी का मुज़ाहिरा करते हुए तेज़ी से रन बटोरने शुरू किए।

शेफाली वर्मा 67 रन बनाकर मास अलीसा का शिकार बनीं। इसके बाद रिचा घोष ने सात गेंदों पर नाबाद 21 रनों की पारी खेली। जबकि जेमिमा रोड्रिग्स ने 29 गेंदों पर नाबाद 47 रन बनाए। इसके साथ भारत ने 15 ओवर में 173/2 का विशाल स्कोर खड़ा किया। मलेशिया की टीम अपनी पारी में सिर्फ दो गेंद ही बल्लेबाजी कर पाई। बारिश की वजह से मैच को रोकना पड़ा और आखिर में यह मैच अंपायरों द्वारा रद्द घोषित कर दिया गया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अधिक वरीयता के कारण सेमीफाइनल में प्रवेश करने में कामयाब रही। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब अपना सेमीफाइनल मुकाबला रविवार, 24 सितंबर को बांग्लादेश और हांग-कांग टीम के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल-4 मैच की विजेता टीम के साथ खेलेगी। भारत बनाम मलेशिया महिला क्रिकेट : संक्षिप्त स्कोर भारत महिला 15 ओवर में 173/2 (शेफाली वर्मा 67, जेमिमा रोड्रिग्स 47); मलेशिया महिला 0.2 ओवर में 1/0।

वन-डे सीरीज के लिए आस्ट्रेलिया टीम दिल्ली पहुंची

नई दिल्ली। एक दिवसीय विश्व कप से पहले भारत के साथ तीन मैचों की संक्षिप्त वन-डे सीरीज को खेलने के लिए आस्ट्रेलिया की टीम को पहुंच गई। एक दिवसीय मैच 24 सितंबर को इंदौर में होगा। श्रृखंला का तीसरा और आखिरी वनडे 27 सितंबर को राजकोट में खेला जाएगा। विश्व कप से पहले दोनों ही टीमों की यह आखिरी वनडे सीरीज होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप में भी अपने अभियान की शुरुआत 8 अक्तूबर को एक-दूसरे के खिलाफ खेल कर करेंगे। दिल्ली पहुंचने के बाद डेविड वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की जिसमें वह सुरक्षाकर्मी के साथ सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। भारत आने पर स्वागत किए जाने पर हमेशा अच्छा लगता है।अच्छी तरह से सुरक्षा दी जाती है। पैट कमिंस शॉन एबॉट, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लैबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस , डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा।

वीजा में देरी से पाक का प्री- वर्ल्डकप दुबई टूर कैंसिल

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार तक भारतीय वीजा नहीं मिलने की वजह से दुबई के रास्ते भारत आने के प्लान को कैंसिल कर दिया है। अब पाकिस्तान की टीम सीधे हैदराबाद आएगी। क्रिकेट की वेबसाइट क्रिक इंफो ने दावा किया है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच के लिए हैदराबाद पहुंचने की योजना दुबई के रास्ते तैयार की थी। टीम को दुबई में कुछ दिन रूकना था। उसके बाद हैदराबाद में होने वाले प्रैक्टिस मैच के लिए भारत आना था। पाकिस्तान को वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच में 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड

से भिड़ना है। वहीं दूसरा प्रैक्टिस इसी ग्राउंड पर 3 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से भारत में होना है। पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होना है। पाकिस्तान अपने वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ करेगी।

वहीं 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है। पाकिस्तान टीम ने टीम इंडिया के साथ वनडे और टी-20 की बाइलैटरल सीरीज के लिए 2012-13 में भारत का दौरा किया था। उसके बाद दोनों टीमों ने बाइलैटरल सीरीज के लिए एक-दूसरे देश के दौरा नहीं किया है। 25 दिसंबर 2012 और 6 जनवरी 2013 के बीच भारतीय दौरे पर आई पाकिस्तान ने तीन वनडे और 2 टी-20 मैचों की सीरीज खेली थी। हालांकि, पाकिस्तान टीम 2016 में वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय दौरे पर आई थी।

भारत ने मलेशिया को दिया 174 रन का लक्ष्य

हांगझोउ। एशियाई खेल में आज महिला क्रिकेट टी-20 के भारत बनाम मलेशिया के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत ने शेफाली वर्मा 67 रन, जेमिमा रॉड्रिग्ज नाबाद 47 रन और ऋच्चा घोष ने 7 गेंदों में नाबाद 21 रन तूफानी पारी की बदौलत मलेशिया को 174 रन का लक्ष्य दिया है।

टॉस जीतकर मलेशिया ने भारत को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया है। इस वर्षा बाधित 15 ओवर के मुकाबले में भारतीय टीम ने दो विकेट पर 173 रन बनाए। आखिरी ओवर में ऋच्चा घोष ने तूफानी पारी खेलते हुए 20 रन ठोक डाले। भारत के लिए ओपनर स्मृति मंधाना ने 16 गेंद में 27 रन और शेफाली वर्मा ने 39 गेंद में 67 रन बनाए वहीं तीसरे नंबर पर खेलने आई जेमिमा रॉड्रिग्ज ने 29 गेंद में नाबाद 47 रन बनाए। ऋच्चा घोष ने सात गेंदो में नाबाद तूफानी 21 रन की पारी खेली।

कप्तान स्मृति मंधाना (27) रूप में 57 के स्कोर पर भारत का पहला विकेट गिरा है। इसके बाद ओपनर शेफाली वर्मा को 67 रन के स्कोर पर 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर मास एलिसा ने पगबाधा आउट किया।

अक्षय कुमार के साथ फिर एक्शन फिल्म बनाएंगे रोहित शेट्टी

2018 में अक्षय कुमार रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बने थे।उन्होंने रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में मुख्य भूमिका निभाई थी। अपने इस किरदार के साथ वह कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म सिंबा में भी नजर आए थे।इन दिनों रोहित की सिंघम अगेन चर्चा में है, जिसमें कॉपी यूनिवर्स के सभी किरदार निजर आएंगे। इसी बीच खबर है कि रोहित अक्षय के साथ एक अन्य फिल्म के लिए भी साझेदारी करने जा रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, रोहित और अक्षय एक नई फिल्म के लिए साझेदारी करने जा रहे हैं। यह एक एक्शन फिल्म होगी, जिसका निर्देशन मोहित सूरी करेंगे।रोहित, मोहित और अक्षय तीनों काफी समय से इस फिल्म पर चर्चा कर रहे थे। अब आखिरकार तीनों के मनमाफिक स्क्रिप्ट तैयार है।पोर्टल के सूत्र के अनुसार, यह एक एक्शन फिल्म होगी, जिसमें अक्षय का बिल्कुल नया और रोमांचक अंदाज देखने को मिलेगा।

इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट देखने को मिलेगी, क्योंकि कहानी में कई निर्णायक किरदार हैं।रोहित की आगामी फिल्मों में यह शीर्ष पर शुमार है। इसके स्क्रिप्ट और नैरेशन का काम हो चुका है। इसे लेकर औपचारिकाएं भी लगभग पूरी हो चुकी हैं।अब टीम इसकी शूटिंग शेड्यूल को तय करने में लगी है। इसकी शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू हो सकती है। सूर्यवंशी की सफलता के बाद अक्षय और रोहित दोनों इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

रोहित की फिल्म सिंघम अगेन काफी समय से चर्चा में है। एक तरफ सिंघम के प्रशंसक इसे लेकर काफी उत्सुक हैं, वहीं रोहित के लिए भी यह एक महत्वाकांक्षी फिल्म है।सिंघम अगेन में सितारों की फौज नजर आने वाली है। अजय देवगन इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे।फिल्म में दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम के रूप में नजर आएंगी। फिल्म में अक्षय और रणवीर सिंह का कैमियो होगा। फिल्म में टाइगर श्रॉफ के शामिल होने की भी खबरें हैं।

रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय देवगन के साथ 2011 में आई फिल्म सिंघम से हुई थी। इसके बाद 2014 में अजय की सिंघम रिटर्न्स, 2018 में रणवीर सिंह की सिम्बा और 2020 में अक्षय की सूर्यवंशी के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया। अक्षय की बात करें तो उनकी कई फिल्में कतार में हैं।उनकी फिल्म मिनश रानीगंज अक्टूबर में रिलीज होगी।वह बड़े मियां छोटे मियां 2 में टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगे।

बिजनेस

सिस्को ने व्यावसायिक इकाइयों में कर्मचारियों को प्रभावित करने वाली छंटनी का एक और दौर शुरू

वैश्विक नेटवर्किंग दिग्गज सिस्को करेगा छंटनी, 350 कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

सैन फ्रांसिस्को। वैश्विक नेटवर्किंग दिग्गज सिस्को अपने नवीनतम नौकरी कटौती दौर में अगले महीने अमेरिका में सिलिकॉन वैली में 350 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। मार्केट वॉच की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने कैलिफोर्निया के रोजगार विकास विभाग के साथ एक फाइलिंग में इसका खुलासा किया। सिस्को 16 अक्टूबर से सैन जोस में 227 लोगों और पास के मिलपिटास, कैलिफोर्निया में अन्य 123 लोगों की छंटनी करेगा।

कंपनी ने नवंबर 2022 में अपने कार्यबल का लगभग 5 प्रतिशत, लगभग चार हजार नौकरियों की कटौती की घोषणा की थी। राज्य फाइलिंग के अनुसार, इसने मार्च में लगभग 700 सिलिकॉन वैली कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। जुलाई में, सिस्को ने व्यावसायिक इकाइयों में कर्मचारियों को

प्रभावित करने वाली छंटनी का एक और दौर शुरू किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि ये हालिया अधिसूचनाएं नवंबर 2022 में शुरू किए गए पुनर्संतुलन प्रयास का हिस्सा हैं, इसमें हमारे रियल एस्टेट पोर्टफोलियो और हमारे कार्यबल के लगभग 5 प्रतिशत को प्रभावित करने वाला एक सीमित पुनर्गठन शामिल है। नवंबर में की गई छंटनी 600 मिलियन डॉलर की पुनर्गठन योजना का हिस्सा थी। कंपनी ने कहा कि यह पुनर्संतुलन हमारे परिवर्तन में निवेश को प्राथमिकता देने, बदलते प्रौद्योगिकी परिदृश्य में हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने और उनसे आगे निकलने के बारे में है। अगस्त में अपने चौथे तिमाही के नतीजों में, आईटी नेटवर्किंग कंपनी ने कहा कि उसका राजस्व साल-दर-साल 16 प्रतिशत बढ़कर 15.2 बिलियन डॉलर हो गया।

एक साथ 43 पायलटों के इस्तीफे से संकट में एयरलाइन; 700 उड़ानें हो सकती हैं कैंसिल

नई दिल्ली। एविएशन इंडस्ट्री के दिन अच्छे नहीं चल रहे है। अब एक बड़ी खबर आकासा एयर से आ रही है। बताया जा रहा है कि इस एयरलाइन पर बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। चौकानें वाली बात ये हैं कि इस एयरलाइन को केवल 13 महीने पहले ही धूमधाम से लांच किया गया था। बाजार के बिग बुल कहे जाने वाले दिवंगत राकेश झुनझुनवाला के निवेश वाली इस कंपनी की 13 महीने में ही बुरी हालत हो गई है।

कंपनी के 43 पायलटों अचानक एक साथ इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने खुद ये माना है कि उसपर बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट में कंपनी ने कहा कि इस तरह अचानक इतने इस्तीफों से कंपनी बंद होने की कगार पर पहुंच गई है। वहीं अब 700 के करीब फ्लाइटें कैंसिल होने का खतरा मंडरा रहा है।

600 फ्लाइट्स करनी पड़ी कैसिंल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आकासा ने पायलट्स यहां से इस्तीफा देकर एयर इंडिया में ज्वाइन कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन पायलटों नें नोटिस पीरियड क सर्व नहीं किया। आकासा एयर हर रोज 120 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। लेकिन अचानक से इतनी भारी तादाद में इस्तीफो के कारण कंपनी को अगस्त के महीने नें करीब 600 फ्लाइट्स कैसिंल करनी पड़ी। अब कंपनी के पास इस महीने भी फ्लाइट्स को कैसिल करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। विवान उड़ाने के लिए कंपनी के पास पायलट्स की किल्लत हो चुकी है।

भारत के विकास पूर्वानुमान में कटौती, अनियमित बारिश से कृ षि उत्पादन प्रभावित होने का अंदेशा

नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने निर्यात में कमी और अनियमित बारिश के प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए 2023-24 के लिए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास अनुमान को पहले के अनुमानित 6.4 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया, क्योंकि कम बारिश के कारण कृषि उत्पादन प्रभावित होने का अंदेशा है।

हालांकि, एडीबी ने उच्च निजी निवेश और औद्योगिक उत्पादन के दम पर 2024-25 के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रिपोर्ट यह भी

बताती है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। उसे उम्मीद है कि इस वर्ष के शेष और अगले वर्ष के दौरान सरकारी पूंजीगत व्यय में उपभोक्ता विश्वास में सुधार के साथ मजबूत घरेलू खपत और बड़े पैमाने पर निवेश सहित निवेश से विकास को गति मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है, विकासशील अल नीनो के प्रभाव में मानसूनी वर्षा के कारण मौसम का पैटर्न अनियमित हो गया है, जिसमें कुछ क्षेत्रों में बाढ़ और विशेष रूप से अगस्त में कम बारिश शामिल है। अनियमित वर्षा पैटर्न के कारण विशेष रूप से चावल की फसल को नुकसान हुआ है और खरीफ सीजन में दालों की बुआई कम हुई है। इसने कृषि क्षेत्र की वृद्धि के अपने अनुमान में लगभग एक प्रतिशत की कटौती की है।

राजनयिक विवाद के बीच भारत में कनाडाई पेंशन फंडों के शेयरों में गिरावट

नई दिल्ली। भारत-कनाडा राजनयिक तनाव बढ़ने के कारण कनाडाई पेंशन फंडों से निवेश वाली कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई। यह जानकारी मीडिया की खबरों में दी गई।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कोटक महिंद्रा बैंक, ज़ोमैटो, नायका और इंडस टावर्स सहित कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपीआईबी) के पोर्टफोलियो शेयरों में 2.4 प्रतिशत तक की गिरावट आई। दूसरी ओर, डेल्हीवरी 0.5 प्रतिशत ऊपर हरे रंग में था। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड

(एनएसडीएल) के आंकड़ों के मुताबिक, कनाडा से भारत में विदेशी निवेश शीर्ष 10 में शुमार है।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि कनाडा के विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास लगभग 46,306 करोड़ रुपये की भारतीय इक्विटी है। स्टॉक के लिहाज से सीपीपीआईबी की कोटक महिंद्रा बैंक में 2.68 फीसदी, जोमैटो में 2.3 फीसदी, नाइका में 1.47 फीसदी, इंडस टावर्स में 2.18 फीसदी और डेल्हीवरी में 6 फीसदी हिस्सेदारी है। केंद्र सरकार ने बुधवार को कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों के लिए एक सलाह जारी की, जिसमें कहा गया कि कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक रूप से क्षमा किए जाने वाले घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए, वहां रहने वाले सभी लोगों और यात्रा पर विचार करने वालों से आग्रह किया जाता है। अत्यधिक सावधानी बरतें।

महापौर और आयुक्त ने जल भराव इलाको में किया दौरा, लिया जायजा

दुर्ग/भिलाई/ नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में बीते रात से लेकर सुबह तक घंटों लगातार हो रही बारिश के कारण कुछ इलाके जलमग्न हो गए,ऐसे में महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ इलाको में जल-जमाव की समस्या का जायजा लेने पहुँचे। शहर में लगातार बारिश हो रही है।

बारिश के कारण कुछ जगहों में जल जमाव की शिकायत देखी गई। रात से सुबह तक भारी बारिश के कारण पैदा हुई समस्या की जांच के लिए महापौर बाकलीवाल व आयुक्त चन्द्राकर शहर निरीक्षण के लिए निकल पड़े।जहाँ जहाँ जल भराव की समस्या है का जायजा लेने जगहों में पहुच रहे है।शहर में भारी वर्षा के कारण हुई जल भराव से जुड़ी समस्याओ को दृष्टिगत रखते हुए महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं निगम के अधिकारी निरीक्षण कर जन समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे है।महापौर व आयुक्त अधिकारियों के साथ प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

उन्होंने केलाबाड़ी रानी लक्ष्मी बाई चौक का नाला में फसे कचरे को निकलवाया गया। इसके बाद शंकर नगर के पहले अपोलो फार्मेसी के सामने नाला के आस पास पानी बहाव के लिए रास्ता क्लियर करने की बात कही।उन्होंने शंकर नगर दुर्गावती चौक के नाला का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।वार्ड क्रमांक 15 पार्षद उषा ठाकुर के घर के पास बारिश के कारण कच्चा मकान गिर गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने पीड़ित घरवालों से मुलाकात कर उनकी समस्या से रूबरू हुए और मौजूद अधिकारी को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।ताकि पीड़ित परिवार को परेशानियों का सामना न करना पड़े।हेरिटेज स्कूल के सामने नाला एवम शक्ति नगर वार्ड में पानी की निकासी की स्थिति देखे।निरीक्षण के दौरान जल जमाव की समस्या को देखते हुए निगम के कर्मचारियो को युद्ध स्तर पर काम करने को कहा।जिससे कि जल्द से जल्द जल भराव की समस्या का निराकरण किया जा सके।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,जितेंद्र समैया,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,मोहित मरकाम आदि मौजूद रहें।

न्यूज गैलरी

अंगदान के लिए अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

गरियाबंद/नवप्रदेश। देशभर सहित जिले में भी आयुष्मान भवः अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य मेला एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर आकाश छिकारा सहित स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने अंगदान के लिए शपथ ली। सभी ने अपने मृत्यु के बाद दूसरों के लिए उपयोगी शरीर के अंगों एवं ऊतकों का दान करने की प्रतिज्ञा ली। जिससे दान किये हुए अंग जरूरतमंदों की नई जिंदगी की आश बन सके। इस दौरान सीएमएचओ डॉ के.सी. उरांव, सिविल सर्जन डॉ नाग, डीपीएम श्रीमती सोनल ध्रुव, सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सभी विकासखण्ड प्रबंधक तथा सभी स्वास्थ्य सुपरवाईजर मौजूद रहे। शपथ लेते हुए सभी ने कहा कि हमारे देश में प्रतिरक्षण के लिए अंग और ऊतकों की कमी को देखते हुए मैं इस प्रतिज्ञा को लेता/लेती हूं कि मैं अपने परिवार, दोस्तों और साथ नागरिकों को अपनी मृत्यु के बाद अंगों की दान करने के लिए प्रोत्साहित करने के सभी प्रयास करूंगा/करूंगी। इस दौरान कलेक्टर द्वारा सभी को शपथ पश्चात अंगदान के लिए ऑनलाईन माध्यम से आधार कार्ड के सहयोग से भारत सरकार के पोर्टल पर व्यक्तिगत रूप से जानकारी दर्ज करने को कहा गया।

स्वछता प्रबंधन समिति की बैठक 26 को

कोरिया/नवप्रदेश। जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 26 सितम्बर को समय सीमा बैठक के उपरांत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सदस्य सचिव डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रबंधन समिति के सदस्यों को उक्त बैठक उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

250 लीटर अवैध शराब जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। आबकारी विभाग गरियाबंद ने अवैध शराब के मामले में छापामार कार्यवाही करते हुए 2 प्रकरणों में ओड़िसा प्रांत निर्मित कुल 250 लीटर शराब जप्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त देवभोग अंतर्गत ग्राम निष्ठीगुड़ा निवासी पिताम्बर से ओड़िसा प्रांत से एक मोटरसाईकिल में 1 जूट बोरी के अंदर 250 पाउच ट्रिपल घोड़ा छाप उड़िसा प्रांत की कच्ची शराब परिवहन करते हुए बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसी प्रकार वृत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम सुरूंगपानी बांजीपानी उड़िसा मार्ग में जंगल में तालाशी लिये जाने पर एक बोरी में जेब्रा छाप पाउच एवं 4 जरिकेन में भरी हुए 140 बल्क लीटर कुल मात्रा 180 बल्क लीटर ओड़िसा प्रांत की कच्ची शराब बरामद कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि दोनों प्रकरणों में बोरी के अंदर ओड़िसा प्रांत निर्मित कुल 110 बल्क लीटर एवं 4 नग 35-35 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई कुल 140 बल्क लीटर कुल महायोग 250 बल्क लीटर ओड़िसा प्रांत निर्मित देशी कच्ची शराब बरामद की गई। दोनों प्रकरणों में आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

मिनी माता सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

कोरिया/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला या अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष ÷मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसके तहत एक महिला या संस्था को दो लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किए जाने का प्रावधान है। मिनी माता माता सम्मान (महिला उत्थान) वर्ष 2023÷ हेतु इच्छुक महिला या संस्था 7 अक्टूबर 2023 तक महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय बैकुण्ठपुर में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

डेंगू मरीजों के लिए 32 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट पर रखा है। कलेक्टर सिन्हा के नेतृत्व में युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया है। डेंगू के लिए सर्वे के साथ जन-जागरूकता अभियान, दवा का छिड़काव जैसे काम पूरी क्षमता से किया जा रहा है।

इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय रायगढ़ में डेंगू पुष्टि मरीजों हेतु 32 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है आवश्यकता पडने पर अतिरिक्त वार्ड आरक्षित किया जायेगा। पर्याप्त मात्रा में डेंगू आर.डी. कीट आपात कालीन एवं आई.पी.डी.वार्ड में उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है। डेंगू से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला चिकित्सालय रायगढ़ में 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित कर तत्काल कर्मचारियों को कार्यादेश दिया गया है। कंट्रोल रूम का कॉल सेंटर नं. 9444229188 है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जनसामान्य को आगामी 15 दिवस सावधान रहने एवं डेंगू से ना घबराने के लिये अपील की है। स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्त नर्सिंग होम लैब से प्रतिदिन किये गये डेंगू जॉच आरडी किट से पॉजीटिव की जानकारी प्राप्त किया जायेगा। आमजन में प्लेटलेट को लेकर जो भ्रातियॉ है उसे दूर किया जायेगा। हर डेंगू मरीज को प्लेटलेट की आवश्यकता नही होती। जनसामान्य से अनुरोध है कि आर.डी.कीड से जॉच कराने पश्चात् अनावश्यक दबाव ना डालें। 24 घंटे इंतजार करे, मेडिकल कॉलेज रायगढ़ से एलाईजाटेस्ट के परिणाम ही अंतिम मान्य है। प्लेटलेट डोनेशन के लिये वेलेटिंयर्स अपना नाम कंट्रोल रूम में दर्ज करा सकते है। आर.डी.किट द्वारा संदेही मरीजों की जॉच सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क व प्राइवेट में मात्र 200 रुपये में जॉच किया जायेगा।

निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी लैब की समीक्षा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में नर्सिंग होम एक्ट नोडल अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल द्वारा जिले में पंजीकृत समस्त निजी अस्पतालों एवं पैथोलॉजी लैब के संचालक/चिकित्सकों का आज आरोग्यम सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें डेंगू के प्रकरण को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधा प्रदाय किये जाने हेतु निजी अस्पतालों एवं पैथोलॉजी लैब के संचालक/चिकित्सक को आरडी टेस्ट न्यूनतम शुल्क 200 रुपये प्रति जांच के लिए निर्धारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

कंट्रोल रूम स्थापित

डेंगू मरीजों को चिकित्सकीय सलाह और डेंगू प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसमें चिकित्सकीय सलाह हेतु जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी मोबा.नं.94255-75680, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल मोबा. नं.88392-68592, डॉ.पी.के.गुप्ता मोबा.नं.94252-52730, डॉ.प्रकाश चेतवानी मोबा.नं.97526-14877 की ड्यूटी लगायी गयी है। मरीज अथवा उनके परिजन उक्त डॉक्टरों से संपर्क कर सलाह ले सकते है। वहीं डेंगू प्रबंधन के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा मोबा.नं.79877-01654, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी.बस्तिया मोबा.नं.75870-71775 से संपर्क कर सकते है।

रातभर हुई बारिश से शहर जलमग्न निगम निकाल रहा है पानी

भिलाई/नवप्रदेश। शुक्रवार मध्य रात्रि के बाद से हुए घनघोर बारिश के कारण निचली बस्ती तथा शहर के कई स्थानों पर बरसाती जल भराव की शिकायत निगम आयुक्त रोहित विकास को व्हाट्सएप पर मिलने के बाद आयुक्त ने शनिवार सुबह 6 से निगम के अधिकारियों को वर्षा जल के जमाव को खाली करने मौके पर उपस्थित होने को कहा निगम का स्वास्थ्य अमला जोन आयुक्त के साथ अपने जोन क्षेत्र का भ्रमण कर जल भराव को खाली करने में जुटे रहे विशेष कर साकेत कॉलोनी,चंद्र नगर, इंदू आईटीआई, जवाहर नगर, हुडको कोसानगर, खुर्सीपार में नाली तथा नालों में फसे जलकुंभी पेड़ के डंगाल तथा कचरो को हटाकर सफाई किया इसी प्रकार अण्डर ब्रिज में भर पानी को भी खाली करवाया गया आवश्यकता अनुसार सेक्शन यूनिट से भी कॉलोनी के बरसाती पानी को खाली कराया गया संपूर्ण कार्य की निगरानी आयुक्त श्री व्यास लगातार करते रहे और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते रहे।

न्यायालय परिसर में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ

रायगढ़/नवप्रदेश। जिला एवं सत्र न्यायालय, रायगढ़ में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़ के द्वारा उक्त प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ न्यायालय में उपस्थित एक आम पक्षकार के कर कमलो से कराया गया। उक्त प्राथमिक चिकित्सा केंद्र की शुरूआत न्यायालय में आने वाले पक्षकारों-आंगतुकों, अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों और जिला न्यायालय के कर्मचारियों को कार्यालयीन समय सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे के दौरान सामान्य आपातकालीन परिस्थितियों में चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिये किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अरविन्द सिन्हा, समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के प्रशासक श्री सत्येन्द्र सिंह ,स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ मधुलिका सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन रायगढ़ डॉ.आर.एन.मंडावी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती कौशल्या देवांगन, न्यायालय के कर्मचारीगण व पक्षकारगण उपस्थित रहे।

वितरण अभियान में गरीबों को मिलेंगे पट्टे

कोरबा/नवप्रदेश। शहर में गरीबों को शीघ्र ही आवासीय पट्टे बाँटे जाएँगे। छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 के अंतर्गत 15 दिवस में लगभग 15 हजार पट्टे दिए जाएंगे। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने पट्टा वितरण को लेकर आज एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को पट्टा वितरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने बैठक में निर्देशित किया कि अगले सप्ताह 27-28 सितम्बर से शहरी क्षेत्रों में पट्टा वितरण प्रारंभ किया जाए। उन्होंने एसईसीएल, सीएसईबी, सिंचाई विभाग सहित अन्य क्षेत्रों में पट्टा वितरण को लेकर किसी तरह की समस्या आने पर उसका निराकरण करते हुए पात्र लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने कहा है। कलेक्टर ने पाली और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में 1200 से अधिक वन अधिकार पट्टो के वितरण के निर्देश देते हुए छूटे हुए लोगों का सर्वे कराने, ग्राम सभा में प्रस्ताव के आधार पर नाम शामिल करने के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि शासन द्वारा वर्षो से काबिज परिवारों को छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 के अंतर्गत पट्टे वितरित किए जाएंगे। इसके लिए एसईसीएल सहित अन्य क्षेत्रों में वर्षों से रह रहे परिवारों को पात्रतानुसार पट्टा प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के निर्देशन में पट्टे वितरण के लिए प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा आवश्यक तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। शहर में रहने वाले लगभग 15 हजार परिवारों को पट्टा वितरण करने के अलावा पाली और पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्रों के 1200 से अधिक परिवारों को वन अधिकार पट्टे वितरित किए जाएंगे।

पात्र/अपात्र परिवार का होगा निर्धारण

ऐसे व्यक्ति जो छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र प्राप्त करने की पात्रता रखता हो, जो आवासहीन हो, जो संबंधित नगरीय निकाय की मतदाता सूची में दर्ज हो, उसके कुटुम्ब की वार्षिक आय रूपए 2,50,000 (दो लाख पचास हजार रूपये) से अधिक न हो, जिसके कुटुम्ब में कोई व्यक्ति केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या इनके उपक्रम की शासकीय सेवा में चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर) नहीं हो और न ही अधिवक्ता, इंजीनियर, डॉक्टर चार्टर्ड एकाउन्टेड जैसा व्यवसायिक सेवा में हो, और न ही निर्वाचित जन प्रतिनिधि हो तथा उसे या उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य को पूर्व में उसी नगरीय निकाय में कोई शासकीय भूमि आवंटित नहीं की गई हो पात्र होंगे।

सत्यापन हेतु आधार दस्तावेज निम्नानुसार होंगे

भारत निर्वाचन आयोग / राज्य निर्वाचन आयोग की सूची, विद्युत देयक /विद्युत संयोजन का दस्तावेज, टेलीफोन बिल, स्थानीय नगरीय निकाय का संपत्तिकर / समेकित कर पंजी, जलकर भुगतान दस्तावेज, भवन अनुज्ञा / दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के अधीन प्रदत्त पट्टाधृति पट्टे, तथा पाँच वर्ष के पूर्व में जारी आधार कार्ड या ड्राईविंग लाईसेंस।

कब्जे की अतिरिक्त भूमि का व्यवस्थापन कंडिका (3) निर्धारित सीमा से अधिक भूमि होने पर अतिरिक्त भूमि के व्यवस्थापन नहीं कराये जाने की दशा में अतिरिक्त भूमि का कब्जा छोड़े या हटाये जाने पश्चात् ही कब्जाधारी को पट्टे की पात्रता होगी, अन्यथा वह अपात्र माना जायेगा।

नशे में वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के यातायात के बढ़ते दबाव को कम करने तथा वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु जिले के यातायात शाखा प्रभारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। कि रोड पर चलने वाले वाहन चालकों को जागरुक कर यातायात के नियमों की जानकारी प्रदान करें।

साथ ही लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर स्वयं के साथ-साथ जिले वासियों के जान माल का नुकसान करने वाले लापरवाह नशे में धुत वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत उचित धाराओं पर कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। जिससे लापरवाही पूर्वक नशे की हालत में तथा बिना उचित दस्तावेज के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगे साथ ही वाहन दुर्घटनाओं में भी कमी लाया जा सके कहा गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर के मार्गदर्शन पर यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री महेश्वर सिंह द्वारा अभियान चलाकर लगातार जागरूकता के साथ-साथ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही के दौरान लापरवाही पूर्वक नशे के हालत में तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलते पकड़े गये, कुल 24 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 तथा धारा 3/181 के तहत उचित वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा क्रमशः 5000/ रुपये, तथा 5000+5000=10000/ रुपये, का अलग-अलग प्रकरणों में कुल जुर्माना 1,60,000/ रुपये किया गया है। यह कार्यवाही कबीरधाम जिले में लगातार जारी रहेगा।